3 राजधानी
भाजपा ने कई स्थानों पर किया विरोध

6 अभिमत
आखिर कब और कैसे होगा जेलों का उद्धार?

10 विदेश
भारतीय मूल के प्रोफेसर को प्रतिष्ठित मार्कोनी पुरस्कार

11 राष्ट्रीय
खरगे ने विपक्षी एकता का किया आह्वान



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 117
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 2 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




रविचंद्रन अश्विन बने दुनिया के नंबर एक गेंदबाज

स्पोर्ट्स-12

# सुनियोजित शहर देश की किस्मत तय करेंगे: मोदी


- भारत के तेजी से शहरीकरण के साथ ही बुनियादी ढांचे का निर्माण करना भी महत्वपूर्ण
- कहा-जब योजना बेहतर होगी, तो हमारे शहर जलवायु अनुकूल और पानी की दृष्टि से सुरक्षित बनेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सुनियोजित भारतीय शहर देश की किस्मत तय करेंगे। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि अगर आजादी के बाद 75 नियोजित शहर विकसित किए गए होते, आज दुनिया में भारत की जगह कुछ और होती। उन्होंने बजट के बाद आयोजित की जा रही वेबिनार की श्रृंखला में शहरी योजना, विकास और स्वच्छता विषय पर चर्चा के दौरान कहा कि भारत की आजादी के 75 वर्षों में देश में केवल एक या दो नियोजित शहरों का विकास किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के तेजी से शहरीकरण के साथ ही बुनियादी ढांचे का निर्माण करना भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के सुनियोजित शहर ही देश की किस्मत तय करेंगे। जब योजना बेहतर होगी, तो हमारे शहर जलवायु अनुकूल और पानी की दृष्टि से सुरक्षित बनेंगे। उन्होंने शहरी नियोजन और विकास के लिए तीन ध्यान देने वाले क्षेत्रों का उल्लेख भी किया - राज्यों में शहरी नियोजन पारिस्थितिकी तंत्र को कैसे मजबूत किया जाए, शहरी नियोजन के लिए निजी क्षेत्र में उपलब्ध विशेषज्ञता का बेहतर उपयोग कैसे किया जाए और ऐसे उत्कृष्टता केंद्र कैसे विकसित किए जाएं, जो शहरी नियोजन को नए स्तर पर ले जाएं।

सरकार आम बजट 2023-24 की घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विचार-विमर्श करने और सुझाव लेने के लिए बजट के बाद वेबिनार की



एक श्रृंखला आयोजित कर रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि शहरी विकास के मानकों के लिए इस साल के बजट में 15,000 करोड़ रुपए के प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है। उन्होंने भरोसा जताया कि इससे नियोजित शहरीकरण को गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नए शहरों का विकास और मौजूदा शहरों में सेवाओं का आधुनिकीकरण शहरी विकास के दो मुख्य पहलू हैं। मोदी ने कहा कि शहरों की खराब योजना या योजना के बाद उचित कार्यान्वयन की कमी भारत की वृद्धि यात्रा में बड़ी चुनौतियां पैदा कर सकती है और इसलिए परिवहन योजना तथा शहरी बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में बहुत ही ध्यान से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उद्योगों को अपशिष्ट प्रबंधन की क्षमता को अधिकतम करना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि अमृत योजना की सफलता के बाद शहरों में साफ पानी पहुंचाने के लिए नवीकरण और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत 2.0) की शुरुआत की गई। मोदी ने कहा कि कुछ शहरों में इस्तेमाल किए गए पानी को साफ करके औद्योगिक उपयोग के लिए भेजा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में शहरी बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि हमारे नए शहरों को कचरा मुक्त, जलवायु के अनुकूल और पानी के लिहाज से सुरक्षित होना चाहिए। उन्होंने शहरी नियोजन के तहत बच्चों के लिए खेल के मैदान और साइकिल पथ की जरूरत पर भी बल दिया।

# सिसोदिया, जैन की जगह लेंगे आतिशी और सौरभ

- केजरीवाल ने उपराज्यपाल को भेजे दोनों नाम, कैलाश गहलोत और राजकुमार आनंद को बंटे विभाग
- केजरीवाल मंत्रिमंडल में पहली महिला मंत्री बनेंगी आतिशी







**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मंत्रिमंडल में आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक आतिशी और सौरभ भारद्वाज मनीष सिसोदिया तथा सत्येंद्र जैन का स्थान ले सकते हैं। सीएम ने कैबिनेट में नियुक्ति के लिए इन दोनों के नाम उपराज्पाल को भेजे हैं। सिसोदिया और जैन के इस्तीफे के बाद यह कदम उठाया गया है।

आतिशी केजरीवाल मंत्रिमंडल में पहली महिला मंत्री होंगी। वह उस टीम की अहम सदस्य रही हैं जिसे राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के शैक्षणिक सुधारों को लागू करने का जिम्मा सौंपा गया है। भारद्वाज अभी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता है और दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। ग्रेटर कैलाश से विधायक भारद्वाज आप सरकार के पहले कार्यकाल में मंत्री भी थे। कम्प्यूटर विज्ञान इंजीनियर सौरभ भारद्वाज ने उस्मानिया विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक भी किया है। उन्होंने वर्ष 2013 में आम आदमी पार्टी में शामिल होने से पहले कुछ समय तक विदेश में भी काम किया है। आतिशी ने पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से 2019 का लोकसभा चुनाव भी लड़ा था, हालांकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गौतम गंभीर के सामने उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण और उसे लागू करने में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गत रविवार को गिरफ्तार किया था। जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल मई में धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लगातार हमले के बीच मनीष सिसोदिया और सत्येद्र जैन ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिए। इस बीच उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पूर्व मंत्रियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के विभागों को दिल्ली सरकार में मंत्री कैलाश गहलोत और राजकुमार आनंद को आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गहलोत को आठ और आनंद को 10 नए विभाग आवंटित करने का प्रस्ताव एलजी को भेजा था। केजरीवाल ने दोनों मंत्रियों को गृह, स्वास्थ्य और शिक्षा समेत प्रमुख विभाग सौंपे हैं। इसके साथ दो मंत्रियों के पास पहले से मौजूद विभागों की जिम्मेदारी है। दिल्ली सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, कैलाश गहलोत को वित्त, योजना, लोक निर्माण विभाग, बिजली, गृह, शहरी विकास, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण और जल विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कैलाश गहलोत को ये विभाग उनके पास पहले मौजूद विभागों के अतिरिक्त हैं। वहीं राजकुमार आनंद को शिक्षा, भूमि, भवन, सतर्कता विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहले ये विभाग सिसोदिया के पास थे। आनंद को सेवा, पर्यटन, कला, संस्कृति और भाषा, श्रम, रोजगार, उद्योग, स्वास्थ्य विभागों की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। सूत्रों का कहना है कि संभव है कि सीएम केजरीवाल को सीबीआई द्वारा मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करने की आशंका पहले से रही हो। शायद यही वजह हैकि कैलाश गहलोत काफी पहले से मनीष सिसोदिया के साथ बजट की हर बैठकों में भाग ले रहे थे। वहीं आम आदमी पार्टी का कहना है कि दिल्ली के काम प्रभावित नहीं हों इस वजह से सिसोदिया और जैन ने अपने इस्तीफे सौंपे हैं।

# पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में मतगणना आज

- भाजपा का काफी कुछ दांव पर, यह तय होगा कि पार्टी मेघालय और नगालैंड में अपनी पैठ मजबूत करने में सफल हुई या नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्वोत्तर** के तीन चुनावी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए काफी कुछ दांव पर लगा हुआ है। इन राज्यों के चुनावी परिणाम बृहस्पतिवार को सामने आ जाएंगे जो इस बात का संकेत देंगे कि भाजपा ने 2018 में वाम दलों से उनके गढ़ त्रिपुरा को छीनने के बाद से वहां अपनी जड़ें मजबूत की हैं या नहीं।

चुनावी परिणामों से यह भी स्पष्ट होगा कि पूर्वोत्तर के अधिकांश राज्यों की सत्ता पर काबिज भाजपा मेघालय तथा नगालैंड में अपनी पैठ और मजबूत करने में सफल हुई है या नहीं या फिर विपक्ष उसके प्रभाव में सेंध लगाने में कामयाब रहा है। तीन राज्यों में त्रिपुरा ऐसा राज्य है जिस पर राष्ट्रीय स्तर पर सबकी निगाहे हैं क्योंकि वैचारिक रूप से यहां जीत दर्ज करना भाजपा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि क्योंकि पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों कांग्रेस और वाम दलों ने राज्य की 60 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में भाजपा को चुनौती देने के लिए पहली बार हाथ मिलाया है।

राष्ट्रीय दलों के बीच इस लड़ाई में प्रद्योत देबबर्मा के नेतृत्व वाला तीपरा मोथा भी है जो एक प्रदेश की राजनीति में एक प्रभावी ताकत के रूप में उभरा है। जनजातीय आबादी के एक बड़े हिस्से के बीच इसके प्रभाव ने पारंपरिक पार्टियों को परेशान किया है। इसके संस्थापक देबबर्मा पूर्ववर्ती शाही परिवार के वंशज हैं और राज्य की जनजातीय आबादी में उनका खासा प्रभाव माना जाता है। पिछले चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगी इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (शेष पेज 8)

# अतीक के करीबी जफर के मकान पर चला बुलडोजर

**उमेश पाल हत्याकांड**

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**नगर** के धूमनगंज थाना अंतर्गत उमेश पाल हत्याकांड के बाद जारी पुलिस प्रशासन की कार्रवाई के तहत बुधवार को माफिया अतीक अहमद के करीबी जफर अहमद का चकिया स्थित मकान प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) द्वारा गिरा दिया गया।

प्रयागराज विकास प्राधिकरण के सचिव अजित सिंह ने बताया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के लिए पीडीए का बुलडोजर बुधवार की सुबह जफर अहमद के मकान पर पहुंचा और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की, दोपहर तक मकान का ज्यादातर हिस्सा ढहा दिया गया। उन्होंने बताया कि जफर अहमद के मकान का नक्शा पीडीए से पास नहीं कराया गया था और उसे नोटिस बहुत पहले ही भेज दिया गया था। इस मकान में अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन रहती थीं। सिंह ने बताया कि जफर अहमद के मकान को गिराने से पहले मकान के सभी घरेलू सामान बाहर निकाल कर सुरक्षित रख (शेष पेज 8)



प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद के करीबी जफर अहमद के अवैध मकान को तोड़ता बुलडोजर

## अतीक को फर्जी मुठभेड़ में मारे जाने का डर, पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**समाजवादी** पार्टी के पूर्व सांसद और गैंगस्टर अतीक अहमद ने अपनी सुरक्षा के लिए बुधवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया और दावा किया कि उसे और उसके परिवार को प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड मामले में आरोपियों के रूप में गलत तरीके से शामिल किया गया है और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा उसे फर्जी मुठभेड़ में (शेष पेज 8)

## हमले में घायल आरक्षी की मृत्यु

**प्रयागराज।** बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल पर जानलेवा हमले में घायल आरक्षी राघवेंद्र सिंह की बुधवार को लखनऊमें मृत्यु हो गई। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक आर के धीमान ने राघवेंद्र सिंह की मृत्यु की पुष्टि की। शुक्रवार को उमेश पाल पर जानलेवा हमले में उमेश पाल के साथ ही उनके सुरक्षाकर्मी संदीप निषाद की एसआरएन (शेष पेज 8)

**जी-20 भ्रष्टाचार रोधी बैठक**

# भगोड़ों के प्रत्यर्पण के लिए बहुपक्षीय कार्रवाई हो: भारत

- आर्थिक अपराधियों की चोरी की संपत्ति की विदेशों से जब्ती सुनिश्चित की जानी चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**भारत** ने जी-20 देशों के भ्रष्टाचार रोधी कार्य समूह की गुरुग्राम में बुधवार को आयोजित बैठक में भगोड़े आर्थिक अपराधियों का त्वरित प्रत्यर्पण और चोरी की संपत्ति की विदेशों से जब्ती सुनिश्चित करने के लिए द्विपक्षीय समन्वय के बजाय बहुपक्षीय कार्रवाई पर जोर दिया।

भारत द्वारा इस पर जोर दिया जाना महत्वपूर्ण है क्योंकि देश हीरा कारोबारी नीरव मोदी और कारोबारी विजय माल्या सहित भगोड़े आर्थिक अपराधियों को विभिन्न देशों से प्रत्यर्पित कराने का प्रयास कर रहा है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भ्रष्ट लोग अपराध से अर्जित आय को ठिकाने लगाने का एक तरीका ढूंढ़ते हैं और यह ऐसी रकम है, जिसका इस्तेमाल गलत कृत्यों में किया जाता है। सिंह ने कहा, यह आंतकवादी वित्त पोषण के प्रमुख स्रोतों में से एक है। युवाओं का जीवन बर्बाद करने वाले मादक पदार्थों के उत्पादन से लेकर मानव तस्करी तक, लोकतंत्र को कमजोर करने वाली गतिविधियों से लेकर अवैध हथियारों की बिक्री तक, यह काली कमाई कई विनाशकारी कृत्यों का वित्त पोषण करती है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक समुदाय को जी20 देशों के बीच सूचनाओं के सक्रिय आदान-प्रदान के जरिए संपत्ति की जब्ती के लिए और भी तेजी से काम करने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसलिए बेहतर समन्वय, न्यायिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित बनाने और मामलों के समय पर निपटान के लिए द्विपक्षीय समन्वय के बजाय (शेष पेज 8)

# सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का एफसीआरए लाइसेंस निलंबित

- गृह मंत्रालय ने नियमों के उल्लंघन पर की एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गृह** मंत्रालय ने कानूनों के उल्लंघन पर प्रमुख थिंक टैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) का एफसीआरए लाइसेंस छह महीनों के लिए निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) सीपीआर ने एक बयान में कहा कि वह अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करते हुए, कानून का पालन कर रहा है तथा भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक सहित सरकारी प्राधिकारों द्वारा नियमित रूप से जांच और लेखा परीक्षण किया गया है। पिछले साल सितंबर में आयकर विभाग के सर्वेक्षण अभियान के बाद सीपीआर और ऑक्सफैम इंडिया जांच के घेरे में था। अधिकारियों ने बताया कि सीपीआर का विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत लाइसेंस कानूनों के कथित उल्लंघन के कारण निलंबित किया गया है।

ऑक्सफैम का एफसीआरए लाइसेंस पिछले साल जनवरी में निलंबित कर दिया गया था, जिसके बाद गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने गृह मंत्रालय में एक पुनर्विचार याचिका दायर की थी। एफसीआरए के तहत दिए गए लाइसेंस के निलंबन के साथ, सीपीआर विदेश से कोई धन प्राप्त नहीं कर पाएगा। अधिकारियों ने कहा कि सीपीआर के दाताओं में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय, वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट और ड्यूक विश्वविद्यालय शामिल हैं। सीपीआर की वेबसाइट के अनुसार, इसके संस्थापक पई पाणंदीकर हैं और संचालन मंडल के पूर्व सदस्यों में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पूर्व प्रधान न्यायाधीश वाईवी चंद्रचूड़ शामिल रहे हैं। वाई वी चंद्रचूड़ का निधन हो चुका है। अधिकारियों ने कहा कि थिंक टैंक को एफसीआरए कोष के बारे में स्पष्टीकरण और दस्तावेज देने के लिए कहा गया है। सीपीआर का एफसीआरए लाइसेंस अंतिम बार 2016 में नवीनीकृत किया गया था और 2021 में नवीनीकरण कराया जाना था।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,411 | ↑ 448 | |
| निफ्टी | 17,450 | ↑ 146 | |
| सोना | 55,955 | ↑ 475 | /10g |
| चांदी | 63,825 | ↓ 1225 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आंध्र सरकार 3000 मंदिरों का कराएगी निर्माण

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के हर गांव मे एक मंदिर सुनिश्चित करने का प्रयास करते हुए सरकार ने कहा है कि राज्य मे मंदिरो का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री कोट्टू सत्यनारायण ने कहा कि मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के निर्देश पर, हिंदू धर्म की रक्षा और प्रचार के लिए इस पहल की शुरुआत की गई है। सत्यनारायण ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति मे कहा, बड़े पैमाने पर हिंदू धर्म की रक्षा और प्रचार करने के लिए, कमजोर वर्गो के इलाकों मे हिंदू मंदिरो का निर्माण शुरू किया गया है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के श्री वाणी ट्रस्ट ने मंदिरो के निर्माण के लिए प्रत्यक मंदिर को 10 लाख रुपए आवंटित किए है। राज्य मे 1,330 मंदिरो के निर्माण की शुरुआत के अलावा, इस सूची मे अन्य 1,465 मंदिर भी जोड़े गए है।

# रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये महंगा विमान ईंधन के दाम 4 फीसदी घटे

- वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के मूल्य में 350 रुपये की हुई बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रसोई** गैस की कीमत में बुधवार को 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई, जबकि विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में चार प्रतिशत की कटौती हुई है। इसी तरह वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले गैस सिलेंडर की कीमत 350.5 रुपये बढ़ाकर 2,119.5 रुपये प्रति सिलेंडर (19 किलोग्राम) कर दी गई है। रसोई गैस की कीमतों में करीब आठ महीने बाद बढ़ोतरी हुई।

यह वृद्धि पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने के बाद की गई है, जिसकी विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की है। पेट्रोलियम विपणन कंपनी द्वारा जारी मूल्य अधिसूचना में कहा गया कि दिल्ली में एलपीजी या रसोई गैस की कीमत को 1,053 रुपए से बढ़ाकर 1,103 रुपए प्रति सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) कर दिया गया है। यह जुलाई, 2022 के बाद पहली वृद्धि है। वहीं पेट्रोलियम कंपनियों ने विमान ईंधन की कीमत 4,606.50 रुपये प्रति किलोलीटर घटाकर 1,07,750.27 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी है। विमान ईंधन की कीमत हर महीने की पहली तारीख को अंतरराष्ट्रीय कीमतों और विनिमय दर के आधार पर संशोधित की जाती है।

सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने कहा कि 14.2 किलोग्राम के बिना सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,103 रुपये है। सरकार ज्यादातर गैर-उज्ज्वला (शेष पेज 8)

# योगी ने बनाया मुख्यमंत्री पद पर रहने का नया रिकॉर्ड

- पांच साल और 347 दिन से मुख्यमंत्री पद पर हैं, तोड़ा संपूर्णानंद का कीर्तिमान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** की वर्तमान राजनीति में तेजतर्रार राजनेता, कुशल प्रशासक और दमदार छवि वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक अद्वितीय रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के पद पर सबसे ज्यादा समय तक रहने का कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है।

उनसे पहले कांग्रेस के मुख्यमंत्री डॉक्टर संपूर्णानन्द इस पद पर सबसे ज्यादा समय तक रहे। वहीं क्षेत्रीय पार्टियों के नेता चौधरी चरण सिंह, मुलायम सिंह यादव, मायावती और अखिलेश यादव लंबे समय तक सीएम बने रहने के मामले में सीएम योगी के आस-पास भी नहीं दिखाई



पड़ते। योगी की गिनती उन नेताओं में होती है जिनके नेतृत्व में प्रदेश में किसी पार्टी की दूसरी बार सरकार बनी है। उनसे पहले नारायण दत्त तिवारी थे जिनके नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की दोबारा सरकार बनी थी। 25 मार्च 2022 को जब योगी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तो उन्होंने नारायण दत्त तिवारी का 37 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने वर्ष 1985 में अविभाजित उत्तर प्रदेश में दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। वहीं उत्तराखंड बनने के बाद देखा जाए तो योगी प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री हैं जो लगातार दूसरी बार सत्ता पर काबिज हुए हैं।

## दो तिहाई से ज्यादा बहुमत पाने वाली बीजेपी पहली पार्टी

**योगी** के चेहरे पर 2022 के विधानसभा चुनाव में उतरी बीजेपी 255 सीटें जीतने में सफल रही थी। वहीं इससे पहले 2017 में बीजेपी को 312 सीटें प्राप्त हुई थी। इस तरह बीजेपी यूपी में पहली पार्टी बन गई जिसे दो बार दो तिहाई से ज्यादा बहुमत मिला।

इन तमाम बातों के साथ ही योगी मिथक तोड़ने वाले सीएम भी हैं। पहले यह कहा जाता था कि जो मुख्यमंत्री नोएडा जाता है, उसकी कुर्सी चली जाती है। इस डर से कोई मुख्यमंत्री नोएडा नहीं जाता था। योगी मुख्यमंत्री बनने के बाद लगभग 6 वर्ष में 25 बार से ज्यादा बार नोएडा गए। बावजूद इसके उन्होंने दोबारा सीएम पद की शपथ ली। बुधवार को विधान सभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कई मिथक तोड़े जाने की बात की दोहराते हुए सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आप घोषणा के अलावा करते क्या थे, हम लोग संकल्प करते हैं और उसी आधार पर कार्य करते हैं।

कहते थे नोएडा जो जाएगा वो दुबारा नहीं आएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा था कि अब तो पक्का नहीं आएंगे, मैंने कहा था कि डंके की चोट पर आऊंगा। सरकार कैसे कार्य कर रही (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 2 मार्च, 2023



# खेत में मृत मिली नीलगाय, तेंदुए के खतरे से ग्रामीणों में हड़कंप

● पुलिस और वन विभाग की टीम ने घटना स्थल का किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के मसूरी इलाके के स्थित नूरपुर गांव में एक नीलगाय खेत में मरी पड़ी मिली है। ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने तेंदुए को नीलगाय का शिकार करते हुए उसे गन्ने के खेत में खींचते हुए देखा है। शोर मचने पर तेंदुआ भाग निकला। वन विभाग ने खेत में पिंजरा लगा दिया है और मृत नीलगाय के शव को उसी में रख दिया है।

वन विभाग की कई टीमें खेतों में काम्बिंग कर रही हैं। इधर, ग्रामीण भी लाठी-डंडे लेकर पहरा दे रहे हैं। एक किसान ने बताया कि सुबह 9 बजे उन्होंने तेंदुए को नीलगाय को खेत में ले जाते हुए देखा। तेंदुए ने नीलगाय की गर्दन अपने मुंह में दबोच रखी थी और उसको घसीटते हुए गन्ने के खेत के अंदर ले जा रहा था। ये देखकर ग्रामीणों की चीख निकल गई। इसे सुनकर तेंदुआ नीलगाय के शव को छोड़कर भाग निकला। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची। विशेषज्ञों का कहना है कि नीलगाय का वजन काफी होता है। उसे सिर्फ तेंदुए जैसा ही कोई जानवर खींचकर ले जा सकता है। ऐसे में ग्रामीणों की बात काफी हद तक सही लग रही है। डीएफओ मनीष सिंह ने बताया, जिस खेत में तेंदुए ने नीलगाय का शव छोड़ा था, वहीं पर पिंजरा लगा दिया गया है।



मौके पर पुलिस और वन विभाग की टीम छानबीन करती हुई।

## लोगों को किया सतर्क , बच्चों और महिलाओं को खेतों की तरफ न भेजे

*तेंदुए की प्रवृत्ति होती है कि वो जहां जहां शिकार छोड़ता है, वहां दोबारा जरूर आता है। ऐसे में नीलगाय के शव को पिंजरे में ही रख दिया गया है। उम्मीद है कि यहां तेंदुआ जरूर आएगा और पकड़ा जाएगा। फिलहाल ग्रामीणों से कहा गया है कि वे बच्चों को खेतों की तरफ न भेजें और खुद भी अलर्ट रहें। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले 10 फरवरी को गांव त्योड़ी और गांव खिंदौड़ा में भी तेंदुआ देखा गया था। 8 फरवरी को गाजियाबाद कोर्ट परिसर में तेंदुआ घुस आया था, जिसने करीब 10 लोगों को घायल कर दिया था। वो पांच घंटे बाद पकड़ा जा सका था, जिसे सहारनपुर की शिवालिक रेंज में छोड़ दिया गया था। इस घटना के बाद कई दिन तक कोर्ट में फिर तेंदुआ दिखने का हल्ला मचा, लेकिन वो जंगली बिल्ली पाई गई। इसके बाद आरडीसी राजनगर सहित कई इलाकों में तेंदुआ दिखने की बातें सामने आईं, मगर पुष्टि नहीं हो पाई।*

# नोएडा प्राधिकरण हुआ सख्त, हर हाल में 15 अप्रैल तक हटाना होगा ट्विन टावर का मलबा

● प्राधिकरण ने सुपरटेक और डिमोलिशन कंपनी को सुबह 6 बजे से 3 बजे तक काम करने के लिए कहा



फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सुपरटेक को किसी भी कीमत पर 15 अप्रैल तक ट्विन टावर का मलबा हटाना होगा। ये डेडलाइन नोएडा प्राधिकरण ने दी है। प्राधिकरण ने यह स्पष्ट कर दिया कि मलबा हटाने के लिए और समय नहीं दिया जाएगा।

यदि कोई और देरी की सूचना मिली तो वह मौजूदा स्थिति के बारे में उच्चतम न्यायालय को अवगत कराएगा। यूपीपीसीबी द्वारा दूसरे दौर के सर्वेक्षण के दौरान ध्वनि स्तर मानक सीमा से 10 डीबी अधिक पाया गया है। प्राधिकरण ने डेवलपर सुपरटेक और डिमोलिशन कंपनी एडिफिस इंजीनियरिंग को सुबह 6 बजे से 3 बजे के बीच काम करने का निर्देश दिया है।

शोर के स्तर को कम करने के लिए उपयुक्त उपाय करते हुए रात 10 बजे तक वे काम कर सकते है। एडिफिस को नोएडा प्राधिकरण और यूपीपीसीबी को समय-समय पर ध्वनि स्तर पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया था। नोएडा प्राधिकरण के निर्देश पर यूपीपीसीबी ने 20 फरवरी को सेक्टर 93ए स्थित ट्विन टावर डिमोलिशन साइट पर ध्वनि स्तर का दूसरा दौरा का परीक्षण किया। मानकों से अधिक ध्वनि प्रदूषण होने से ट्विन टावर साइट से मलबा हटाने का काम रोक दिया गया था। बेसमेंट राफ्ट को तोड़ना लगभग दो महीने से रुका हुआ है। यूपीपीसीबी द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार 16 अप्रैल तक क्षेत्र से शेष मलबे का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जाए। इसके बाद मलबे के निस्तारण के लिए निर्धारित समय के बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। अगर इस काम में देरी होती है, तो स्थिति के बारे में सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया जाएगा, एक अधिकारी ने कहा।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सुपरटेक के ट्विन टावर को 28 अगस्त को गिरा दिया गया था और उसके बाद तीन महीने का समय मलबा हटाने के लिए दिया गया था। हालांकि, काम पूरा नहीं हो सका, पहले वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए ध्वनि प्रदूषण की शिकायत के बाद रोक लगा दिया गया। इसके अलावा, प्राधिकरण ने डेवलपर को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि 15 मार्च तक ट्विन टावर विध्वंस के दौरान टूटे हुए नौ मीटर के रास्ते से मलबा हटा दिया जाए। डेवलपर को 5 अप्रैल तक 310 मीटर पाथ वे का निर्माण पूरा करना होगा।

## ग्रेटर नोएडा में दुर्घटनाग्रस्त कार के पास मिला युवक का शव

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के सेक्टर 152 स्थित जेपी अमन सोसायटी के पास दुर्घटनाग्रस्त कार के बाहर एक युवक का शव मिला है। परिवार वालों का आरोप है कि सचिन देर रात अपने दोस्तों के साथ घूमने निकला था, उसकी हत्याकर मामले को एक्सीडेंट का रूप देने की कोशिश की गई है। पुलिस का कहना है कि पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान घायल अवस्था में सचिन क्षतिग्रस्त गाड़ी में मिला था।

दुर्घटनाग्रस्त कार सेक्टर 149 स्थित कुंडली बांगर के रहने वाले सचिन की है। परिवार वालों के अनुसार सचिन की शाम को अपने घर से दोस्तों के साथ घूमने गया था। सचिन की पत्नी का कहना है कि सचिन का फोन आया था, उसमें उसने कहा था कि वह अपने दोस्तों के साथ हूं। इसके बाद रात को 2:37 पर उसके मोबाइल से किसी का फोन आया कि सचिन का जेपी अमन एक्सीडेंट हो गया है। परिवार वाले जब मौके पर पहुंचे सचिन मृत अवस्था में मिला।

# पीएनजी पाइपलाइन में लीकेज से भीषण आग

● दमकल विभाग ने 13 लोगों को पीछे के दरवाजे से बाहर निकाला



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में पुलिस लाइन के नजदीक आरकेपुरम में एक घर के गेट पर पीएनजी पाइपलाइन में मंगलवार रात भीषण आग लग गई। आग की लपटें जमीन से निकलकर करीब 15 फीट ऊपर तक उठीं, जिन्हें देखकर हर किसी के रौंगटे खड़े हो गए। उप्र अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कंपनी को अलर्ट मैसेज भेजकर पाइप लाइन में गैस आपूर्ति बंद कराई गई। इसके बाद करीब एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया जा सका। आग कैसे लगी, इसकी विस्तृत जांच पीएनजी कंपनी के इंजीनियर करेंगे।

गाजियाबाद और नोएडा में सप्लाई इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की है। आरकेपुरम में रामबाग फार्म हाउस के सामने शैलेंद्र सिंह का मकान है। इसमें मध्यप्रदेश के श्रीराम व उनके करीब 13 परिजन किराए पर रहते हैं। इस घर में पीएनजी सप्लाई का कनेक्शन गेट पर दिया हुआ था। मंगलवार रात करीब 11 बजे इस पाइप लाइन में अचानक आग लग गई। तेज प्रेशर के साथ आग की लपटें करीब 15 फीट ऊंची उठती दिखाई दे रही थीं। इस मकान में रहने वाला परिवार अंदर ही फंस गया।

मुख्य गेट आग की लपटों में घिर चुका था, इसलिए वहां से निकलना संभव नहीं था। जैसे-तैसे पूरे परिवार को पीछे के रास्ते से सुरक्षित निकाला गया। इधर, आग लगने के बाद पूरे मोहल्ले में दहशत और अफरातफरी का माहौल बन गया।

डर के चलते लोगों ने अपने-अपने घरों में पीएनजी पाइप लाइन की सप्लाई बंद कर दी। इधर, स्थानीय लोगों ने पीएनजी के टोल फ्री नंबर पर कॉल करके इस बात की खबर दी। गाजियाबाद के राकेश कुमार सिंह खुद रात में एक्टिव हो गए। उन्होंने आईजीएल कंपनी के अधिकारियों को फोन करके मामले से अवगत कराया। जिसका असर ये रहा कि गैस सप्लाई पीछे से रोक दी गई। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर आठवीं बटालियन है, से भी रेस्क्यूअर्स मौके पर आ गए। तुरंत ही राहुल पाल के निर्देश पर फायर फाइटर्स की टीम पहुंच गई। कुल मिलाकर इस प्रकरण में सामंजस्य ऐसा रहा कि कुछ ही देर में सारी टीमें पहुंच गईं और फिर आग को बुझा लिया गया। इससे एक बड़ा हादसा होने से बच लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार



नोएडा स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ में दुर्लभ बीमारी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सक।

### दुर्लभ बीमारी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**नोएडा।** नोएडा स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ (पीजीआईसीएच) में मंगलवार को दुर्लभ बीमारी दिवस (रेयर डिजीज डे) के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुर्लभ बीमारियों के निदान को लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने गहन विचार विमर्श किया। ज्ञात रहे कि नोएडा स्थित यह संस्थान आईसीएमआर का एक सहयोगी केंद्र है। इस अवसर पर पीजीआईसीएच के निदेशक डॉ. (ब्रिगेडियर) राकेश गुप्ता, हेमेटोलॉजी-ऑन्कोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. नीता राधाकृष्णन ने अस्पताल में विभिन्न संकायों के अन्य लोगों ने अपनी बात रखी। विशेषज्ञों ने कहा कि दुर्लभ बीमारियों के शीघ्र निदान और उपचार से मरीजों की जान बचायी जा सकती है, लेकिन दुख का कारण है कि जागरूकता के अभाव में ऐसा नहीं हो पा रहा है।

### नोएडा में 4 मार्च को स्लम कार्निवाल होगा

**नोएडा।** जिले भर के स्लम के बच्चों के लिए प्रसारा चैलेंजर्स स्लम कार्निवाल 2023 का आयोजन 4 मार्च को होने जा रहा हैं। इस सबंध में सेक्टर 22ए नोएडा स्थित चैलेंजर्स ग्रुप कार्यालय पर संस्था के सदस्यों ने विभिन्न विशेष मुद्दों पर चर्चा की। चैलेंजर्स ग्रुप अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने बताया कि यह कार्निवाल प्रसारा केयर व चैलेंजर्स ग्रुप के संयुक्त प्रयासों से आयोजित हो रहा हैं। यह कार्निवाल झुग्गी बस्तियों के उन हजारो बच्चों को एक बड़ा मंच देगा जो कई तरह के सपने देखते हैं। इस मौके पर गीतिका, विनय, नीतू, विवेक, रजनी, वैष्णवी, अजीत, भास्कर, स्नेहा, नीलिमा, काजल, राघवेन्द्र आदि मौजूद रहे।

### सर्जरी से घटाया 90 किलो से ज़्यादा वजन



**गाजियाबाद।** हर वर्ष 4 मार्च को विश्व मोटापा दिवस से पहले गाजियाबाद के वैशाली स्थित मैक्स अस्पताल में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मिनिमल एक्सेस, बेरियाट्रिक एंड रोबोटिक सर्जरी के निदेशक डॉ. विवेक बिंदल ने कहा कि कि उन्होंने 206 किलो वजन के कारण सामान्य कामकाज नहीं कर पाने वाले 32 वर्षीय, वैभव जैन की रोबोटिक बेरियाट्रिक सर्जरी कर 17 महीने में 93 किलो वजन कम किया। अब उनका वजन 115 किलो है। इसके अलावा 44 वर्षीय मीनाक्षी की सर्जनी के बाद वजन 113 किलो से घटकर 73 किलो रह गया है। वहीं 168 किलो के 25 साल की देवेन सिंगला के वजन में 55 किग्रा कमी आई है।

## 13 साल पुराने अनुबंध पर बने एफओबी की जांच शुरू

**गाजियाबाद।** शहर में दो नए एफओबी बन गए हैं। यह दोनों ही एफओबी वर्ष 2013 में हुए अनुबंध के आधार पर बनाए गए हैं। इस प्रकरण को लेकर पिछले महीने नगर निगम बोर्ड की सात जनवरी को हुई बैठक में हंगामा हुआ था।

इस प्रकरण के सामने आने के बाद नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने जांच बैठा दी है। जांच अधिकारी अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव को बनाया गया है। हिंडन शमशान घाट हिंडन सामने जीटी रोड और सिद्धार्थ विहार के पास डीपीएस के सामने एफओबी बनाया गया है। हाल ही में इन एफओबी को बनाने के लिए कोई भी एमओयू कंपनियों के बीच नहीं हुआ है। पता चला है कि वर्ष 2013 में शहर में 14 स्थानों पर एफओबी बनाने के लिए कंपनियों के बीच अनुबंध हुआ था। इसके बाद कभी नगर निगम ने न तो इसके लिए टेंडर निकाला और न ही कभी किसी एफओबी के लिए अनुबंध ही निगम की ओर से साइन किया गया है।

## गाजियाबाद संयुक्त अस्पताल की ओपीडी में दूसरे दिन भी बहाल नहीं हुई पानी की सप्लाई

● पाइपलाइन फटने से लोगों को हो रही परेशानी

पायनियर समामचार सेवा। गाजियाबाद

संजयनगर स्थित जिला संयुक्त अस्पताल में पहले बिजली और अब पानी की किल्लत ने मरीजों का हाल बेहाल कर दिया है। पिछले दो दिन से अस्पताल में पाइपलाइन फटने से ओपीडी और इमरजेंसी विभाग सहित बाहरी विंगों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो चुकी है। शौचालयों में पानी नहीं हैं और ना ही उनकी सफाई हो पा रही है।

आलम यह है कि जहां से पानी की पाइप लाइन फट गई है वहां पानी फैला हुआ है। हालांकि अस्पताल प्रशासन द्वारा लाइन को ठीक कराने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा पिछले दस दिन से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी अस्पताल का मुख्य प्रवेशद्वार की सड़क ठीक नहीं हो सकी है।

रास्ता बंद हैं, मरीजों के आने-जाने के लिए छोटा रास्ता खोला गया है इसकी वजह से इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को आने में सबसे अधिक किल्लत हो रही है। सीएमएस डॉ विनोद कुमार चर्तुवेदी ने बताया कि पाइप लाइन जल्द ही ठीक हो जाएगी, लाइन को ठीक करने का काम कराया जा रहा है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जिले को शासन से मिले 27 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

स्वच्छ सर्वेक्षण में शहरों को और प्रभावी बनाने के लिए इस बार गाजियाबाद जिले को शासन की ओर से यूपी एसबीएम द्वारा 26 करोड़ 71 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।

शासन की ओर से डीएम के संयुक्त एकाउंट में यह पैसा दिया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में सर्वोच्च अंक लाने के लिए यह पैसा शासन की ओर से जारी करना एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह पैसा जिले की ग्राम पंचायतों के अलावा नगर पंचायतों, नगर पालिका, नगर पालिका परिषद तथा नगर निगम के बीच वितरित किया जाएगा। इस पैसे को शासन की ओर से क्षतिपूर्ति मद के नाम से जारी किया गया है।

निगम प्रशासन का कहना है कि जल्दी कितना पैसा दिया गया है इसके आवंटन की सूचना मिल जाएगी। शासन की ओर से रिलीज इस पैसे की सूचना मिलते ही निगम अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। दरअसल नगर निगम के पास पैसे की कमी है। ऐसे में शासन से पैसा मिलने से निगम को और राहत मिलेगी।

## अवैध रूप से काटी गई कॉलोनी जीडीए ने ध्वस्त की

**गाजियाबाद।** जीडीए ने एक और अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यह कॉलोनी लोनी में निठौरा रोड स्थित अली गार्डन, हंस गार्डन और इससे सटे इलाके में बसी हुई थी जिसे ज्ञानीए अलीमुद्दीन और बुद्धूखान द्वारा काटा गया था।

जीडीए का कहना है कि यह कॉलोनी खसरा नं. 446 सबदुल्लापुर लोनी में काटी जा रही थी। जीडीए ने यहां करीब 4000 वर्ग मीटर जमीन पर काटी जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। कॉलोनी को विकसित करने के लिए कॉलोनाइजर्स की ओर से बिजली के पोल और साइट ऑफिस भी बनाया गया था।

# केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय को मिली अस्पताल से छुट्टी

● 19 फरवरी को घुटने का हुआ था सफल प्रत्यारोपण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

यशोदा हॉस्पिटल में भर्ती केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय बुधवार को डिस्चार्ज हो गए।

डॉ महेंद्र नाथ पांडेय का हॉस्पिटल में सफल घुटना प्रत्यारोपण हुआ और जिस के बाद वह चल फिर भी पा रहे हैं। डॉ पांडेय का घुटना प्रत्यारोपण आपरेशन 19 फरवरी को हुआ है और अब वह स्वस्थ हो कर घर जा रहे हैं। इलाज कर रही डॉक्टरों की टीम ने बताया उनकी रिकवरी अच्छी हुई है। पांडेय ने हॉस्पिटल के डॉक्टरों, नर्सों और स्टाफ की उनका अच्छे से ध्यान रखने के लिए धन्यवाद किया।

उन्होंने हॉस्पिटल की फिजियोथैरेपी टीम एवं डायटीशियन टीम की भी बहुत तारीफ की। वहीं मौके पर बीजेपी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा भी मौजूद रहे।





स्वस्थ्य होने के बाद साईं बाबा का आशीर्वाद लेते केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय।

## हिमाचल के राज्यपाल शिव शुक्ला हुए स्वस्थ्य

**नोएडा।** हृदय रोग से ग्रसित होने के बाद कैलाश अस्पताल में भर्ती हिमाचल प्रदेश के नवनियुक्त राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

वरिष्ठ प्रबंधक बीवी जोशी ने बताया कि सीने में दर्द की शिकायत पर रविवार रात राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला कैलाश अस्पताल में भर्ती हुए थे। अब वह स्वस्थ्य है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला की सोमवार सुबह एंजियोग्राफी की गई थी। जांच में हृदय की एक धमनी में ब्लाकेज की शिकायत पर डॉक्टरों ने एंजियोप्लास्टी कर स्टेंट डाला।

# सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार

● नौसेना की वर्दी में लेफ्टिनेंट कमांडर बनकर युवाओं को देते थे झांसा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नौ सेना में भर्ती के नाम पर लेफ्टिनेंट कमांडर बनकर वर्दी धारण कर सीधे साधे लोगों से सेना में नौकरी दिलाने के नाम ठगी करने वाले गिरोह के 02 सदस्यों को नोएडा पुलिस और एसटीएफ आगरा के संयुक्त ऑपरेशन के बाद गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से भारतीय नौ सेना के वर्दी बैज आदि बरामद किए गए है।

एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि ये दोनों लोग काफी समय से सक्रिय थे। शिकायत मिलने के बाद आगरा एसटीएफ और नोएडा पुलिस ने जॉइंट आपरेशन चलाया। मुखबिर से सूचना मिलने पर आम्रपाली जोडियक सोसायटी के गेट के पास सेक्टर 120 नोएडा से अतुल माथुर पुत्र कालीचरन निवासी कासगंज को गिरफ्तार किया। इससे पूछताछ में पांच और लोगों के नाम सामने आए। गिरोह में कुल छह लोग काम करते थे। जिसमें से एक और ठग सनी कुमार पुत्र कालीचरन निवासी नगला अस्तल थाना सहावरगेट कासगंज को सेक्टर.120 से आज गिरफ्तार किया गया।




वहीं बृज किशोर, विपिन कुमार, अमित वार्ष्णेय, अजय कुमार फरार है। इनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। ये सभी लोग नौ सेना में भर्ती कराने के नाम पर लोगों से ठगी करते थे।

इनके पास से दो पी कैप इंडियन नेवी, दो पीक कैप व्हाइट कलर इंडियन नेवी ऑफिसर, दो इंडियन नेवी टाई, एक जंगल पैन्ट, तीन जोड़ी इंडियन नेवी जूते डीएमएस, दो कॉम्बैट इंडियन नेवी फुल यूनिफार्म, दो ब्लैक पैन्ट इंडियन नेवी, एक इंडियन नेवी जर्सी, 06 इंडियन नेवी आई कार्ड कवर आदि बरामद किया गया है।

## सरस मेले में श्री अन्न महोत्सव शुरू बनाये गए 20 तरह के पकवान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा नोएडा हाट में चल रहे सरस आजीविका मेले में 1 मार्च से 05 मार्च तक इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर के अवसर पर श्री अन्न महोत्सव मनाया जाएगा। बुधवार को श्री अन्न महोत्सव का उद्घाटन किया गया।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव चरणजीत सिंह ने अन्न महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर राघवेंद्र प्रताप सिंह, निदेशक, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय के उप निदेशक रमन वाधवा, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजीलाल कटारिया, सुधीर कुमार सिंह तथा सुरेश प्रसाद समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यहां महिला समूहों के द्वारा 20 प्रकार के लाइव व्यंजन बनाए गए। जिनका लोगों ने स्वाद चखा और व्यंजनों को सराहा।

भारत में यह उत्सव पहली बार मनाया जा रहा है। उत्सव का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में मिलेट्स मोटा अनाज के प्रोडेक्ट्स को इस्तेमाल करने की जागरुकता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# पहले 80 अब 150 किमी की गति से काम

## शराब नीति तो बहाना है, असली मकसद राजधानी का काम रोकना है : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सत्येंद्र जैन के इस्तीफे के बाद बुधवार को पहली बार मीडिया के सामने आए और जमकर केंद्र सरकार को कोसा। उन्होंने कहा कि देश का नाम रोशन करने वाले दो लोगों को पीएम ने जेल भेजा है।

शराब नीति तो सिर्फ एक बहाना है, इनका असली मकसद दिल्ली के कामों को रोकना है। केजरीवाल ने दिल्ली वालों के भरोसा दिलाया कि वह राष्ट्रीय राजधानी के काम रुकेंगे नहीं देंगे। पहले जो काम 80 की गति से होता था तो अब वह 150 की रफ्तार से दौड़ेगा। सीएम ने दावा किया कि उनके पास प्रतिभा की कमी है। आप गिरफ्तार करोगे और वह उनकी जगह और अच्छे मंत्री बना देंगे। उन्होंने कहा कि मनीष और सत्येंद्र के इस्तीफे के बाद आतिशी और सौरभ भारद्वाज मंत्री बनेंगे और उनका काम संभालेंगे। आम आदमी पार्टी के विधायकों और पार्षदों के साथ बैठक आगे की रणनीति पर चर्चा के बाद संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा को चुनौती देने के अंदाज में कहा आप एक तूफान है।

अब हम रुकने वाले नहीं हैं और हमारा समय आ गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एक-एक घर जाएंगे और लोगों को समझाएंगे कि जैसे इंदिरा गांधी ने अति कर दी थी, वैसे ही प्रधानमंत्री अति कर रहे हैं। केंद्र ने हमारे दो सबसे अच्छे मंत्रियों को गिरफ्तार कर लिया है। सत्येंद्र जैन स्वास्थ्य मंत्री थे और मनीष सिसोदिया हमारे शिक्षामंत्री थे। इन दोनों मंत्रियों पर केवल आम आदमी पार्टी को ही नहीं, बल्कि पूरे देश को गर्व है। जैन ने प्राइमरी स्वास्थ्य देखभाल में मोहल्ला क्लीनिक का एक नया मॉडल दुनिया को दिया, जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। वहीं सिसोदिया ने सरकारी स्कूलों का कायाकल्प किया और उनके स्कूलों को देखने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति की पत्नी आईं।

मनीष ने पूरी दुनिया को शिक्षा का एक मॉडल दिया। इसके बावजूद दोनों को जेल में डाल दिया। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि सवाल उठता है कि आज अगर मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन भाजपा में शामिल हो जाएं, तो क्या कल उनकी रिहाई नहीं हो जाएगी।

वो कल ही छूट जाएंगे और सारे मुकदमें खत्म हो जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एक-एक घर जाएंगे और समझाएंगे और जनता इसका जवाब देगी। दिल्ली की जनता सबकुछ देख रही है और उसके अंदर बहुत रोष है। पूरे देश के अंदर आम आदमी पार्टी के सभी नेता जमीन पर उतर कर नुक्कड़ सभाएं सभाएं और जन संवाद करेंगे।


अरविंद केजरीवाल

### विधायकों और पार्षदों की बैठक में बनी भविष्य की रणनीति

सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी की यह पहली सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण आपात बैठक थी। बैठक में पार्टी नेताओं ने भविष्य की अपनी रणनीति पर विस्तार से बातचीत की। इस दौरान आम आदमरी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली की जनता की राय के बारे में विधायकों और पार्षदों से फीडबैक भी लिया। सबका यही कहना था कि भाजपा की इन साजिशों से वे डरने वाले नहीं हैं और न तो टूटने वाले हैं।

## मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे की तारीख पर विवाद

- सीएम ने दोनों के इस्तीफे 28 फरवरी को एलजी के पास भेजे
- राज निवास कार्यालय के बताया कि जैन के पत्र में 27 फरवरी और मनीष के बिना तारीख के मंगलवार को मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन ने 27 फरवरी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हाथ से लिखा पत्र लिखकर मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। केजरीवाल को लिखे पत्र में जैन ने कहा कि वह उन्हें दिए गए अवसर के लिए आभारी हैं।

उन्होंने पत्र में लिखा कि वह एनसीटीडी दिल्ली सरकार के मंत्री के रूप में अपना इस्तीफा दे रहे है। दिल्ली के लोगों की सेवा करने का मौका पाकर, वह बेहद आभारी हूं।

कृपया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि मनीष सिसोदिया ने अपना इस्तीफा बिना तारीख के और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे पर 27 फरवरी लिखी है। दोनों ही इस्तीफे एलजी के पास 28 फरवरी को भेजे गए। राजनिवास ने दोनों इस्तीफे की तारीख पर सवाल उठाए हैं।

सूत्रों के अनुसार सिसोदिया ने ये इस्तीफा जेल से तो टाइप नहीं किया होगा। तो क्या उन्होंने यह सीबीआई की पूछताछ पर जाने से पहले ही लिख दिया था।

क्या जैन का सादा और हस्तलिखित इस्तीफा उसके बाद लिया गया है। अगर सिसोदिया ने पहले ही इस्तीफा दे दिया था और जैन ने 27 को दिया तो इस्तीफे की घोषणा इतनी देर से क्यों हुई।

## अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं देने का उद्देश्य यथावत: आनंद

**नई दिल्ली।** शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे मंत्री राजकुमार आनंद ने कहा कि दिल्ली के लोगों को अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाएं देने का उनकी पार्टी का उद्देश्य अपरिवर्तित रहेगा। आनंद ने कहा कि उन्होंने सभी विभागों को उनके द्वारा किए गए कार्यों पर पीपीटी तैयार करने को कहा है। आनंद ने कहा कि महज नया चेहरा आ जाने से पार्टी का उद्देश्य नहीं बदलेगा। हम हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा और नागरिकों को शीर्ष स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं देना चाहते हैं। समाज कल्याण मंत्री ने यह भी कहा कि वह दिन के आखिर में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और मुख्यमंत्री जो भी कहेंगे उसके अनुसार कार्य करेंगे। आनंद को उनके मौजूदा विभाग के साथ शिक्षा, भूमि एवं भवन, सतर्कता, सेवा, पर्यटन, कला संस्कृति एवं भाषा, श्रम, रोजगार, स्वास्थ्य एवं उद्योग मामलों के विभाग का कार्यभार मिला है।


राजकुमार आनंद

# प्यादों ने दिया इस्तीफा, सीएम कब देंगे त्यागपत्र: भाजपा

- प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मुख्यमंत्री पर साधा निशाना, घोटाले के लिए बताया जिम्मेदार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे दिल्ली सरकार के दो मंत्रियों के इस्तीफे के बाद भाजपा) ने बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला तेज कर दिया और पूछा कि वह कब त्यागपत्र देंगे।

मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को केजरीवाल मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। दिल्ली सरकार के कुल 33 विभागों में से 18 विभाग संभाल रहे सिसोदिया को सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में रविवार शाम को गिरफ्तार किया था, जबकि फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद जैन को प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल मई में धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था।

भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, प्यादों (मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन) से तो इस्तीफा ले लिया लेकिन जिसने घोटाला करवाया, जिसके निर्देश पर घोटाला हुआ और जिसने घोटाले की रचना की, अरविंद केजरीवाल आप अपना इस्तीफा कब देंगे। भाटिया ने सिसोदिया के इस्तीफे को लेकर भी केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि यह अस्पष्ट है और इससे कई सवाल खड़े होते हैं।

उन्होंने कहा, मनीष सिसोदिया का इस्तीफा पत्र बहुत प्रासंगिक सवाल उठाता है क्योंकि इसमें कोई तारीख नहीं है। क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि आबकारी नीति घोटाले के सरगना अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर संविधान के साथ खिलवाड़ किया है। इस पत्र के सामने आने से उनके तौर-तरीकों के बारे में बहुत कुछ पता चलता है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि केजरीवाल मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद के प्रमुख हैं और वह जारी जांच को प्रभावित करने की स्थिति में हैं, जिसमें उनकी संलिप्तता स्पष्ट है।


गौरव भाटिया

## भाजपा ने कई स्थानों पर किया विरोध



प्रदर्शन करते भाजपा के कार्यकर्ता।

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई ने आप सरकार की रद्द की जा चुकी आबकारी नीति को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करते हुए शहर के विभिन्न इलाकों में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा सदस्यों ने आईटीओ गोलचक्कर के पास विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूछा कि अगर केजरीवाल के मुताबिक उनके मंत्री निर्दोष हैं तो उच्चतम न्यायालय ने उन्हें कोई राहत क्यों नहीं दी और उनके इस्तीफे क्यों स्वीकार कर लिया।


आप मुख्यालय पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

## कांग्रेस का आप कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन, सीएम से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने बुधवार को शहर में आप के कार्यालय के बाहर धरना दिया और सीबीआई द्वारा उपमुख्यमंत्री सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की।

कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अनिल चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर आप के कार्यालय के पास एकत्र हुए और केजरीवाल व सिसोदिया के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि दिल्ली आबकारी नीति को मंजूरी देने के लिए अनिल बैजल के खिलाफ भी जांच हो।

# आग बुझाने के दौरान इमारत ढही 100 दमकल कर्मी बाल-बाल बचे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उत्तरी दिल्ली के रोशनआरा रोड पर स्थित तीन मंजिला इमारत आग लगने के बाद बुधवार को उस समय गिर पड़ी जब आग को बुझाया जा रहा था। घटना में करीब 100 दमकल कर्मी बाल-बाल बच गए और तीन कर्मी मामूली रूप से जख्मी हो गए।

अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि घायल दमकल कर्मियों को नज़दीकी अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें बाद में छुट्टी दे दी गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इमारत में आग लगने के बाद आसपास की इमारतों के लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। उन्होंने कहा कि हालांकि आग फैली नहीं लेकिन आसपास की कम से कम तीन इमारतों में दरार आ गईं। अग्निशमन विभाग ने कहा कि उसे पुलबंगश मेट्रो स्टेशन के पास रोशनआरा रोड पर स्थित एक कारखाने में आग लगने की सूचना मिली थी, जब दल मौके पर पहुंचा तो पाया कि यह कारखाना नहीं बल्कि गोदाम था। जानकारी के अनुसार इसके लिए करीब 100 दमकल कर्मियों को तैनात किया गया।

## दिल्ली में बूंदाबांदी के बावजूद गर्मी बरकरार

नई दिल्ली। दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई लेकिन गर्मी पर इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिला। बुधवार को अधिकतम तापमान जहां सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा रहा तो वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार गुरुगुवार को कुछ इलाकों में बादल छाये रहेंगे, लेकिन इसके बाद से पांच दिन तक आसमान साफ रहेगा। न्यूनतम तापमान में गुरुगुवार से कमी आने की संभावना है।

मौसम विभाग ने बुधवार सुबह तेज हवाएं चलने एवं कुछ इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई थी। सुबह के समय धूप-छांव का खेल चलता रहा। लेकिन दोपहर में तेज धूप निकलने के चलते तापमान बढ़ गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री रहा जो सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री दर्ज किया गया।

# अपहरण-हत्या मामले में 13 साल बाद गिरफ्तारी

- कालका जी में वर्ष 2010 में एक स्कूली बच्चे को अगवा कर मारने का है आरोप, हुलिया बदलकर ठिकाने बदल रहा था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कालका जी में वर्ष 2010 में एक स्कूली बच्चे के अपहरण और हत्या के मामले में वांछित एक व्यक्ति को पुणे में गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान पंजाब के खुद्दा निवासी गुरनाम सिंह उर्फ रंगीला के रूप में हुई है।

वह घटना के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना रूप बदल लिया था। दिल्ली पुलिस आरोपी के ठिकाने की जानकारी देने वाले को 50 हजार रुपये का ईनाम देने की ऐलान किया था। पुलिस के मुताबिक, इंदू देवी नामक एक महिला ने अगस्त 2010 में कालकाजी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि उसका बेटा चंदन उर्फ राहुल स्कूल से घर नहीं लौटा। उसने आरोप लगाया कि 27 अगस्त, 2010 को उनकी बेटी को एक बस कंडक्टर का फोन आया था और उसने बताया कि चंदन का स्कूल बैग उसके बस में पड़ा है। बाद में उसने जब दोबारा उसी नंबर पर फोन करने का प्रयास किया, तो नंबर बंद था। इस दौरान उसे पता चला कि एक छात्र का शव ओखला और तुगलकाबाद रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे लाइन पड़ा था। शव की पहचान अपने चंदन के रूप में की। विशेष आयुक्त रवींद्र सिंह यादव के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए अपहरण और हत्या का केस दर्जकर छानबीन शुरू की गई। इस दौरान तीन आरोपियों की पहचान की गई। ये लोग ब्लूलाइन बस के कर्मचारी थे और मृतक लड़के की पिटाई करने में लिप्त थे।

हालांकि उनमें से कोई भी जांच के लिए नहीं आया सामने नहीं आया है। इसके बाद तीनों को दिल्ली की एक अदालत ने भगोड़ा घोषित कर दिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जो मामले में फरार चल रहा था। इन दोनों से मिली जानकारी के बाद कि गुरनाम को धरा गया। वह अपना हुलिया बदल-बदल कर बार-बार ठिकाने बदल रहा था।

# थानों में सीसीटीवी लगाएं, अदालत के निर्देशों का हो पालन : हाईकोर्ट

- संबंधित याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दिया आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने यहां प्राधिकारियों को उच्चतम न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने की प्रक्रिया पूरी करने का बुधवार को आदेश दिया। अदालत ने शहर के सभी पुलिस थानों में चालू सीसीटीवी कैमरे लगाने संबंधी याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया।

दिल्ली पुलिस ने स्थिति रिपोर्ट में बताया कि पिछले साल जीईएम पोर्टल के जरिए सीसीटीवी कैमरों के लिए ताजा बोलियां आमंत्रित की गई थीं और निविदा आकलन के स्तर पर है और वह निविदा प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने पर काम कर रही है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम पाटिल ने कहा, उपरोक्त स्थिति रिपोर्ट के मद्देनजर बोलियों का आकलन हो लेने दीजिए और सफल बोली लगाने वाले को ऑर्डर दिया जाए ताकि उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित हो सके।

पुलिस ने जनवरी में अदालत को बताया था कि राष्ट्रीय राजधानी के 197 पुलिस थानों में फिलहाल 1,941 सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे हैं और ऑडियो-रिकॉर्डिंग की सुविधा के साथ 2,175 अतिरिक्त कैमरे लगाने के लिए नई ई-बोली आमंत्रित की गई है। शीर्ष अदालत के समक्ष मामला लंबित होने के मद्देनजर उच्च न्यायालय ने मौजूदा मामले में सुनवाई बंद कर दी और कहा कि इस याचिका के संदर्भ में और कोई आदेश देने की आवश्यकता नहीं है और याचिकाकर्ता कानून के तहत उपलब्ध उपाय करने के लिए स्वतंत्र होगा।

इससे पहले, पुलिस ने अदालत में दाखिल एक स्थिति रिपोर्ट में कहा था कि 18 महीने के फुटेज को सुरक्षित रखने की क्षमता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के उच्चतम न्यायालय के दिसंबर 2020 के निर्देश के बाद पुलिस आयुक्त ने इस मामले के जल्द निस्तारण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति बनाई थी। उच्चतम न्यायालय ने 21 फरवरी को केंद्र और राज्य सरकारों को पुलिस थानों और जांच एजेंसियों के कार्यालयों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने के उसके निर्देशों का एक महीने के भीतर पालन करने का निर्देश दिया है।

उसने केंद्र एवं राज्यों की सरकारों को 29 मार्च तक अपने आदेश पर अमल संबंधी हलफनामा दायर करने को कहा था और आगाह किया था कि उसे आदेश का पालन न करने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। याचिकाकर्ता चंद्रिल डबास ने उच्च न्यायालय के समक्ष दायर याचिका में चालू सीसीटीवी लगाए जाने के अलावा यह सुनिश्चित करने के निर्देश देने का भी अनुरोध किया था कि इन कैमरों में फुटेज को कम से कम एक वर्ष या 18 महीने की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जा सके।



## दंगे के मामले में विधायक अमानतुल्लाह खान बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मई 2022 में दक्षिण दिल्ली नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे तोड़-फोड़ अभियान के विरोध के दौरान कथित तौर पर दंगा करने और पुलिसकर्मियों पर पथराव करने के एक मामले में आप के विधायक अमानतुल्लाह खान को बुधवार को बरी कर दिया।

विशेष न्यायाधीश की अदालत के आदेश के खिलाफ खान द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश सुनाया। अदालत ने खान और अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 147 (दंगा करना), 353 (लोक सेवा को अपना कर्तव्य करने से रोकने के लिए हमला करना) और 332 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था।

# आजादपुर मंडी के पास हुई हत्या के मामले में 2 पकड़े

- लूटपाट का विरोध करने पर सीने में चाकू घोंप दिया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आजादपुर मंडी के पास लूटपाट की कोशिश के दौरान 47-वर्षीय शख्स की हत्या करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि आरोपियों की पहचान जहांगीरपुरी निवासी आशू मियां (32) और कमल सिंह (36) के तौर पर हुई है।

महेंद्र पार्क थाने को 22 फरवरी को फोन पर सूचना दी गई कि एक शख्स आजादपुर सब्जी मंडी बस स्टैंड के पास बेहोश पड़ा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की पहचान दिल्ली के बख्तावरपुर के राम परवेश पासवान के तौर पर हुई और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी के मुताबिक, उसके सीने में चाकू घोंपा गया था।

उत्तर पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जितेंद्र मीणा ने कहा कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल करने के बाद पुलिस ने जहांगीरपुरी से मियां को दबोच लिया।

# दिल एम्स पहुंचाने को बनाया हरित कॉरिडोर

- सड़क हादसे के बाद चिकित्सकों ने घोषित कर दिया था ब्रेन डेड
- किडनी, लीवर दो अलग अलग अस्पतालों में भेजा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 32 वर्षीय व्यक्ति का दिल यहां एक मरीज को दान दे दिया गया और उसे यहां एक निजी अस्पताल तथा एम्स के बीच बुधवार को 10 किलोमीटर लंबा हरित कोरिडोर बनाकर मरीज तक पहुंचाया गया। अस्पताल प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। डॉक्टरों ने बताया कि 25 फरवरी की सुबह एक सड़क हादसे के बाद एक व्यक्ति को अत्यधिक गंभीर हालत में वसंत कुंज के फोर्टिस हॉस्पिटल में लाया गया।

उसकी सीटी जांच में दिमाग में गंभीर चोट पहुंचने का पता चला। फोर्टिस हॉस्पिटल की एक प्रवक्ता ने बताया कि डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद मरीज को बचाया नहीं जा सका। उसे ब्रेन डेड (ऐसी अवस्था जब मस्तिष्क काम करना बंद कर दे) घोषित कर दिया गया जिसके बाद उसके परिवार ने उसके अंग दान करने की सहमति दी। प्रवक्ता ने बताया कि अंग बुधवार को तीन अलग-अलग अस्पतालों को भेजे गए। उसके एक गुर्दे का इस्तेमाल अस्पताल में ही किया गया। फोर्टिस हॉस्पिटल ने एक बयान में कहा कि उसका दिल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक मरीज को दान किया गया, यकृत (लीवर) यहां सर गंगा राम हॉस्पिटल को दिया गया तथा गुर्दा किडनी दिल्ली के शालीमार बाग में मैक्स हॉस्पिटल में एक मरीज को दान दिया गया। इसमें कहा गया है कि फोर्टिस हॉस्पिटल से हृदय को एम्स पहुंचाने के लिए हरित कोरिडार बनाया गया और महज 11 मिनट में 10 किलोमीटर की दूरी तय कर ली गई।

जिस मरीज को हृदय दान किया गया है उसकी प्रतिरोपण सर्जरी अब भी एम्स में चल रही है। दिल्ली में 2022 में 30 अंग सफलतापूर्वक प्रतिरोपित किए जाने के साथ ही 11 शव दान किए गए। डॉक्टरों ने बताया कि भारत में हर वर्ष अंग प्रतिरोपण की प्रतीक्षा में सैकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। गलत धारणाओं और जागरूकता की कमी के कारण अंग दानदाताओं की कमी है।

## संक्षिप्त समाचार

### विशेष सेवा पखवाड़ा के दौरान सुविधा समागम

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम उप क्षेत्रीय कार्यालय, ओखला में विशेष सेवा पखवाड़ के दौरान सुविधा समागम का आयोजन किया गया। इसमें हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के साथ जन शिकायतों का निवारण हेतु बीमिक व्यक्ति, आश्रितजन एवं नियोजक उपस्थित हुए। इस मौके पर उप निदेशक (प्रभारी) प्राणेश कुमार सिन्हा, पी के सिंह उप निदेशक (लोक शिकायत), हंस राज (शाखा अधिकारी, हितलाभ) ने सुविधा समागम में आयी शिकायतों का निवारण किया गया। सुविधा समागम में 14 बीमित व्यक्ति, आश्रितजन एवं नियोजक शामिल हुए।

### जीजीएसआईपीयू से संबद्ध कॉलेजों की फीस होगी कम

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण समिति की 11वीं बैठक विशेष रवि की अध्यक्षता में हुई। समिति ने गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्विविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के डिटेल ऑडिट के आधार पर फीस संरचना तय करने और सभी छात्रों के लिए फीस की समीक्षा कर कम करने की सिफारिश की है। छात्रों के लिए शुल्क रियायत सुनिश्चित करने के लिए राज्य शुल्क नियामक समिति को निर्देश दिया है। विधायक विशेष रवि ने कहा कि एससी-एसटी समुदाय के छात्रों के लिए प्राथमिकता के आधार पर फीस में रियायत मिले।

### अतिक्रमण जांच के लिए एनजीटी ने समिति बनाई

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किए जाने और इसे डेयरी फार्मिंग के लिए इस्तेमाल किए जाने के आरोपों की जांच के वास्ते एक समिति का गठन किया है। एनजीटी एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें दावा किया गया था कि कुछ लोगों ने दक्षिण दिल्ली में डीडीए की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और वे वहां डेयरी फार्मिंग कर रहे हैं तथा मवेशियों के कचरे को अवैज्ञानिक तरीके से फेंक रहे हैं जिससे प्रदूषण फैल रहा है।

### ईएसआईसी में 'लैंगिक संवेदीकरण' पर सेमिनार

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2023 पर 'डिजिट ऑल : लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी' विषय पर ईएसआईसी उप क्षेत्रीय कार्यालय ओखला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यालय की महिला अधिकारियों व कर्मचारियों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। सेमिनार में उप निदेशक (प्रभारी) प्राणेश कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे समाज में महिला की उतनी ही गरिमा है जितनी पुरूष की होती है। इस अवसर परपीके सिंह (उप निदेशक), शालिनी गाबा, कार्यालय अधीक्षक, हरनिन्दर कौर, भावना, फतेह चंद सहायक, मनीषा, बिनीता, अंजना अहूजा का विशेष योगदान रहा। सेमीनार में हंसराज, फतेह चंद, संत सिंह, हरनिन्द्र कौर, रोमी कुमारी, मंजू तिवारी, उषा पवार, भावना, विनीता, अंजना अहूजा, बबीता आदि मौजूद थीं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 02 मार्च, 2023



# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार से लड़ने को लिया संकल्प अवश्य सिद्ध होगा : डॉ. जितेंद्र सिंह

## जी-20 की शानदार मेजबानी और गुड गवर्नेंस से हरियाणा को मिली अंतरराष्ट्रीय मंच पर सराहना

### गुरुग्राम में शुरू हुई जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के होटल लीला में जी-20 समूह की बैठक में भाग लेते केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह व विदेशी डेलीगेट्स।

**गुरुग्राम** में एक से तीन मार्च 2023 तक चलने वाली जी-20 शिखर सम्मेलन की एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में हरियाणा सरकार को अच्छी मेजबानी तथा गुड गवर्नेंस के लिए आईटी आधारित सेवाओं से नागरिकों को मिल रही सुविधाओं के लिए प्रशंसा मिली। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे तकनीक के प्रति जागरूक रहते हैं। उन्होंने यह बात जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक का शुभारंभ करने के उपरांत गुरुग्राम में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कही।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में हरियाणा में गुड गवर्नेंस की दिशा में अनेक सफल प्रयोग हुए है। देश के अन्य राज्यों ने भी हरियाणा के सफल कार्यक्रमों का अनुसरण किया है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को इस साल जी-20 देशों की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है। जी-20 समूह की एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप (एसीडब्ल्यूजी) की पहली बैठक में भारत भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस सुनिश्चित करने और वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार से निपटने को लेकर जी-20 प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने के लिए एकीकृत कार्रवाई की फिर से पुष्टि करेगा। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ भारत सरकार की प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान सरकार पर किसी प्रकार के भ्रष्टाचार का दाग नहीं है और बीते आठ वर्षों के दौरान ईडी व अन्य एजेंसियों की कार्रवाई में 180 बिलियन डॉलर काले धन को रिकवर कर देश के विभिन्न बैंकों में वापस जमा किया गया है।

उन्होंने भ्रष्टाचार को एक वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि यह संसाधनों के प्रभावी उपयोग व समग्र प्रशासन को प्रभावित करता है। गरीब व हाशिए पर रहने वाले लोगों को सबसे अधिक प्रभावित करता है। भ्रष्टाचार एक वैश्विक चुनौती है, इसलिए इस पर अंकुश लगाने के प्रयास भी सामूहिक तौर पर होने चाहिए।

उन्होंने भारत की जी-20 अध्यक्षता की विषय वस्तु-वसुधैव कुटुंबकम, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का उल्लेख करते हुए वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार से निपटने की दिशा में जी-20 की प्रतिबद्धताओं को मजबूती देने पर जोर देने की बात भी कही। केंद्रीय राज्य मंत्री ने गुरुग्राम की भूमि को पवित्र मानते हुए उम्मीद जाहिर की है कि इस बैठक में लिए जाने वाले संकल्प आगे चलकर सिद्ध होंगे।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत की जी-20 अध्यक्षता के साथ आगे बढ़ते हुए पहली भ्रष्टाचार-रोधी कार्य समूह की बैठक आयोजित की है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की सचिव राधा चौहान भी उपस्थित रही।

## भ्रष्टाचार के आरोप में विजिलेंस टीम ने दो पुलिस जवान दबोचे



**मेवात।** जिले में एक बार फिर भ्रष्टाचार के मामले में विजिलेंस टीम ने दो पुलिस जवानों को दबोचा है। मंगलवार को ही भ्रष्टाचार से जुड़े चार साल पुराने मामले में कोर्ट ने एक तत्कालीन पुनहाना पुलिस सिटी चौकी प्रभारी सहायक पुलिस निरीक्षक को पांच साल की सजा सुनाई थी तो ताजा मामला पुन्हाना उपमंडल से जुड़ा है। जहां एक नाके पर तैनात दो एसपीओ जवानों को ओवरलोड डम्परों से रिश्वत लेकर छोड़ने के आरोप में दबोचा गया है। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

विजिलेंस निरीक्षक जयपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महेंद्र सिंह और बाबूराम एसपीओ को गिरफ्तार किया गया है। दोनों दो सौ से तीन सौ रुपये की रिश्वत लेकर ओवरलोड डम्परों को छोड़ते थे। दोनों को पुन्हाना के मार्केट नाके से दबोचा गया है। मुकदमा दर्ज कर नियम अनुसार कोर्ट में पेश किया गया है।

## युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाना हमारी जिम्मेदारी: बोधराज सीकरी

### चार स्थानों पर कराया गया हनुमान चालीसा का 15000 बार पाठ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में हनुमान चालीस का पाठ करने के दौरान अपना वक्तव्य रखते समाजसेवी बोधराज सीकरी।

**प्रसिद्ध** समाज सेवी एवं उद्योगपति बोधराज सीकरी की पहल पर संस्कार विहीन होती जा रही युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए चलाई गई आध्यात्मिक मुहिम के तहत चार मंदिरों में हनुमान चालीस का 15000 बार पाठ कराया गया। इससे पूर्व पिछले मंगलवार को चार मंदिरों में 10000 हनुमान चालीसा के पाठ संगीतमय तरीके से किये गए थे।

बोधराज सीकरी ने संकल्प लिया है कि जब तक ईश्वर की इच्छा है, इस मुहिम को आगे बढ़ाया जाएगा। इस मंगलवार को भी बोधराज सीकरी ने चार मंदिरों में हनुमान चालीसा के पाठ का भव्य आयोजन किया। सर्व प्रथम श्रीपीर बाबा मंदिर सेक्टर 12-ए गुरुग्राम में लगभग 100 के करीब महिला, पुरुष, साधकों और श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का पाठ पंडित हरीकेश के संचालन में किया। जिसका समन्वय मंजु शर्मा ने किया। श्री शिव मंदिर कृष्णा कॉलोनी में इस धार्मिक कार्यक्रम का दायित्व धर्मेंद्र बजाज और उनकी धर्मपत्नी ज्योत्सना बजाज ने बोधराज सीकरी के दिशा-निर्देश में निभाया। जिसमें लगभग 325 लोगों ने 21-21 बार पाठ किया। सुरेंद्र खुल्लर प्रधान श्री गीता भवन, न्यू कालोनी एवं श्री केंद्रीय सनातन धर्म सभा ने श्री गीता भवन मंदिर में समन्वयक की भूमिका निभाई। जिसमें पहले सेशन में 75 महिलाओं ने और दूसरे सेशन में शाम 7 बजे 125 पुरुषों के वर्ग ने इस आयोजन को किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर, स्टारेक्स्ट विश्वविद्यालय के उप-कुलपति डॉक्टर अशोक दिवाकर, राम लाल ग्रोवर बाल कृष्ण खत्री सुभाष ग्रोवर उपस्थित रहे।

गढ़ी हरसरू स्थित श्रीवैष्णो देवी दरबार में पूनम माता जी की पुत्री डा. अलका शर्मा ने इस कार्य से प्रेरित होकर फिर से 75 साधकों के साथ 21-21 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। गजेंद्र गोसाई ने समन्वय करके सबके साथ सहयोग किया। चारों मंदिरों में साधकों की संख्या 700 और 15000 हजार बार हनुमान चालीसा का पाठ कर कीर्तिमान स्थापित किया।

बोधराज सीकरी ने सभी मंदिरों में उपस्थित होकर हनुमान चालीसा के पाठ को पढ़ने का तरीका, उसको क्यों पढ़ा जाए, उसके पढ़ने के लाभ और अध्यात्म के ऊपर अपने विचार व्यक्त किए। इस सारे आयोजन में किशोरी लाल डुडेजा, रमेश कामरा, ओपी कालरा, कमल अरोड़ा और जितेंद्र कुमार, द्वारका नाथ का विशेष सहयोग रहा। शिव मंदिर कृष्णा कॉलोनी में इन्दु बाला ने व्यास गद्दी से गायकी के माध्यम से पाठ किया। शशि बजाज, तृप्ता पिपलानी, ज्योति वर्मा, रचना बजाज, ओपी कालरा का भी सहयोग मिला।

## एडब्लूएस ने एडब्लूएस लिफ्ट प्रोग्राम लॉन्च किया

### भारत की एसएमबी को 83,500 अमेरिकी डॉलर (69 लाख रु.) तक का एडब्लूएस प्रमोशनल क्रेडिट उपलब्ध होगा

**नई दिल्ली। आज** एडब्लूएस ने भारत में एडब्लूएस लिफ्ट के लॉन्च की घोषणा की। यह प्रोग्राम एसएमबी को अपना डिजिटल सफर शुरू करने में मदद करेगा। यह प्रोग्राम 80 से 625 करोड़ के वार्षिक राजस्व वाले मीडियम और लार्ज बिजनेसेज का सहयोग करने पर केंद्रित है। इस प्रोग्राम में शामिल होने वाले नए और मौजूदा ग्राहकों को 12 महीनों के लिए एडब्लूएस प्रमोशनल क्रेडिट्स का एक स्टार्टर पैक मिलेगा, जिससे वो एडब्लूएस पर सभी 200 फुली फीचर्ड सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। एडब्लूएस दुनिया का सबसे बड़ा और विस्तृत क्लाउड प्लेटफॉर्म है।

यह प्रोग्राम एसएमबीज को लागत की फिक्र किए बिना एडब्लूएस सेवाओं का लाभ उठाने में मदद करेगा। एडब्लूएस सेवाओं के लिए खर्च किए पहले डॉलर के बिल के साथ ही उनके खाते में 750 अमेरिकी डॉलर (62,000 रु.) के एडब्लूएस प्रमोशनल क्रेडिट अनलॉक हो जाएंगे। एडब्लूएस सेवाओं का उपयोग बढ़ाने पर और ज्यादा एडब्लूएस प्रमोशनल क्रेडिट दिए जाएंगे, जिससे उनका बिल कम होता चला जाएगा। ये क्रेडिट 12 महीनों तक चलेंगे और अधिकतम 83,500 अमेरिकी डॉलर (69 लाख रु.) के प्रमोशनल क्रेडिट लिए जा सकेंगे।

एडब्लूएस ने क्लाउड एडॉप्शन की बाधाओं को दूर किया मौजूदा आर्थिक वातावरण ने बढ़ती महंगाई का सामना करने के लिए सभी बिज़नेसेज़, खासकर सीमित वित्तीय साधनों वाले एसएमबी पर वित्तीय दबाव को बढ़ा दिया है।बिना किसी लॉक-इन की अवधि और हिडन शुल्क के केवल 1 डॉलर के न्यूनतम बिलिंग शुल्क के साथ एडब्लूएस लिफ्ट लागत के भार को दूर करता है। एडब्लूएस पर काम शुरू करने के साथ ही एसएमबी को एडब्लूएस के 'पे एज़ यू गो' मॉडल के लचीलेपन का लाभ मिलेगा, और वो अपना राजस्व बढ़ाने के लिए अपने ऑपरेशन की क्षमता का विकास एवं प्रक्रियाओं में परिवर्तन कर सकेंगे। जनवरी 2020 में एमेजॉन ने 2025 तक भारत में 10 मिलियन एसएमबी को डिजिटाईज़ करने की अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की। पुनीत चंडोक, प्रेसिडेंट ऑफ कमर्शियल बिज़नेस, एडब्लूएस इंडिया एवं साउथ एशिया (एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ इंडिया प्राईवेट लिमिटेड) ने कहा, ''भारत में एडब्लूएस लिफ्ट की आज की घोषणा एसएमबी का सहयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। हम उन्हें इनोवेशन में तेजी लाने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करना चाहते हैं।''

## जी-20 में 20 सदस्य देशों, 10 आमंत्रित देशों व नौ अंतरराष्ट्रीय संगठनों के बीच होगी वार्ता

प्रवीन शर्मा । गुरुग्राम


होटल लीला में जी-20 देशों की बैठक में बोलते केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह।

**यहां** बुधवार से शुरू हुई जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठक में विदेशी प्रतिनिधियों का आवागमन हो चुका है। इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान 20 सदस्य देशों, 10 आमंत्रित देशों और नौ अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के मध्य अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार-रोधी तंत्र को मजबूत करने पर विस्तृत विचार-विमर्श होगा।

इस बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने व आर्थिक अपराधों से निपटने के लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान, भ्रष्टाचार और आर्थिक अपराधों से संबंधित संपत्ति रिकवरी तंत्र को मजबूत करने व आपराधिक मामलों में घरेलू कानून प्रवर्तन अधिकारियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए मौजूदा पारस्परिक कानूनी सहायता ढांचे में सुधार और तंत्र को सरल बनाने पर व्यापक विमर्श किया जाएगा। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह के मुताबिक एसीडब्ल्यूजी की पहली बैठक के तहत सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए आईसीटी का लाभ उठाने पर एक साइड इवेंट भी जारी रहेगा। इसका उद्देश्य पूरे विश्व में भ्रष्टाचार से लड़ने में आईसीटी की भूमिका और भारत की ओर से भ्रष्टाचार को कम करने व इसके समाधान के लिए अपनाई गई नागरिक केंद्रित पहलों के बारे में विस्तार से जानकारी मिलेगी।

## AMAZON.IN के होली शॉपिंग स्टोर के साथ मनाएं रंगों का त्योहार

### पूजा के लिए जरूरी सामान, मिठाई, स्नैक्स, ईकोफ्रेंडली होली के रंग एवं पिचकारी

**नई दिल्ली।** फरवरी 2023 Amazon.in पर खास तौर पर तैयार किए गए होली शॉपिंग स्टोर पावर्ड बाय बेवजिला के साथ होली के मौके पर खुशियों के रंग घर लेकर आइए। इस स्टोर पर आप रंग एवं पिचकारी, सेफ्टी आइटम, पूजा की जरूरत के सामान, फैशन एवं ब्यूटी से जुड़े जरूरी सामान, मिठाई एवं स्नैक्स, वाटरप्रूफ गैजेट्स, एक्सेसरीज आदि जैसी अपनी जरूरत के सभी सामानों पर 70 प्रतिशत तक की छूट पाएं और रंगों से भरपूर होली के मजेदार उत्सव का आनंद लें। इस स्टोर पर ग्राहक बेवजिला, क्रॉक्स, फेरेरो रौशर, फोसिल आदि जैसे ब्रांडों पर बड़ी बचत कर सकते हैं। ग्राहक अमेजन शॉपिंग ऐप (केवल एंड्रॉइड पर उपलब्ध) पर एलेक्सा का उपयोग करके होली स्टोर तक पहुंचने के लिए वॉइस नेविगेशन का उपयोग कर सकते हैं।

इसके लिए यूजर्स को ऐप पर माइक आइकन टैप करना होगा कहना होगा। एलेक्सा, होली शॉपिंग स्टोर पर ले जाएं। और इसी के साथ वे सीधे स्टोर पर पहुंच जाएंगे। इसके साथ ही, ग्राहक अपने प्रियजनों को अमेजन-पे गिफ्ट कार्ड भी उपहार में दे सकते हैं, जिससे वे होली के जश्न को और भी मजेदार बना सकते हैं। इसकी मदद से आपके दोस्तों और परिवार के सदस्यों को फिल्मों और यात्रा टिकटों पर विशेष ऑफर का लाभ उठाने के साथ-साथ अपनी पसंद के प्रोडक्ट खरीदने का मौका मिलता है। यहां कुछ ऐसे उत्पाद हैं, जिन्हें ग्राहक Amazon.in के 'होली शॉपिंग स्टोर' से खरीद सकते हैं। इसमें सेलर्स के ऑफर्स और डील्स शामिल हैं।

**फूल होली गुलाल:** इन स्किन एवं ईकोफ्रेंडली रंगों के साथ पूरे जोश से होली का जश्न मनाएं। ये रंग पूरी तरह से प्रमाणित और हानिरहित हैं। ये रंग एसेंशियल आयल की ताजा बूंदों के साथ मंदिर के फूलों से तैयार किए गए हैं। इस प्रोडक्ट की कीमत 461 रुपये है।

## सुपर वैल्यू डेज़ के दौरान अमेज़न फ्रेश पर शानदार ऑफर्स के संग रंगों का उत्सव मनाएं

### अमेज़ॉन फ्रेश ऑर्डर पर 200 रुपये तक के कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं

**नई दिल्ली।** यह समय होली के त्योहार के साथ रंग-बिरंगे वसंत के आगमन का स्वागत करने का है! निसंदेहए यह सबसे खुशनुमा उत्सव है जो लोगों को एक साथ लाता है और पूरे उमंग और उत्साह के साथ उनका मिलन कराता है। इस उत्सव की सबसे प्यारी बात यह है कि स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों और मिठाइयों के बिना इस उत्सव का आनंद अधूरा लगता है।

गुजिया, ठंडाई, मलाई कुल्फी, मालपुआ और सेब की खीर और रोजमर्रा की पेंट्री जैसे शानदार व्यंजनों के साथ रंगों के इस उत्सव का आनंद कई गुना बढ़ जाता है। अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान कस्टमर अपनी खरीदारी की सभी जरूरतों का सामान यहां से ले सकते हैं, जिसमें ताजे फ ल व सब्जियां, पूजा और पार्टी के जरूरी सामान शामिल हैं। आप इनसे अपनी संपूर्ण होली पार्टी की योजना बना सकते हैं और साथ ही 45: तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। शॉपिंग इवेंट 1 से 7 मार्च तक चलेगा, जिसमें आप ताजे फ ल, सब्जियां, घरेलू जरूरत की चीजों, हर्बल रंग, फू ल, पूजा के आवश्यक सामानए स्नैक्स और पेय पदार्थए स्टेपल और बहुत कुछ पर शानदार ऑफ र्स का फायदा उठा सकते हैं।

कस्टमर्स दावत, फॉर्च्यून, फियामा, लक्मे, एरियल, गोदरेज, एमटीआर सहित अन्य लोकप्रिय ब्रांडों के लिए ऑनलाइन डेस्टीनेशन से सुविधाजनक डिलीवरी विकल्पों के साथ शानदार कीमतों और नए ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं और 4 से 7 मार्च 2023 तक न्यूनतम 2ए500 रुपये के ट्रांजेक्शन पर आईसीआईसीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10: का इंस्टेंट डिस्काउंट और 300 रुपये तक के डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं।

प्राकृतिक प्रीमियम कैलिफोर्निया सूखे बादाम 500 रुपये हमेशा हाथ से चुने हुए कुरकुरे, भरोसेमंद और बेहतरीन स्वाद से भरपूर 100: असली मेवे लाता है। इसके कुरकुरेपन और ताजगी को बनाए रखने के लिए इसे एक रिसिलेबल बैग में रखा जाता है। आप अपनी मनपसंद मिठाई को सजाने या अपनी पूजा की थाली के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं।

## श्रीशीतला माता मंदिर में 9 मार्च से 6 अप्रैल तक होगा चैत्र मेला

**गुरुग्राम।** स्थानीय श्रीशीतला माता मंदिर में 9 मार्च से 6 अप्रैल तक चैत्र मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बोर्ड के मुख्य प्रशासक एवं सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह ने चैत्र मेले के आयोजन को लेकर गुरुवार को मंदिर परिसर में अधिकारियों तथा बोर्ड के सदस्यों की एक बैठक बुलाई है।

उन्होंने बताया कि श्रीशीतला माता मंदिर उत्तर भारत में श्रद्धालुओं में विशेष स्थान रखता है। हरियाणा के अलावा राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में माता के दर्शन करके आशीर्वाद लेने आते हैं। ऐसे में गुरुवार को आयोजित होने वाली बैठक में मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने, शहर के मुख्य आवागमन स्थलों पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखें।

## 40 लाख की कार में पौधे चुराने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


दिल्ली बॉर्डर से पौधे चुराता मनमोह यादव व उसका साथी।

**गुरुग्राम**-दिल्ली बॉर्डर पर जी-20 सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए की गई सजावट से पौधे चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम मनमोहन यादव है, वह गांधी नगर का रहने वाला है।

बता दें कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें किया कंपनी की एक किया कार्निवल (करीब 40 लाख रुपये कीमत की) गाड़ी में दो व्यक्ति गुरुग्राम-दिल्ली सरहौल बॉर्डर पर की गई सजावट से पौधे-गमले उठाकर अपनी गाड़ी में डालकर ले जाते दिख रहे हैं। जी-20 बैठक से संबंधित मामला होने के कारण यह काफी उछला भी। आनन-फानन में जीएमडीए अधिकारी की ओर से आरोपी के खिलाफ गमले चोरी का केस दर्ज कराया गया। वीडियो में उसकी गाड़ी का नंबर-एचआर-20एवी-0006 साफ नजर आ रहा है। उसी के आधार पर उसकी तलाश भी पुलिस ने शुरू की। आखिरकार पुलिस उसे महंगी गाड़ी के मालिक तक पहुंच ही गई। उसकी पहचान गुरुग्राम के गांधी नगर निवासी मनमोहन यादव के रूप में हुई है। वह गाड़ी उसकी पत्नी बीना कुमारी के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने पौधे चोर के साथ गाड़ी और पौधे-गमले भी बरामद कर लिए हैं।


गुरुग्राम के गांव खेड़कीदौला में जनसंपर्क अभियान के दौरान बोलते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल बतरा।

## जी-20 की बैठक से विश्व में गुरुग्राम को मिलेगी नई पहचान : यशपाल

### मुख्यमंत्री ने तकनीक से भ्रष्टाचार पर किया है करारा हमला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** में हो रही जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल बतरा ने कहा कि गुरुग्राम वासियों के लिए यह गौरव की बात है कि इन बैठकों के लिए गुरुग्राम को चुना गया। इन बैठकों से विश्व में गुरुग्राम को नई पहचान मिलेगी। गुरु की पवित्र भूमि से भ्रष्टाचार के खिलाफ लिया गया संकल्प अंजाम तक पहुंचेगा।

वे बुधवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान गांव खेड़की दौला में बोल रहे थे इस मौके पर दिनेश कुमार टांक, प्रभु सिंह, यादराम फौजी, सुरेश कुमार टांक, तेजू टांक, देवेंद्र टांक, दीपक टांक, योगेश सैन, रघुनाथ टांक, सुनील पंचाल, चन्दन सिंह, बाबू लाल आदि लोगों ने बीजेपी नेता बतरा का स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि यशपाल बतरा द्वारा चलाए गए अभियान में उनके साथ हैं। आगामी चुनाव में बीजेपी का कमल खिलाने में सहयोग करेंगे। यशपाल बतरा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल जीरो टोलरेंस की नीति को लेकर चल रहे हैं। सीएम तकनीक को लेकर सदैव अपडेट रहते हैं। यही कारण है कि आज हरियाणा में तकनीकी के कारण लोगों को सरकारी कार्यालयों का चक्कर काटने से छुटकारा मिला है। सीएम ने सबसे पहले दलालों पर करारा वार किया था जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगी थी। सीएम मनोहर लाल का पूरा फोकस गुरुग्राम को दुनिया का सबसे बेस्ट सिटी बनाना है और इसके लिए वे दिन रात काम कर रहे हैं। पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बतरा ने कहा कि जी-20 की बैठकों में भ्रष्टाचार को लेकर मंथन हो रहा है। विदेशी मेहमान जब अपने देश लौटेंगे तो वे गुरुग्राम की भूमि से मनोहर सुशासन का संदेश लेकर जाएंगे।

## जी-20 बैठक से पूर्व विदेशी मेहमानों से योग से की दिन की शुरुआत

### हरियाणा की उपलब्धियों, ऐतिहासिक व पर्यटन से जुड़े केंद्रों की दी मेहमानों को जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के लीला होटल में जी-20 समूह की बैठक के पहले दिन सुबह योग करते विदेशी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

**बुधवार** से यहां लीला होटल में शुरू हुई जी-20 शिखर सम्मेलन के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक के पहले दिन हरियाणा ने अच्छे मेजबान के तौर पर विदेशी प्रतिनिधियों को प्रभावित किया। बैठक में भागीदारी करने पहुंचे डेलिगेट्स के दिन की शुरुआत योग के साथ हुई।

हरियाणा योग आयोग के प्रशिक्षकों ने भारत की योग परंपरा से मेहमानों को रूबरू कराया। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय बैठक के आयोजन स्थल के समीप प्रतिनिधियों को हरियाणा की कला एवं संस्कृति तथा सुशासन आधारित कार्यक्रमों से अपडेट कराने के लिए एक स्टाल भी लगाई गई। बैठक में पहुंचे प्रतिनिधियों ने स्टाल पर आकर उपलब्ध साहित्य व स्क्रीन पर प्रसारित डाक्यूमेंट्री फिल्म के प्रति विशेष रूचि दिखाई। हरियाणा के खिलाड़ियों, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों और राज्य की कला-संस्कृति से मेहमानों को रूबरू कराने के लिए सेल्फी प्वाइंट व डिस्पले बोर्ड भी लगाए गए हैं। हरियाणवी संस्कृति व स्थानीय पर्यटन केंद्रों की जानकारी के लिए सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा ब्रोशर तैयार किया है। हरियाणा की स्टाल पर मेहमानों के लिए यह ब्रोशर उपलब्ध है। इसी तरह हरियाणा सरकार की उपलब्धियों व प्रदेश के गौरवशाली पहलुओं को प्रदर्शनी के माध्यम से विदेशी मेहमानों को दिखाया जा रहा है। बैठक में पहुंचे प्रतिनिधियों ने हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ली वहीं हरियाणा की संस्कृति व विकासात्मक थीम आधारित वीडियो को प्रदर्शनी में देखते हुए भरपूर सराहना की। प्रदर्शनी में दिखाया गया कि सुशासन की दिशा में हरियाणा सरकार का पीपीपी मॉडल देश भर में अनुकरणीय बना हुआ है। वीडियो के माध्यम से स्क्रीन पर अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की झलक भी नजर आ रही है। हरियाणा सरकार की प्रदर्शनी के माध्यम से वसुधैव कुटुंबकम एक धरा-एक परिवार-एक भविष्य के साथ आधारभूत ढांचागत विकास का प्रारूप जी-20 की पहली एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप मीटिंग में देखने को मिल रहा है। सूचना, लोक संपर्क, भाषा व संस्कृति विभाग की ओर से स्क्रीन पर हरियाणा के समग्र विकास यात्रा की वीडियो की प्रस्तुति दिखाते हुए मनोहर सरकार की आठ साल की जनकल्याणकारी योजनाओं की बानगी सामने रखी गई है। वीडियो में उन स्थानों का विवरण विजुअल सहित प्रदर्शित किया जहां पर विदेशी मेहमानों की विजिट होनी है। गुरुग्राम शहर, हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम, सुल्तानपुर नेशनल पार्क व प्रतापगढ़ फार्म हाउस झज्जर जैसे दर्शनीय स्थल शामिल हैं। मीटिंग में भागीदार बने विदेशी मेहमानों को सम्बंधित यात्रा स्थलों का ब्रोशर व विकास की ओर अग्रसर हरियाणा ब्रोशर का वितरण भी किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर हरियाणा प्रदेश की संस्कृति को पेड़नुमा सेल्फी प्वायंट भी आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा, जहां विदेशी धरा से पहुंचे मेहमानों ने उत्साहपूर्वक फोटो सेशन भी किया।

# मोबाइल के ईयरफोन बना रहे लोगों को बहरा : डॉ. अर्जुन

**विश्व श्रवण दिवस पर विशेष**

## कोरोना महामारी के बाद बढ़ रही है बहरेपन के मरीज की संख्या

**कविता।** फरीदाबाद

**अगर** आप भी ईयरफोन का लगातार कई घंटें इस्तेमाल कर रहे हैं तो आप बहरेपन का शिकार हो सकते है। वह बात बीके अस्पताल में तैनात ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. अर्जुन ने कही। उन्होंने पायनियर को बताया कि कोरोना संक्रमण के कारण वर्क फ्रॉम होम की वजह से लोग कई-कई घंटें ईयरफोन का इस्तेमाल कर रहे थे। ईयरफोन लगाकर काम करना अब लोगों की आदत बन चुका है। जिसके कारण लोग बहरेपन के कगार पर पहुंच रहे हैं। रोज दर्जनभर से ज्यादा मरीज बहरेपन होने की शिकायतें लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

**मात्र दो घंटे ईयरफोन:** डॉ. अर्जुन ने बताया कि लगातार बैक-टू-बैक मीटिंग्स, वर्क कॉल्स, संगीत सुनने और फोन पर बातें करने के लिए लोगों को पहले से कहीं ज्यादा ईयरफोन पर निर्भर रहना पड़ रहा है। जो कानों के लिए ठीक नहीं है। बहरेपन से बचाव के लिए दिन में केवल एक से दो घंटे ही ईयरफोन का इस्तेमाल करें। ऐसे में कान में कोई दिक्कत है तो ईएनटी व ऑडियोलॉजिस्ट से सम्पर्क करें।


ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. अर्जुन मरीज के कानो की जांच करते हुए

**बहरेपन का कारण :** डॉ. अर्जुन ने बताया कि पहले केवल किशोर और युवा मनोरंजन के लिए ईयरफोन का उपयोग करते थे। अब बच्चों और बुजुर्गों की भी यही आदत बन चुकी है। इस तरह के उपकरण कानों को गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। कम उम्र में ही लोगों को कम सुनाई देने और बहरेपन की दिक्कतें हो रही हैं। तेज आवाज में इयरफोन के लंबे उपयोग के कारण लोगों में कान से जुड़ी दिक्कतें तेजी से बढ़ती जा रही हैं।

**इनसे रहे दूर:** डॉ. अर्जुन ने बताया कि कई घंटो तक ईयरफोन का इस्तेमाल न करें। वहीं डीजे के सामने अधिक देर तक नहीं रूकना चाहिए। इसके अलावा पटाखों की तेज आवाज और तेज संगीत से दूरी बनाकर रखे। ईयरफोन का इस्तेमाल कम से कम करें। हालांकि यदि आपको इसकी बहुत ज्यादा आवश्यकता रहती है तो ईयर-प्लग की बजाय ओवर-द-हेड ईयरफोन का उपयोग करना बेहतर माना जाता है। इससे कानों के सूखापन और खुजली की समस्या के साथ संक्रमण के जोखिम को भी कम किया जा सकता है। अच्छी क्वालिटी के ईयरफोन का इस्तेमाल करना बेहतर होता है। यदि ईयरफोन के आकार या आवाज के कारण कानों में दर्द हो रहा हो तो उसे तुरंत निकाल दें। कानों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का लोगों ने उठाया लाभ


कार्यक्रम में शामिल चिकित्सक व अन्य स्टॉफ

**फरीदाबाद।** शांति देवी मेमोरियल हॉस्पिटल ने रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद आस्था के सहयोग से सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, फरीदाबाद के परिसर में दो दिवसीय निःशुल्क कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। दो दिवसीय शिविर के मुख्य आकर्षण थे- मुफ्त मैमोग्राफी परामर्श, एक्स-रे, यूएसजी, पैप स्मीयर। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ गरिमा (चिकित्सा निदेशक), दीपक गुप्ता सचिव और रोटेरियन, डॉ आरके दुआ (चिकित्सा अधीक्षक), डॉ विशाल जुनेजा (सीईओ), डॉ सीएम मढ़िया (प्राचार्य और विभिन्न विभागों के प्रमुख) ने किया। यह आयोजन एक बड़ी सफलता थी क्योंकि कर्मचारियों और जनता के लिए मैमोग्राफी और पैप स्मीयर मुफ्त में आयोजित किया गया था और 102 ओपीडी रोगियों को विशेषज्ञों द्वारा देखा गया था। शिविर का उद्देश्य महिलाओं में स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर का जल्द पता लगाना था और इस प्रकार इलाज का मौका देना था।

### जनता से तालमेल बनाने को पुलिस ने निकाला पैदल मार्च


पैदल मार्च निकालती पुलिस टीम

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत थाना सेक्टर-58 और मुजेसर प्रबंधक ने अपनी टीम के साथ एनआईटी एरिया में पैदल मार्च निकालकर आमजन से पुलिस कार्यों के बारे में जानकारी ली तथा उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर थाना सेक्टर-58 प्रबंधक जयबीर और थाना मुजेसर प्रभारी कबुल सिंह अपनी पूरी टीम के साथ पैदल मार्च में मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस महानिदेशक पंचकूला द्वारा दिए गए आदेश व पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार थाना सेक्टर-58 प्रबंधक और मुजेसर प्रबंधक ने आज पुलिस फोर्स के साथ मच्छली मार्किट और सेक्टर-22 एरिया में पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च का उद्देश्य के माध्यम से पुलिस समाज के हर वर्ग-हर व्यक्ति तक पुलिस संबंधित सुविधाओं को पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इसके साथ ही पुलिस एरिया में होने वाली हर छोटी से छोटी हलचल पर निगरानी रख सकेगी जिसके माध्यम से समाज में अपराधों पर अंकुश लगाने में सहायता प्राप्त होगी। पुलिस और जनता के बीच तालमेल बढ़ाकर समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकालने पर आपराधिक किस्म के व्यक्ति के मन में पुलिस का खौफ पैदा होता है और वह अपराधिक गतिविधियां अंजाम देने से डरता है। डीसीपी द्वारा निकाले गए पैदल मार्च में उन्होंने आमजन के साथ बातचीत करी और उनसे फरीदाबाद पुलिस के कार्यों के बारे में फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याएं सुनीं।

### चोरी की स्कूटी सहित एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अभिजीत है। आरोपी फरीदाबाद के पल्ला के रोशन नगर गणपति कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी अपने सूत्रो प्राप्त सूचना से स्कूटी सहित बजरंग चौक पल्ला से थाना ओल्ड के वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने स्कूटी को नशे की पूर्ती के लिए ओल्ड की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से चोरी किया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाया

## ससुराल वाले बेटी की शादी के बहाने हाल में शीतल को ले गए थे मायके से

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**यहां** के गांव भाखड़ी में रहने वाली एक विवाहिता की बीती रात संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतका के ससुराल वाले इसे आत्महत्या बता रहे हैं। जबकि मायके वालों का आरोप है कि ससुराल वाले शुरू से ही दहेज की मांग को लेकर मृतका से मारपीट करते थे। इस दौरान उन्होंने कई मांगे पूरी भी की। लेकिन लालच पूरा न होने पर बीती रात ससुराल वालों ने गला घोट कर हत्या कर दी। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

गुरूग्राम के मोहम्मदपुर गांव निवासी मृतका के भाई जितेंद्र और हरेंद्र ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन शीतल का विवाह 28 नवंबर 2019 को भाखड़ी गांव निवासी सोनू के साथ किया था। जितेंद्र का आरोप है कि उन्होंने शादी से पहले लगन में ढाई लाख रुपये दिये थे। सोनू के परिजनों द्वारा खरीखोटी सुनाने पर उन्होंने शादी में काफी पैसा खर्च किया था, लेकिन फिर भी शीतल के ससुराल वाले खुश नहीं थे। शादी के करीब ढाई महीने बाद ही उन्होंने हाइड्रा खरीदने के लिए 50 लाख रुपये मांगे। बहन का घर बसाने के लिए उन्होंने 40 लाख रुपये दे दिये। लेकिन कम रुपये देने से नाराज ससुराल वालों ने शीतल के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान नौ महीने पूर्व शीतल ने एक बेटी को जन्म दिया, लेकिन बेटे की चाहत पूरी न होने पर शीतल से मारपीट किये जाने पर वे अपनी बहन को घर ले आए। 16 फरवरी को सोनू की बहन की शादी थी। इससे पहले आठ फरवरी को ससुराल वाले पंचायत लेकर उनके गांव में पहुंच गए। इज्जत का वास्ता देकर और मारपीट न करने का आश्वासन देकर वे शीतल को ले गए। इस दौरान ससुराल वालों ने बेटी शादी के लिए रुपये मांगे। उन्होंने बेटी का घर बसाने के लिए उन्हें 12 लाख रुपये नगद दे दिये। गतदिवस सोनू की बहन के विदा होने के बाद ससुराल वालों ने फिर से शीतल के साथ बेरहमी से मारपीट की और गला दबा कर उसकी हत्या कर दी। आत्महत्या का रूप देने के लिए वे शीतल को अस्पताल ले गए। जहां मृत घोषित किये जाने पर छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर जब वे अस्पताल पहुंचे तो शीतल के हाथ पैरों पर मारपीट करने और गला दबाए जाने के निशान साफ नजर आ रहे थे। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


बीके अस्पताल में मृतका के परिजन।


मृतका शीतल अपनी 9 माह की बच्ची संग।

# सीएम फ्लाइंग ने की अवैध प्लाटिंग करने वालों पर की कार्रवाई


मिर्जापुर डेरी में कृषि भूमि पर हो रही अवैध प्लॉटिंग।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** उड़न दस्ते को गुप्त सूचना मिली कि गांव सीही, जिला फरीदाबाद की राजस्व सम्पदा में मिर्जापुर डेरी में कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग हो रही है। यहां गरीब लोगों को पक्की कॉलोनी विकसित करने के आश्वासन देकर 50 व 100 वर्ग गज के प्लॉट बेचे जा रहे हैं। लेकिन संबंधित विभाग से अनुमति लिये बिना अवैध प्लॉटिंग की जा रही है।

इस स्थान पर जिला नगर योजनाकार, इंफोर्समेंन्ट, फरीदाबाद द्वारा तोड़फोड़ की कार्यवाही भी की गई थी। इसके बावजूद भी अवैध निर्माण व प्लॉटिंग जारी है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के डीएसपी राजेश चैची ने बताया कि इस सूचना के आधार पर रोजे खान, निरीक्षक, सतबीर सिंह उप निरीक्षक और ओमप्रकाश, राघव, कनिष्ठ अभियंता, कार्यालय जिला नगर योजनाकार, इंफोर्समेंट, फरीदाबाद द्वारा उपरोक्त स्थल का संयुक्त मौका निरीक्षण किया गया। मौका पर करीब 8-10 नये मकान बने पाये गये और करीब 10-12 प्लॉटों की डीपीसी की हुई मिली। पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि इस स्थान पर अवैध प्लॉटिंग का कार्य सेवानिवृत अशोक कुमार शर्मा निवासी गांव चंदावली, जिला फरीदाबाद व अरूण, निवासी गांव सीही द्वारा किया जा रहा है। इस स्थान पर लगभग छह एकड़ कृषि भूमि पर बिना अनुमति लिये अवैध प्लॉटिंग करनी पाई गई है।

# 270 बच्चों ने पास की बुनियाद लेबल दो की परीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बुनियाद** लेबल दो की परीक्षा 22 फरवरी को हुई थी। जिसमें करीब 962 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 270 बच्चों ने परीक्षा पास कर ली। यह जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी ने दी।

उन्होंने बताया कि बुनियाद के दो सेंटर चालू है। जिसमें पहला सेंटर सेक्टर-28 और सेक्टर-55 में चल रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला नोडल अधिकारी जिला विज्ञान विशेषज्ञ कृष्णा शर्मा को बनाया गया है। जिनकी देखरेख में परीक्षाएं और कक्षाएं होती है। उन्होंने कहा कि दोनों सेंटरों पर फिलहाल एक-एक कक्षाएं चल रही है, लेकिन आने वाले समय में बच्चों की संख्या बढ़ने से कक्षाएं दो-दो चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सेंटर बढ़ा दिए जाऐंगे। इन सभी बुनियाद सेंटरों पर बच्चों को एनटीएससी (नेशनल टैलेंस सर्च एग्जामिनेशन), आईआईटी, नीट की तैयारी करवाई जाएगी। जो बच्चे कक्षाएं करेंगे उनके लिए यूनिफार्म, टेबलेट, स्टेशनरी, ट्रेवलिंग चार्ज सरकार की तरफ से दिया जाएगा। गुरूग्राम में स्थित बुनियाद सेंटर से ऑनलाइन कक्षाएं चलती हैं। बच्चों का टीचर के साथ सीधा सम्पर्क ऑनलाइन के जरिये होता है।

# आंगनबाड़ी वर्कर हेल्पर की सर्कल ने की मीटिंग

**फरीदाबाद।** आंगनबाड़ी वर्कर हेल्पर की सर्कल मीटिंग पाखल गांव के आंगनबाड़ी केंद्र सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता मीनाक्षी ने की। मीटिंग को सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर यूनियन की जिला सचिव मालवती, वर्कर कमलेश भी उपस्थित रही। अपने संबोधन में वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि केंद्र की सरकार आईसीडीएस के बजट में लगातार कटौती कर रही है। सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 5 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली मजदूरों किसानों की रैली में फरीदाबाद से हजारों लोग भाग लेंगे।

# अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर शव अरावली के जंगलों में फेंका

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बड़खल**-सूरजकुंड रोड पर अरावली के जंगलों से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव रहस्यमय हालत में बरामद किया है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। जिसे देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि अज्ञात लोगों ने व्यक्ति की हत्या करने के शव पहचान छिपाने के यहां फेंक दिया है।

पुलिस ने शव फिलहाल पोस्टमॉर्टम एवं पहचान के लिए बीके अस्पताल में रखवा दिया है।

जानकारी के मुताबिक बड़खल सूरजकुंड पर एक फार्म हाउस के पास अरावली के जंगलों में बुधवार को एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। व्यक्ति के शरीर पर जगह जगह चोट के निशान बने हुए थे।

जंगलों में अपने पशुओं को चराने के लिए किसी व्यक्ति ने शव को देखते ही अन्य लोगों को बता दिया था। थोड़ी ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक व्यक्ति की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की पहचान करवाने का प्रयास कर रही है।


थाना सूरजकुंड प्रभारी बलराज ने बताया कि मृतक के शरीर पर कई चोट के निशान हैं। जिसे देखकर लगता है कि उसकी हत्या की गई होगी। फिलहाल पुलिस ने हत्या मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस विभिन्न एंगलों से मामले की जांच कर रही है।

# निगम की एंटी स्मॉग वाहन ने स्कूटी को 400 मीटर तक घसीटा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नशे** में धुत नगर निगम के ड्राइवर ने एक व्यक्ति की स्कूटी को एंटी स्मोग गन वाहन से करीब चार सौ मीटर तक घसीटा। लोगों के विरोध के बाद भी आरोपी नहीं रूका तो पीड़ित ने 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी चालक को हिरासत में लिया और उसे मेडिकल के लिए ले गई।

प्रत्यक्षदर्शी प्रमोद धनखड़ ने बताया कि उनके फ्रेंड का ड्राइवर धर्मवीर अपनी स्कूटी पर सवार होकर सेक्टर-10 से सेक्टर-16 ड्यूटी के लिए निकला था। सेक्टर-15ए स्थित जिला सेशन जज निवास के निकट धर्मवीर के मोबाइल पर एक फोन आया तो वह स्कूटी साइड में लगाकर बात करने के लिए एक तरफ में खड़ा हो गया। उसी दौरान नगर निगम की एंटी स्मॉग गन वाहन के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया और करीब चार सौ मीटर तक उसे घसीटते हुआ ले गया। धर्मवीर ने पीछा कर उसे लोगों की मदद से रोका। आरोपी निगम कर्मी नशे में था। वह नीचे उतरने की बजाय वाहन को लेकर भागने का प्रयास करने लगा। तभी धर्मवीर ने 112 पर कॉल करके पुलिस बुला ली। पुलिस ने आरोपी निगम कर्मी को हिरासत में ले लिया। नशे में आरोपी अपना नाम तक नहीं बता पा रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


स्कूटी को खींचता निगम का ड्राइवर ओमप्रकाश।

# डीएवी में रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा इंटरडेपर्टमेंट रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की थीम टेक्नो रंगोली रही। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के लगभग 25 छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रंगों के माध्यम से आजकल की नई तकनीक को प्रदर्शित करना था।

यह कार्यक्रम कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सविता भगत के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता के संयोजक की भूमिका बीसीए डिपार्टमेंट से भावना शर्मा, पिंकी गैदर और विकास कुमार द्वारा निभाई गई। बीबीए विभाग की अध्यक्ष डॉ. अंकिता मोहिंद्रा और बीजेएमसी विभाग की अध्यक्ष रचना कसाना द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया।

# निगम मुख्यालय पर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नगरपालिका** कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय पर भोजन अवकाश के समय जोरदार प्रदर्शन किया। निगम आयुक्त प्रतिनिधि पीए रवि वासुदेवा को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें उन्होंने 8 फरवरी 2023 को सरकार के पत्र के अनुसार वर्षो से अनुबंधित आधार पर लगे सफाई कर्मचारियों तथा सीवर मैनो को भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नई नियमित नियुक्ति करने हॉट दिसंबर 2022 के पत्र के अनुसार विभाग में लगे वर्क आउट सोर्स ऑपरेशनल एंड मेंटेनेंस डोर टू डोर के कर्मचारियों को बैंक के माध्यम से न्यूनतम वेतन देने ईएसआई पीएफ का लाभ देने तथा सरकार के दायित्व की पालना न करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने वर्क आउट सोर्स डोर टू डोर ऑपरेशन एंड मेंटिनेस आरपीएफ स्टैंडर्ड व अन्य प्रकार के ठेकों में लगे कर्मचारियों को विभाग के रोल पर करने चटनी किए गए कर्मचारियों को बहाल करने लेमिनेशन कार्ड में डाले गए पदों को बहाल करने तथा क्षेत्रफल आबादी के अनुपात में सफाई कर्मचारी व सीवर मैन सहित अन्य तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों एवं फायर मेनो ड्राइवर आदि के नए पद सृजित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।इस प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दलीप सिंह बोहत ने की। मंच का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव कृष्ण चंडालिया ने किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री राज्य उप महासचिव सुनील चंडालिया राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि राज्य उपप्रधान कमला एवं सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान करतार सिंह वरिष्ठ प्रधान बलबीर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नगर निगम के कर्मचारी 3 मार्च को भी सर्व कर्मचारी संघ के आव्हान पर पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। शास्त्री ने कहा कि नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर लंबे समय से 1000 रुपया स्वच्छता भत्ता देने व अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है, आंदोलन के मद्देनजर ही मुख्यमंत्री ने पालिका के सफाई कर्मचारियों को एक हजार रुपये स्वछता भत्ता देने की घोषणा की है।


प्रदर्शन में कर्मचारियों को सम्बोधित करते नरेश शास्त्री।

# राम का चरित्र हमें कर्तव्यों का कराता है बोध : विधायक सीमा त्रिखा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भगवान** राम का आदर्श जीवन पूरी दुनिया के लिए आज भी प्रासंगिक है। राम का आदर्श चरित्र हमें अपने कर्तव्यों का बोध कराता है कि हम भी उनके जैसा बनें और पुत्र, भाई, पति की तरह अपने कर्तव्यों का पालन करें। यह बात बड़खल क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने एसजीएम नगर के ज्ञानदीप पब्लिक सी.सै. स्कूल स्थित ज्ञान दास मंदिर में आयोजित रामायण पाठ के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं व स्कूली बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहें।


विधायक का पुष्प देकर सम्मान करते सुरेन्द्र बबली

इस मौके पर मंदिर के संस्थापक शिवचरण दास, प्रिंसीपल मानव शर्मा ने विधायक सीमा त्रिखा का चुनरी ओढ़ाकर तथा बुक्के देकर स्वागत किया। वहीं विशेष रूप से अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली मौजूद रहे। विधायक त्रिखा ने कहा कि हम भक्ति, पूजा, पाठ करें और राम जैसा आचरण न हो तो अपने को कैसे भक्त सकते हैं। भगवान राम पग-पग पर हमारा मार्ग दर्शन करते हैं लेकिन हम उनके जैसे बनने का प्रयास नहीं करते। वह राज कुमार होते हुए भी त्याग से पीछे नहीं हटे। एक आदर्श स्थापित किया कि पिता की आज्ञा से बढ़कर कुछ भी नहीं। राम हम सब में हैं। यह गुण हमें पहचानने के साथ आत्मसात करना चाहिए, तभी हम राम के गुण धारण कर उनके जैसा आदर्श जीवन का पालन कर सकते हैं। सामान्य व्यक्ति भी राम की तरह मर्यादा पुरुषोत्तम बन सकता है। राम का मतलब एक आदर्श व्यक्तित्व है। व्यास ने विविध प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।

इस अवसर पर शिक्षाविद् मानव शर्मा के अलावा प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रभारी नंदराम पाहिल, शिक्षाविद् राजेश मदान, डा. अमित जैन, फेडरेशन एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल पाल, सतीश फौगाट, आदेश यादव, डा. प्रदीप गुप्ता बिट्टू, शोभित आजाद, रामवीर भड़ाना, रामकुमार, अमित अग्रवाल, थाना एसजीएम नगर प्रभारी संदीप, पुलिस अधिकारी नवल शर्मा, ओ.पी. देशवाल, एडवोकेट सुनील दीक्षित, मदन अवस्थी, केदार अवस्थी, पुरूषोत्तम, बाबूलाल, मोहनलाल, जवाहरलाल, किशन चंद वशिष्ठ, लक्ष्मण प्रसाद, सन्नी शर्मा, सोनू शर्मा, एडवोकेट कुनाल कांत शर्मा, आईएस जैन, गौरव, विरेन्द्र चंदीला, कर्मबीर बैंसला, सुदेश ग्रोवर, ज्योतेन्द्र भड़ाना, सचिन तंवर, हरप्रीत कौर, डा. केवी बख्शी, सुनील यादव, रमेश जोशी, नवीन शर्मा, साहिल अदलक्खा, नीतू कपूर, सूर्य प्रताप सिंह राजवीर भड़ाना, सहित सैकड़ों लोगों ने रामायण पाठ समाप्त होने के पश्चात दाल-बाटी चूरमा के भण्डारे का आनन्द लिया।

# आज जिले में पहुचेंगे शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद

**फरीदाबाद।** परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती 1008जी महाराज का 19 फरवरी से हरियाणा परिक्रमा पर है। वहीं दो मार्च गुरुवार को भिवानी से शाम 6 बजे सड़क मार्ग से फरीदाबाद हेतु प्रस्थान करेंगे व दिनेश गोयनका निवासी डी2-151, सेक्टर 10, डीएलएफ, पार्क हॉस्पिटल के सामने फरीदाबाद स्थित निज निवास में पहुंचेंगे। जहां रात्रि विश्राम करेंगे। शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया 3 मार्च दिन शुक्रवार को पूज्यपाद शंकराचार्यजी महाराज प्रातः श्रीचंद्रमौलेश्वर भगवान का पूजन, दीक्षा व दर्शन देंगे। सुबह 9 बजे वरिष्ठ जनों से चर्चा उपरांत 10 बजे पत्रकारों से चर्चा करेंगे। ततपश्चात 1 बजे प्रेम पसरीजा के निवास 1125, सेक्टर 15 से शोभा यात्रा प्रारम्भ होकर दोपहर 2 बजे कम्यूनिटी सेंटर सेक्टर 15 धर्मसभा स्थल पहुंच शंकराचार्यजी का आर्शीवचन तत्पश्चात सड़क मार्ग से अम्बाला हेतु प्रस्थान करेंगे।

# मोदी का संबोधन

## तकनीक पर जोर

**तकनीक** से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगाव से सभी परिचित हैं। उन्होंने प्रशासन को बेहतर बनाने में तकनीक के अधिकतम उपयोग के रास्ते खोजे हैं। तकनीक आज उसी प्रकार जीवन का अंग बन गई है, जैसे लोग दिसंबर में कुहरे तथा जून में लू को सामान्य मान लेते हैं। मंगलवार को मोदी ने तकनीक तथा आधुनिक डिजिटल तकनीकी ढांचे की संभावनाओं पर अपनी बात रखी। वे 'तकनीक प्रयोग से जीवन सुगमता' विषय पर बजट-पश्चात वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'हम भारत में आधुनिक डिजिटल ढांचागत संरचना बनाने के साथ यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि डिजिटल क्रांति के लाभ समाज के हर हिस्से तक पहुंचें।' कृत्रिम बुद्धि या आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस-एआई प्रयोग पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, 'क्या हम समाज की 10 ऐसी समस्याओं की पहचान कर सकते हैं जिनका समाधान कृत्रिम बुद्धि-एआई से संभव हो?' उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कोई पूर्ववर्ती तकनीक द्वारा संभावित चमत्कारों से इतना प्रभावित नहीं था। इनमें जवाहरलाल नेहरू भी शामिल हैं जो तार्किकता और 'वैज्ञानिक सोच' पर बहुत जोर देते थे। वास्तव में, तकनीक के साथ भारत का संबंध पिछली शताब्दी के पहले हिस्से में काफी विरोधाभासी था और इसका मुख्य कारण महात्मा गांधी का तकनीक से लगाव न होना था। वे एक प्रकार से विज्ञान व पश्चिमी सभ्यता के आलोचक थे और इसे केवल एक 'विचार' बता कर खारिज करते थे। इसी कारण उन्होंने चरखा व खादी, आदि का महिमामंडन किया, हालांकि इस



मामले में 'अतिवादी' दृष्टिकोण से भारत को लाभ नहीं हुआ। राष्ट्र के प्रति गांधीजी के योगदान पर कोई विवाद नहीं हो सकता है, पर उनके कुछ विचारों ने भारत को नुकसान पहुंचाया जिनमें से एक तकनीक के प्रति उनका दृष्टिकोण भी है। हालांकि, देश की तत्कालीन सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को देख कर इसे गलत नहीं कहा जा सकता है।

इसके उलट नरेन्द्र मोदी का कभी तकनीक से विलगाव नहीं था। उपरोक्त आयोजन में वेबिनार के माध्यम से लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इक्कीसवीं शताब्दी का भारत लगातार तकनीक के प्रयोग से अपने नागरिकों का सशक्तीकरण कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में हर बजट में तकनीक के माध्यम से लोगों की 'जीवन सुगमता' बढ़ाने को महत्व दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर दिया कि बजट 2023-24 में मानवीय संवेदना के साथ तकनीक को प्राथमिकता दी गई है। तकनीक ने हमारे जीवन को जिस प्रकार बदला है, उस पर विरले ही गौर किया जाता है। बिजली व फोन बिलों के भुगतान के तरीके, आनलाइन शापिंग, ट्रेन व विमान के टिकट खरीदने, होटल बुक करने, आदि तरीकों में आमूल परिवर्तन आया है। पिछली शताब्दी के अंत में आज जैसी स्थितियों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। तकनीक की सहायता से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने में काफी सुधार आया है। इससे लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाना आसान हुआ है और वे भी आसानी से इसे प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक देश एक राशन कार्ड', 'जैम' यानी जनधन-आधार कार्ड-मोबाइल त्रयी, आरोग्य सेतु व कोविन एप तथा कामन सर्विस सेंटरों का उदाहरण दे कर तकनीक की भूमिका रेखांकित की। प्रधानमंत्री का यह कहना ठीक है कि इन निर्णयों से नागरिकों की 'जीवन सुगमता' सुधरी है। उन्होंने कहा, 'एक कदम आगे बढ़ कर हम उन क्षेत्रों की पहचान कर सकते हैं जहां सरकार के साथ संवाद और सुगम बनाया जा सकता है।' हो सकता है कि सभी तकनीकी व्यवस्थायें पूरी सटीकता से काम न कर रही हों, पर तकनीक तथा सरकार के उपयुक्त हस्तक्षेप से चीजें और बेहतर हो सकती हैं।

# जलवायु परिवर्तन से प्रभावित महिलाएं

जलवायु परिवर्तन का महिलाओं पर सबसे बुरा प्रभाव पड़ता है। इसके कारण महिलाओं को पहले की तुलना में कठोर परिश्रम करना पड़ता है।



**कविता राव**
(लेखिका, तेलंगाना में विधान परिषद सदस्य हैं)



आमतौर से कहा जाता है कि हमारे पृथ्वी ग्रह के बजाय मानव जीवन योग्य कोई दूसरा ग्रह नहीं है। जहां तक जलवायु परिवर्तन और उसके कारण पड़ने वाले प्रभावों का सवाल है, कोई दूसरा ग्रह हमारे आवास के लिए हो भी नहीं सकता है। प्रकृति और उसके संसाधन सीमित हैं और इस बात का कोई तरीका नहीं है कि हम प्राकृतिक संसाधन कहीं और से प्राप्त कर सकें। इस प्रकार स्पष्ट है कि न प्राकृतिक संसाधनों का कोई विकल्प है और न ही कोई दूसरा ग्रह है जहां हम अपना जीवन बिता सकें। जलवायु परिवर्तन के कंप्यूटर माडलों के आधार पर बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं तथा उनके खतरों के प्रति लाल रेखायें भी खींची गई हैं, लेकिन इनसे भी कोई सहायता मिलने वाली नहीं है। विश्व स्तर पर देखें तो हम ऐसी स्थिति में पहुंच रहे हैं जहां जलवायु परिवर्तन जल्द ही केवल एक खतरे के बजाय एक यथार्थ बन जाएगा। अब जलवायु संकट के भयंकर विनाशकारी प्रभाव सुदूर भविष्य की चीज नहीं रह गए हैं, बल्कि वे हमारे एकदम सामने अत्यधिक कटु यथार्थ के रूप में सामने आ गए हैं।

हमारे पृथ्वी ग्रह पर जलवायु परिवर्तन का विनाशकारी प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखने लगा है और इससे निपटने की चुनौतियां दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही हैं। जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव हमारे सामने पिघलते ग्लेशियरों, जलते जंगलों, समुद्र के बढ़ते स्तर, लगातार भयंकर होती बाढ़, तूफान, बर्फीले तूफान, समुद्री तूफान, सूखा, प्रदूषण, धंसते शहर और अप्रत्याशित रूप से बदलते मौसम के रूप में आ रहे हैं। सारी दुनिया में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। मार्क ट्वेन ने कहा था, 'आप जलवायु की उम्मीद करते हैं और मौसम के रूप में उसे प्राप्त करते हैं।' पर्यावरण शोध संबंधी अनेक रिपोर्टों के अनुसार, एशिया वर्तमान समय में अत्यधिक गरमी, समुद्रों के बढ़ते स्तर, अत्यधिक बरसात के कारण लगातार बढ़ते नुकसान तथा लगातार बढ़ती खाद्य असुरक्षा का शिकार होता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है जिसके कारण आने वाले दशकों में पूरी दुनिया में मौसम का पैटर्न और तेजी से बदलेगा।

प्राकृतिक पर्यावासों, जैव-विविधता तथा सामाजिक-सांस्कृतिक सोच के मामलों में भारत अत्यधिक विविधतापूर्ण है। हमारी जनसंख्या अब दुनिया में सबसे अधिक लगभग डेढ़ अरब तक पहुंच रही है। ऐसे में हमें जलवायु परिवर्तन के खतरों को देखते हुए अपनी जैव-विविधता के संरक्षण तथा मनुष्यों की बेहतरी सुनिश्चित करने पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। हमें इनके प्रति अत्यधिक चिन्तनशील व कार्यशील होने की आवश्यकता है। हर साल लू की भयावहता हमें स्वाभाविक रूप से चिन्ता में डालती है। देश की विशाल समुद्री तटरेखा को देखते हुए समुद्र का स्तर बढ़ना हमारे लिए भयानक विभीषिका हो सकती है। आजकल हवा की खराब गुणवत्ता न केवल शहरों, बल्कि गांवों की समस्या भी बन गई है। निरंतर भयानक होता वायु प्रदूषण जैसे अब सरकारों की चिन्ता का विषय ही नहीं रह गया है। उत्तराखंड राज्य में शहर की इमारतों व सड़कों के धंसने का कारण एक विशाल परियोजना के लिए खुदाई को बताया जा रहा है। ऐसा लगता है कि इन समस्याओं का बड़ा कारण व्यवस्था की खामियां तथा विकास व आर्थिक नीतियों की अस्पष्टता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी लगातार विकास तथा 'सबका विकास' की बात करती है, लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अतीत में हमने अपनी जलवायु को नष्ट किया है तथा हमारे शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हरित आच्छादन संकट में पड़ गया है। 'सबका विकास' तथा 'न्यू इंडिया' के लिए जलवायु का स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण भी जरूरी है।

केन्द्र सरकार ने 'हर घर जल' योजना बनाई है, पर इसके लिए जल संरक्षण का भी महत्व है। पिछले सालों में केन्द्र सरकारें पर्यावरण क्षरण व पर्यावरण प्रदूषण रोकने की बातें करती रहीं हैं, पर इसके लिए समुचित बजटीय आबंटनों का अभाव रहा है। हमारी अनेक ग्रामीण महिलाओं को अब भी अपने घर पर स्वच्छ पेयजल नल से नहीं मिल पा रहा है। उनको अपने घर से मीलों चल कर पानी तलाशना पड़ता और यह सुनिश्चित करना पड़ता है कि उनके घर में जरूरत भर का पानी रहे। जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग के कारण नदियां सूख रही हैं तथा जल स्रोत सूख रहे हैं। सरकार ने बड़ी संख्या में 'अमृत सरोवरों' का निर्माण कराया है, पर उनमें से अनेक सूख गए हैं। मुझे प्रसन्नता है कि हमारे प्रधानमंत्री को रसोईघरों में लकड़ियों के धुंए से परेशानी का सामना करने वाली माताओं और बहनों की चिन्ता है। उज्जवला योजना में मुफ्त एलपीजी सिलिंडरों को पहुंचाने का वादा किया गया था, लेकिन अब इस योजना की पूर्ण प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं। योजना के पोस्टरों में माताओं बहनों के मुस्कराते चेहरे नजर आते हैं, पर ये यथार्थ का पूर्ण प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

तेलंगाना सरकार के सतत प्रयासों से राज्य में वनक्षेत्र का विस्तार होकर 7 प्रतिशत हो गया है, जबकि राष्ट्रीय औसत 3 प्रतिशत है। राज्य में बीआरएस सरकार द्वारा कृषि विकास व किसान कल्याण, खासकर हाशियाकृत महिला किसानों के कल्याण हेतु अनेक कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार ने कैलाश्वरम परियोजना तेजी से पूरी कर सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया है। मिशन काकातिया के अंतर्गत तालाबों का जीर्णोद्धार हुआ है, उनकी जल भंडारण क्षमता बढ़ी है, भूमिगत जल स्तर बढ़ा है तथा किसानों को चौबीसों घंटे मुफ्त बिजली दी जा रही है। 2014-15 से 2021-22 के बीच खेती के लिए लगभग 70 लाख एकड़ नई जमीन तैयार की गई है। तेलंगाना सरकार का मिशन काकातिया जल संसाधनों की बहाली को लक्षित है। तालाबों के निकट की अधिकांश भूमि को तालाबों की श्रृंखला बना कर तथा इनसे गाद निकाल कर खेती के योग्य बनाया गया है। इससे भूमिगत जल क्षमता भी बढ़ी है तथा कुंओं व बोरवेलों में पानी बढ़ने से फसलों की उत्पादकता दूनी हुई है। सरकार ने 5,000 करोड़ रुपये खर्च कर बड़ी व मझोली जल परियोजनाओं से पानी पुनर्जीवित तालाबों में स्थानान्तरित किया है। इससे सूखे के मौसम में भी तालाब अपनी पूरी क्षमता तक भरे रहेंगे। व्यक्तिगत मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य भी चिन्ता का विषय है। वैश्विक महामारी ने हमें जेंडर-आधारित हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य व परिवारों में बढ़ती शारीरिक हिंसा के प्रति सतर्क किया है। लेकिन ये समस्यायें महामारी के कारण नहीं पैदा हुई थीं और न उसके कम होने से समाप्त होंगी। हमारा परिवेश ऐसी समस्याओं को जन्म दे रहा है। हालांकि, केन्द्र सरकार 'नारी शक्ति' को मजबूत करने के प्रयास कर रही है, पर इसे जलवायु संकट का बोझ ढोना पड़ रहा है। सरकार जलवायु परिवर्तन के संकट के प्रति पूर्णतः संवेदनशील नहीं है। भले ही हम यहां आंकड़ों की बात न करें, पर अपराध के बढ़ते आंकड़े हमारे लिए चिन्ता का विषय हैं।

हालांकि, जलवायु परिवर्तन किसी के साथ भेदभाव नहीं करता है, पर इसके प्रभाव विभिन्न लोगों पर अलग-अलग हो सकते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण गरीबी बढ़ती है, जनसंख्या का विस्थापन होता है तथा संसाधनों का तेजी से क्षरण होता है। इन हानिकारक प्रभावों का सबसे अधिक असर महिलाओं व लड़कियों पर पड़ता है। महिलाओं व लड़कियों को इस संकट से उबारने के लिए केवल पर्यावरण-हितैषी विकास ही काफी नहीं है, बल्कि इसके लिए हमें जमीनी स्तर पर काम करना होगा। हमें उपयुक्त योजनाओं की आवश्यकता होगी। संरा. आंकड़ों के अनुसार दुनिया में जलवायु परिवर्तन के कारण विस्थापित लोगों में महिलायें 80 प्रतिशत हैं। भारतवर्ष इस साल जी20 का नेतृत्व कर रहा है।

यदि हम अभी मजबूत व सुस्पष्ट कदम नहीं उठाते हैं तो भविष्य में नुकसान की भरपाई संभव नहीं होगी। समय आ गया है कि हम अपने माताओं बहनों के लिए पर्यावरण व जलवायु को ज्यादा सुरक्षित बनाएं। ऐसा करके ही हम सचमुच 'न्यू इंडिया' बना कर अपनी मातृशक्ति के लिए 'अमृत काल' ला सकेंगे।

# आखिर कब और कैसे होगा जेलों का उद्धार?

"बन्दीगृह में जरायम का एक अलग और अपेक्षाकृत और विकृत रूप देखने को मिलता है और अब इस आसुरी प्रवृत्ति पर निर्णायक प्रहार किया जाना चाहिए।"

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



हमारे देश में जेल, बंदीगृह अथवा कैदखाने की अवधारणा नई नहीं है। भारतीय पौराणिक संस्कृति में इसका उल्लेख मिलता है। द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जेल में ही देवकी की आठवीं संतान के रूप में हुआ था और उनके जन्म लेते ही जेल के दरवाजे स्वतः खुल गए थे ताकि वासुदेव कृष्ण को जेल से सुरक्षित बाहर ले जा सकें।

वह द्वापर युग था और आज कलयुग है। जेल के दरवाजे आज भी खुलते हैं हालांकि अब बन्दीगृह में किसी कृष्ण का जन्म नहीं होता। अब जेल की दीवारों के पीछे जन्म लेता है जरायम का एक अंतहीन सिलसिला। धन की महिमा नग्न नृत्य करते हुए हर प्रकार की नैतिक सत्ता को पैरों तले कुचलती जाती है और जिन पर बन्दीगृह में विधि की सत्ता स्थापित करने की जिम्मेदारी होती है वे धन की देवी के नृत्य के सम्मोहन में बंधे ताली बजाकर अपने पथभ्रष्ट होने पर मुहर लगाते रहते हैं। थोड़ा बहुत फर्क भले ही हो लेकिन भारत में मोटे तौर पर जेलों की हालत या यूं कहें कि इनकी बदहाली एक जैसी ही है। खासकर उत्तर प्रदेश,बिहार अथवा पंजाब जैसे राज्यों में तो हालात शर्मनाक हैं। हाल ही में चित्रकूट जेल में छापे के दौरान जो कुछ देखने को मिला उससे यही पता चलता है कि पैसा फेंको और जेल में तमाशा देखो। देखो भी क्यों। पैसा फेंको और खुद ही तमाशा करो।

जी हां, बात जेल की हो रही है जहां सजा पाए कैदी इस उम्मीद में रखे जाते हैं कि जेल का अनुशासित जीवन और प्रायश्चित का बोध मिलकर उनके शेष जीवन को किसी प्रकार की सकारात्मकता प्रदान कर सके। सजा पाए ही नहीं बल्कि हमारी जेलें विचाराधीन कैदियों से भी भरी पड़ी है और जेल की दीवारों के पीछे हर प्रकार के भ्रष्टाचार को जन्म देने में विचाराधीन कैदी कदाचित सजा पाए कैदियों से कहीं आगे ही हैं। चित्रकूट जेल में बंद कुख्यात माफिया मुख्तार अंसारी का बाहुबली विधायक बेटा अब्बास अंसारी अपनी पत्नी निखत के साथ जेल में कुछ इस अंदाज में रहता था, मानो अपने घर के शयन कक्ष में हो। सारी सुख सुविधाएं अंसारी दम्पति को प्राप्त थी और कहने की जरूरत नहीं सारी सुविधाएं मोटी रकम के बदले मुहैया कराई जा रही थी। जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर सहित कई कर्मचारी निलंबित हुए और जांच अभी जारी है। अब्बास की पत्नी भी गिरफ्तार हुई है। भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार कारागार और इसका प्रशासन राज्यों की सूची का विषय है लेकिन भारत सरकार ने समय समय पर यह मंशा जाहिर की कि वह राष्ट्रीय स्तर पर जेल सुधार लागू करे।



गौरतलब है कि सामान्यतया हमारी जेलें आज भी प्रिजन एक्ट 1894 से ही शासित होती हैं। आजादी के बाद 1951 में भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ डॉक्टर रेकलेस को आमंत्रित कर जेलों पर अध्ययन कराया।

लेकिन क्या यह जेल में खेल का आखिरी एपिसोड होगा। कोई बावला ही ऐसा सोच सकता है। हमारी जेलें और इनका प्रबंधन एक ऐसी व्यवस्था के हवाले है जो सड़ चुकी है और इसकी दुर्गंध असहनीय होती जा रही है। पटरी से उतर चुके किसी भी अन्य क्षेत्र की तरह कारागार भी सुधार चाहते हैं। वह भी आमूल चूल। सिर्फ ऊपरी रंग रोगन से काम नहीं चलने वाला। और कहने की आवश्यकता नहीं कि बिना दृढ़ इच्छा शक्ति के यह सम्भव नहीं है और यही वह क्षेत्र है, जहां हम मात खा जाते हैं।

इसके बाद 1957 में केंद्र सरकार ने आल इंडिया जेल मैनुअल कमेटी का गठन किया जिसने 1960 में मॉडल प्रिजन मैनुअल तैयार कर सरकार को सौंप दिया। इसके कई साल बाद मानो सरकार की तन्द्रा टूटी और उसने 1972 में एक वर्किंग ग्रुप ऑन प्रिजन गठित किया जिसने 1973 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। जैसे इतना ही पर्याप्त नहीं था तो सरकार ने 1980 में जस्टिस आनंद नारायण मुल्ला की अध्यक्षता में कमेटी ऑन जेल रिफार्म गठित की जिसने 1983 में अपनी संस्तुतियां सरकार को सौंप दीं। सरकार ने एक और कमेटी (कृष्णा अय्यर कमेटी) 1987 में गठित जिसका उद्देश्य महिला कैदियों की हालत का अध्यन कर रिपोर्ट देना था। कमेटी ने 1988 में अपनी अनुशंसा सरकार को सौंप दीं। जाहिर है कि ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि उपरोक्त आयोग एवं समितियों की संस्तुतियों का आखिरकार हुआ क्या? सरकारों की उदासीनता को इस तथ्य से भी समझा जा सकता है कि 1999 में प्रिजन एक्ट 1894 को विस्थापित करने के लिए ड्राफ्ट मॉडल प्रिजन मैनेजमेंट बिल को सर्कुलेट किया गया लेकिन बात इसके आगे न बढ़ सकी। चूंकि विषय राज्य सरकार के अंतर्गत आता है इसलिए केंद्र एडवाइजरी जारी करने से ज्यादा कुछ कर भी नहीं सकता।

बहरहाल केंद्र अथवा राज्य सरकारें क्या कर सकती हैं और वास्तव में क्या करना चाहती है इस पर बहस हो सकती है और होनी भी चाहिए लेकिन जरूरत अब जेलों में बहुआयामी सुधारों को लागू करने की है। और यह कार्य अविलम्ब होना चाहिए। तीन दिन पहले पंजाब के तरन तारन जिले के गोइंदवाल सेंट्रल जेल में कैदियों के आपसी संघर्ष में दो गैंगस्टर्स की हत्या हो गयी और कई घायल हो गए। पैसे की ताकत पर हमारी जेलों में क्या कुछ नहीं हासिल किया जा सकता। बन्दीगृह में जरायम का एक अलग और अपेक्षाकृत और विकृत रूप देखने को मिलता है और अब इस आसुरी प्रवृत्ति पर निर्णायक प्रहार किया जाना चाहिए। कुछ इस अंदाज में कि प्रशासनिक सुदृढ़ता के साथ साथ कार्यकारी बल नैतिक रूप से भी सशक्त हो सकें।

## आप की बात

### साइबर सुरक्षा

**अभी** हाल ही कुछ घटनाओं ने तेजी से बढ़ते हमारे डिजिटल नेटवर्क की विभिन्न कमजोरियों को उजागर किया है। इसमें सबसे अधिक हमारे बीच हो रहे साइबर क्राइम से संबंधित चुनौतियों पर ज्यादा फोकस किया गया है। एम्स के सर्वर पर हुए हमले से लगभग चालीस मिलियन स्वास्थ्य रिकॉर्ड की गोपनीयता भंग हुई और दो सप्ताह तक सिस्टम आउटेज की स्थिति बनी रही। साइबर सुरक्षा से संबंधित बहुत सारी चुनौतियां हैं जैसे कि अवसंरचना की भेद्यता और अधूरी तैयारी। इसके साथ-साथ सीमित निजी क्षेत्र की भागीदारी और अतिरिक्त जटिलता से इस क्षेत्र में हमें बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इसके बारे में बहुत सी पहलें भी की गई हैं जिसमें राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति 2020, साइबर सुरक्षित भारत पहल और साइबर स्वच्छता केंद्र प्रमुख हैं। यह सौभाग्य की बात है कि भारत अठारवें जी 20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है और ऐसे में एक मजबूत वैश्विक साइबर ढांचे का निर्माण करना भारत के लिए चुनौती होगी। लेकिन अंतरराष्ट्रीय सहयोग से कमियों को दूर कर वास्तविक वैश्विक ढांचे के निर्माण, समन्वय व सूचना प्रसार से हम साइबर सुरक्षा सनिश्चित कर सकते हैं। इसमें विशेषज्ञों का योगदान महत्वपूर्ण है।

**सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

### प्रगतिशील कदम

**आखिरकार** जानवरों के रक्षार्थ संगठन पेटा या पशुओं के साथ नैतिक व्यवहार के पक्षधर संगठन के लोग आज बहुत खुश हुए होंगे। क्योंकि उनकी वर्षो पुरानी मांग थी कि मंदिरों एवं अन्य उत्सवों के दौरान जीवित हाथियों को दी जाने वाली शारीरिक प्रताड़ना बंद की जाए। इसकी शुरुआत दक्षिणी राज्य केरल के त्रिशूर जिले के इरिंजडाप्पिल्ली श्रीकृष्ण मंदिर से हो गयी है। पेटा, इंडिया व अभिनेत्री पार्वती थिरुवोथु द्वारा दान में एक यांत्रिक रोबोटिक हाथी मंदिर को दिया गया है जो मंदिर के हर उत्सव एवं दैनिक अनुष्ठानों में अब जीवित हाथी का काम करेगा। आशा करनी चाहिए इस शुरुआत से बाकी मंदिरों को भी इसी तर्ज पर रोबोटिक हाथी को रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। इंटरनेट, टेक एवं आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के इस युग में वैसे भी अब पुरानी बहुत सारी परंपराओं को बदलना चाहिए। मंदिर के इस उल्लेखनीय कदम की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम होगी। इससे हिंदू धर्म व हिंदुओं में व्याप्त अंतर्निहित प्रगतिशीलता तथा परिवर्तनशीलता की भावना भी प्रकट होती है। इससे हिंदू जनता के प्रति सारी दुनिया में सम्मान बढ़ेगा।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### रामचरित मानस की लोकप्रियता

**विश्व पुस्तक मेले** में एक ही दिन में रामचरितमानस की प्रतियों की बड़ी संख्या में बिक्री की खबर राम और रामचरित मानस के मानने वालों के लिए निसंदेह एक सुखद खबर है। ये इस बात का भी संकेत है कि विवादों के कारण ही सही, मानस जैसे उच्च कोटि के ग्रन्थ के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ी है। इससे इस बात की पुष्टि होती है कि जनता धर्म पर ओछी राजनीति करने वालों को नकार रही है और धर्म पर टिप्पणी करने वाले लोगों के प्रति सजग है। मानस में पहले ही लिख दिया गया था कि जैसी जिसकी भावना रहेगी वैसा ही उसे स्वरुप दिखाई देगा। संभवतः कुछ लोगों की दुर्भावना उनके बयानों और कृत्यों से परिलक्षित होती दिखाई दे रही है पर समाज देश और देश की जनता इन्हे नकारने को तैयार दिख रही है। शायद वह समय बीत गया जब हिंदू धर्म, सनातन परंपराओं, धर्मग्रंथों व महाकाब्यों की निन्दा करने वालों को बुद्धिजीवी माना जाता था, हालांकि आम जनता की नजर में ये तब भी हाशिए पर पड़े थे और आज विलुप्ति के कगार पर पहुंच रहे हैं। उनको समुचित सबक लेना चाहिए।

**मनोज,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**यदि** कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

**प्रौद्योगिकी** के इस्तेमाल से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

**- नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री





**सरकार** यूपी की जनता को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का सपना दिखा रही है, लेकिन उसे नीति आयोग की रिपोर्ट देखनी चाहिए।

**- अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष"

# आप जाति-जाति करते हैं, हम अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन बनाने की बात करते हैं

**विधानसभा**

## ● पहला ग्राउंड ब्रेकिंग होने दीजिए, यूपी नंबर दो की अर्थव्यवस्था होगी: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जातीय** जनगणना और प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर जारी बहस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विपक्ष को दो टूक जवाब दिया। उन्होंने विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि टेस्ट, वैक्सीन और राशन किसी की जाति देखकर नहीं लगाए गए थे। योजनाओं का लाभ, विकास सब तक पहुंचाने का काम हमने पूरी मजबूती के साथ किया। विरोधी दल कैसी बातें कर रहे थे। जाति हाय री जाति। कल पूरे टेलीविजन रंगे थे, प्रयागराज की घटना को लेकर। पूरी घटना का साजिशकर्ता की फोटो वायरल हो रहे थी। कोई उससे भाग नहीं सकता है। हाथ मिला रहे हैं, पीछे आपकी पार्टी का सिंबल लगा है, फिर भी आप मुंह मोड़ने का काम कर रहे हैं। उमेश पाल, संदीप निषाद की कोई जाति नहीं थी क्या। यानि आप ठेका ले चुके हैं जाति का लेकिन किसी गरीब, पिछड़े को पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देकर मरवाएंगे, ये क्या तमाशा है? फिर मुकर भी जाएंगे, ये बड़ी अजीब बात है। राजू पाल की कोई जाति नहीं थी क्या? जब राजू पाल की हत्या हुई थी तब इस माफिया के संरक्षणदाता कौन थे। राजू पाल अपने दम पर विधायक बन गया था। आप जाति-जाति की बात करते हैं। मैंने इसी बात को पिछली बार भी कहा था। हम विकास, इन्फ्रास्ट्रक्चर, यूपी की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन बनाने की बात करते हैं तो आप हंसते हैं। आपने प्रदेश को जहां छोड़ा था आज यात्रा उससे बहुत आगे बढ़ चुकी है। उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन इकॉनमी बनेगा और जरूर बनेगा। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

सीएम योगी ने कहा कि मुझे बताते हुए प्रसन्नता है यूपी हमारा राज्य आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। हमारे पास आज के दिन बढ़ा राजस्व लोक कल्याण का आधार बन रहा है। गरीबों, किसानों, माताओं और बेटियों के कल्याण का आधार बन रहा है। वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने का आधार बन रहा है। यूपी को जिसे आप लोगों ने बीमारू बना दिया था, आज वह बीमारू से उबर चुका है, देश की बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभर रहा है। मैं कह सकता हूं कि हमारा पहला ग्राउंड ब्रेकिंग होने दीजिए यूपी नंबर दो की अर्थव्यवस्था होगी, पांच साल में देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था होगा। सीएम ने आगे कहा कि पिछले पांच वर्ष में कोई अतिरिक्त टैक्स जनता पर नहीं लगाया। पेट्रोल डीजल के दाम यूपी में सबसे कम है, अगल-बगल के राज्यों से मिला लीजिए। यूपी में जीएसटी देने के लिए व्यापारी वर्ग उतावला है। 26 लाख से अधिक व्यापारियों ने जीएसटी में रजिस्ट्रेशन किया है और लगातार कर रहा है। सरकार ने हर व्यापारी को 10 लाख की सुरक्षा बीमा का कवर उपलब्ध कराया है।

### 34.09 लाख करोड़ के प्रस्ताव जनविश्वास व सरकार की क्रेडिबिलिटी का प्रतीक

**लखनऊ।** नेता सदन ने कहा कि सरकार किस प्रकार की होनी चाहिए? समस्याओं से मुंह मोड़ने वाली या चुनौती के रूप में स्वीकार करने वाली और भ्रष्टाचार और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करने वाली। नेता विरोधी दल जब बोल रहे थे तो यूपी को पिछले पायदान पर ढकेलने पर उन्हें प्रसन्नता हो रही थी। 2017 से पहले यूपी क्यों पीछे जा रहा था। सभी जानते हैं। समस्या के दो समाधान होते हैं। भाग लो या फिर भाग लोढ.......। या तो समस्याओं को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए उसका समाधान करो जैसा 6 वर्ष में हमारी सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया गया है, या जैसे नेता प्रतिपक्ष की सीट खाली है भाग लो उस तरह। उन्होंने बजट पर चर्चा में हिस्सा लेने वाले सभी 134 सदस्यों का आभार जताया तो अखिलेश यादव के सवालों और आरोपों पर तथ्यों के साथ जवाब भी दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में जो 34.09 लाख करोड़ के प्रस्ताव आए हैं वो जनविश्वास और सरकार की क्रेडिबिलिटी का प्रतीक हैं। सीएम योगी ने सरकार की जिम्मेदारियों के बारे में बात करते हुए कहा कि इतने बड़े प्रदेश के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम सब 25 करोड़ जनता के प्रतिनिधि के रूप में यहां बैठे हैं। नेता प्रतिपक्ष कह रहे थे कि आप दावोस गए होते तो 50 लाख करोड़ का प्रस्ताव आता। यानी उन्हें विश्वास है कि प्रस्ताव आए हैं।



## जो शूल आपने बोया, हमने बुलडोजर चला के फूल उगाने का काम किया: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** में बजट पर चर्चा के दौरान बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सरकार के कार्यकाल से अपने कार्यकाल की तुलना करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने एक एक कर प्रदेश सरकार की ओर से चल रही तमाम विकासपरक योजनाओं की चर्चा करते हुए सपा शासन के दौरान अनियमितताओं और लेट लतीफी को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि जो शूल आपकी सरकार में बोया गया था, उन्हें दुरुस्त करते हुए उनपर रोलर और बुलडोजर चला चला कर के प्रदेश वासियों के लिए फूल उगाने का कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसकी प्रवृत्ति शूल पैदा करने की होगी उनसे फूल की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

सीएम योगी ने 2012 से लेकर 2017 तक सपा शासन से अपने 6 साल की तुलना करते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में चीनी मिलें या तो बंद हो रही थीं या औने पौने दामों पर बिक रही थीं। उस दौर में प्रदेश के किसान आत्महत्या कर रहे थे। फसल खरीद में दलालों का वर्चस्व था। कृषकों के लिए दूसरी मंडी में उत्पाद विक्रय पर प्रतिबंध था। मंडी के बाहर विक्रय पर भी प्रतिबंध था।

मंडी शुल्क दो फीसदी थी, मगर आज अन्नदाता किसान सरकार के शीर्ष प्राथमिकता में है। हमने पहली ही बैठक में 36 हजार करोड़ के कर्जमाफी के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया जिससे 86 लाख किसानों को लाभ मिला। आज स्टेट जीडीपी में एग्रीकल्चर का योगदान 26 फीसदी है जबकि 2016-17 की तुलना में आज कृषि विकास की दर तीन गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यहां चर्चा हुई कि कैसे हम वन ट्रिलियन की बात कर रहे थे। हमने भी प्रधानमंत्री की प्रेरणा से देश की आबादी के सबसे बड़े राज्य की क्या भूमिका हो सकती है, इस पर मंथन किया। यूपी कैसे अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर सकता है। 5 ट्रिलियन की इकोनॉमी का देश अगर भारत को बनना है तो क्या यूपी को अपना योगदान नहीं देना चाहिए। देश का हर 16वां व्यक्ति यूपी का है लेकिन क्या उतना योगदान है हमारा, भारत के जीडीपी में यूपी का योगदान 8 फीसदी है, इसे बढ़ाकर 16 फीसदी तक ले जाना है। यूपी में ये संभावना है।

## विधानसभा में गूंजा पुलिस दरोगा भर्ती में भ्रष्टाचार का मुद्दा

### ● भर्ती पूरी तरह से मानकों के आधार पर पारदर्शिता से हुई: सुरेश खन्ना

लखनऊ। विधानसभा में बुधवार को उत्तर प्रदेश पुलिस में 3500 दरोगाओं की भर्ती का मुद्दा गूंजा। समाजवादी पार्टी के सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने काम रोको प्रस्ताव के तहत दरोगा भर्ती के लिए हुई आनलाइन परीक्षा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर पैसा लेकर नकल कराई गई। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की। वहीं सरकार की ओर से इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि भर्ती परीक्षा पूरी पारदर्शिता के साथ हुई है, जो भी दोषी थे, उन्हें जेल भेजा जा चुका है। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि भर्ती पूरी तरह से मानकों के आधार पर पारदर्शिता से हुई है। शून्य प्रहर में समाजवादी पार्टी के ओम प्रकाश सिंह ने चर्चा कराने की मांग के साथ आरोप लगाए गए कि पुलिस महकमे में 3500 दरोगाओं की भर्ती के लिए आनलाइन परीक्षा कराई गई थी। इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ। कई जिलों में 15 लाख रुपये लेकर पेपर हल किए गए।

उन्होंने कहा कि भर्ती कराने का जिम्मा जिस कंपनी को दिया गया था, वह उत्तराखंड व मध्य प्रदेश में काली सूची में है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर कोई अभ्यर्थी कैसे 4.32 मिनट में 40 सवालो के जवाब दे सकता है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जिनमें पेपर बहुत की जल्दी कर दिया गया। सपा के रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि इस मुद्दे पर दो घंटे की चर्चा होनी चाहिए।

## विद्युतीकरण के लिए केंद्र से मांगे 1958 करोड़ रुपए: ऊर्जा मंत्री

**प्रश्नकाल**

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार किसानों, गरीबों व असहायों के सुख.दु:ख में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि जवाहरपुर, पनकी, हरदुआगंज एवं घाटमपुर में नई इकाइयां लगायी जा रही हैं। अभी 13491 मेगावाट विद्युत उत्पादन हो रहा है जो कि इस समय की 13356 मेगावाट मांग के अनुरूप पर्याप्त है लेकिन पीक डिमान्ड में बिजली की खपत बढ़ जाती है जिसकी पूर्ति के लिए पावर एक्सचेंज से अतिरिक्त बिजली खरीद कर की जाती है। गत वर्ष 26590 मेगावाट पीक डिमान्ड गर्मी में थी। किसानों के मामले में उन्होंने कहा कि किसानों को पृथक फीडर से रोस्टर के अनुरूप 10 घंटे बिजली दी जा रही है। इसके लिए 2390 फीडर अलग किये जा चुके हैं अभी 5000 फीडर और अलग किये जाने हैं।

प्रदेश सरकार किसानों के निजी नलकूप के बिजली बिलों में शत-प्रतिशत छूट करने की व्यवस्था की गयी है। बजट में इसके लिए प्राविधान भी किया गया है। ऊर्जा मंत्री द्वारा विधान सभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। एके शर्मा ने सपा सदस्य पंकज मलिक, लालजी वर्मा के द्वारा नई विद्युत इकाइयां लगाने, विद्युत उत्पादन बढ़ाने तथा किसानों को पर्याप्त बिजली देने पर पूछे गये प्रश्न का दिया।

**शिवपाल पर मुख्यमंत्री योगी ने डाले डोरे**

## आप संघर्ष कर आगे बढ़े फिर भी अन्याय हुआ हमारे साथ होते तो तस्वीर कुछ और होती: योगी

**लखनऊ।** विधान सभा में बजट चर्चा पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रपिक्ष अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल सिंह यादव पर डोरे डालते हुए कहा कि आप जमीन से संघर्ष कर आगे बढ़े हैं और आपको संघर्ष की कीमत का पता है। आपके साथ हमेशा अन्याय हुआ है। अगर आप हमारे साथ होते तो आज तस्वीर कुछ और होती। हम संघर्ष का सम्मान करते हैं।

सीएम योगी विधानसभा में सिंचाई परियोजनाओं का जिक्र करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे, उन्होंने कहा कि अधूरी पड़ी सिंचाई परियोजनाओं को हमने पूरा किया। इस बीच शिवपाल ने उन्हें टोकते हुए कहा कि अगर छह महीने पहले विभाग से हमें नहीं हटाया जाता तो योजना हम पूरा कर लेते। हमने 90 फिसदी काम पूरा कर लिया था। इस पर सीएम योगी ने कहा कि जनता को पता था कि आप पूरा नहीं करेंगे तो इसलिए ही जनता ने हमें चुना। आप तो काम करना चाहते थे लकिन आपको काम करने नहीं दिया गया। योगी ने कहा कि यही तो आपके साथ अन्याय हुआ है, अगर आप हमारे साथ होते तो आज तस्वीर ही कुछ और होती। इस पर शिवपाल ने कहा कि हम तीन साल तक आपके संपर्क में रहे हैं। जिस पर योगी ने कहा कि हम अब भी संपर्क में हैं। अब किसी को कंफ्यूजन नहीं होना चाहिए। जिसके बाद सदन में ठहाके लगने लगे।

## अपनी सड़कों के रख रखाव का कार्य करता है विभाग

**लखनऊ।** प्रदेश के लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने प्रश्नकाल में एक सवाल के जवाब में कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों का निर्माण कार्य किया जाता है। प्रदेश के अधिकांश प्राथमिक विद्यालय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय सड़कों पर अथवा सड़कों के समीप स्थित हैं। जो विद्यालय लोक निर्माण विभाग की सड़कों पर स्थित हैं उन सड़कों के रख-रखाव का कार्य लोक निर्माण विभाग करता है लेकिन जो विद्यालय सड़कों से थोड़ी दूरी पर स्थित हैं, उन्हें मार्गों से जोड़ने का कार्य पंचायतों द्वारा किया जाता है। लोनिवि मंत्री ने सदस्य उमर अली खान के सवाल के जवाब में कहा कि सहारनपुर से बेहट मार्ग के चैनेज किमी 162 से 166 तक मार्ग पूर्व से ही 4 लेन से संतृप्त है। बेहट से भूरादेव मन्दिर तक आरक्षित वन क्षेत्र होने के कारण 4 लेन हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है। भूरादेव मन्दिर से माँ शाकुंभरी देवी मुख्य मन्दिर तक 4 लेन एलिवेटेड सेतु का निर्माण मल्टीलेविल पार्किंग के बिना फिजिबिल नहीं है जिसकी कार्यवाही पर्यटन विभाग द्वारा की जानी है।

## कामन काडर के कर्मियों की एक ही जनपद में तैनाती

**लखनऊ।** प्रदेश के ऊर्जा ने विधान सभा में प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्य डा पल्लवी पटेल के सवाल के जवाब में कहा कि पति पत्नी दोनों के सरकारी, कारपोरेशन की सेवा में होने पर उप्र पावर कारपोरेशन लि द्वारा निर्धारित अद्यतन लागू स्थानान्तरण नीति में विद्यमान प्राविधान के अनुसार कॉमन कैडर के कर्मियों को यथा सम्भव एक ही जनपद, नगर में तैनात करने पर विचार किया जाता है। परन्तु विभिन्न निगमों में से किसी एक निगम में आमेलित कार्मिकों का दूसरे निगम में स्थानान्तरण नियमानुकूल नहीं है। ऐसे कर्मचारियों का उसी निगम के परिधि के अन्दर स्थानान्तरण किये जाने का विचार किया जाता है। कार्यालय द्वारा ऊर्जा निगमों में अन्तिम किये गये आमेलन के उपरान्त कारपोरेशन द्वारा कार्मिकों के अन्तर निगमीय स्थानान्तरण, आमेलन के संबंध में कार्यवाही की गई। पावर कारपोरेशन लिमिटेड के कार्यक्षेत्र में विशेष परिस्थितियों में कारपोरेशन द्वारा अन्तर निगमीय स्थानान्तरण नीति निर्गत की गयी जो कि आदेश निर्गमन की तिथि से 2 माह तक प्रभावी रही। इस प्रकार आमेलित कार्मिकों को उप्र पावर कारपोरेशन लि द्वारा अन्तर निगमीय स्थानान्तरण, आमेलन के लिए समुचित अवसर प्रदान किया जा चुका है। अत: ऐसे कार्मिकों को एक निगम से दूसरे में स्थानान्तरण किये जाने की कोई सम्भावना नहीं है।

## 130 में 110 संकल्पों के लिए की बजट की व्यवस्था

**लखनऊ।** सीएम योगी ने 2022.23 के बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बजट में अगर आप देखेंगे तो हमने जनता से जो वायदे किए थे उन सबको इसमें समाहित किया है। 2022 के चुनावों में पार्टी ने लोक कल्याण संकल्प पत्र को जारी करते हुए 130 संकल्प का वादा किया था। 130 मे से 110 संकल्पों के लिए बजट की व्यवस्था की गई है। 64700 करोड़ की राशि की इसके लिए व्यवस्था की गई है। गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं के लिए इस धनराशि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पहले आप घोषणापत्र जारी करते थे। घोषणाएं बड़ी-बड़ी होती थी, होता कुछ नहीं था। 2016 में रियो दि जेनेरियो ओलंपिक के खिलाड़ियों, बैडमिंटन से पीवी सिंधु, कुश्ती में साक्षी मलिक और जिम्नास्टिक में दीपा कर्माकर को एक-एक करोड़ देने की घोषणा की थी। 6 महीने में कुछ नहीं कियाए फिर जनता ने कुछ करने लायक ही नहीं छोड़ा। जब हमें जानकारी मिली तब 26 जनवरी 2018 को प्रदेश सरकार की ओर से हमने राशि प्रदान की। आप घोषणा के अलावा करते क्या थे, हम लोग संकल्प करते हैं और उसी आधार पर कार्य करते हैं। कहते थे नोएडा जो जाएगा वो दुबारा नहीं आएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा था कि अब तो पक्का नहीं आएंगे, मैंने कहा था कि डंके की चोट पर आउंगा। सरकार कैसे कार्य कर रही है और कैसे आप कर रहे थे। पहले राजस्व 86 हजार करोड़ का आता था। इस बार 31 मार्च तक कुल रेवेन्यू 2 लाख 30 हजार करोड़ का लाने जा रहे हैं। ये दोगुने से ज्यादा है। जीएसटी 49.51 हजार करोड़ 2016 में आता था अब 1 लाख 24 हजार करोड पार करने जा रहा है। एक्साइज में इन्होंने माफिया को हावी कर दिया था। स्टेट एक्साइज से प्रदेश को 12 हजार करोड़ से कुछ ज्यादा पैसा मिला था इस बार 45 हजार करोड़ आने जा रहा है।

# अमृतकाल में स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा यह बजट: सुरेंद्र चौधरी

**विधान परिषद**

### ● विपक्ष के सदस्यों ने कहा विकास विरोधी चुनावी बजट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद में वर्ष 2023-2024 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा में भाग लेते हुए बीजेपी के सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि यह बजट बहुत सराहनीय है और अमृतकाल में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा। हमारी सरकार में महिलाएं मंच पर खुल के अपनी बात रखती है और पुरूष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती है। हमारी सरकार में महिलाओं को जो सम्मान दिया गया है, वह पूर्व की सरकारों में नहीं था। हमारी सरकार में बरात गृहों के निर्माण के साथ-साथ प्रत्येक ब्लाक में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर जलए हर घर नल की व्यवस्था की गई है। इस सरकार में प्रदेश अपराध मुक्त है।

इससे पहले बुधवार को भोजनावकाश के बाद सदन की बैठक अधिष्ठाता डॉ. सरोजनी अग्रवाल के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। कार्यसूची की मदो को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए सपा के कहा कि यह बजट चुनावी लाभ के लिए है। पिछले बजट का केवल 50 प्रतिशत ही खर्च हुआ है। सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप इस प्रदेश को विकास नहीं विनाश की ओर ले जा रहे हैं। इस सरकार में पिछड़े वर्गों की कोई सुनवाई नहीं हैं, नोटबन्दी से देश का नुकसान हुआ है। यह बजट विकास विरोधी बजट है।

भाजपा की रमा निरंजन ने कहा यह बजट महिलाओं को सम्मान दिलाने, नारी सशक्तिकरण, छात्राओं को पढ़ाई में अग्रसर कराने और महिला हितैषी बजट है। बुन्देलखण्ड, झांसी को अलख जगाने वाली रानी लक्ष्मीबाई को नमन करती हूं। जिन्होंनें महिला सशक्तिकरण को मजबूत किया। यह बजट आगनवाड़ी योजना व मातृशक्ति को अग्रसारित करने वाला बजट है। राज्य में एक्सप्रेसवे का जाल एवं उसके किनारे उद्योग लगानेए रोजगार सृजन करने वाला बजट है। श्रीचन्द शर्मा ने कहा कि यह बजट जीडीपी के मामलें में विकास को बढ़ावा देने की ओर अग्रसर करने वाला बजट है। यह बजट शिक्षकों की भर्ती, धार्मिक स्थलों को सुधारने व पर्यटन को बढ़ावा देने वाला बजट है। यह बजट शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने वाला एवं मेरठ में मेजर ध्यान चन्द स्टेडियम निर्माण करने वालाए खेलों इण्डिया खेलों का बजट है। मैं इस बजट का समर्थन करता हूं। भाजपा के धर्मेन्द कुमार ने कहा कि इस बजट में सभी वर्गों को समान रूप से सम्मान दिलाने वाला बजट है। कानून व्यवस्था सुधारने का बजट है। जी-20 की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश को गौरवान्वित करने वाला एवं सरकार को नई-नई योजनाओं की ओर अग्रसर करने वाला बजट है। मैं इस बजट का समर्थन करता हूं। सपा के मोहम्मद जासमीर अंसारी ने कहा कि इस बजट में चिकित्सा व्यवस्था एवं ट्रामा सेन्टर की उचित व्यवस्था नहीं है। मैं इस बजट का विरोध करता हूं। भाजपा के मोहसिन रजा ने कानून का राज स्थापित करने वाला बजट बताया है। भाजपा की सरकार ने राशन देने, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा को बेहतर बनाने का कार्य किया है। मैं इसका पुरजोर समर्थन करता हूं। इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि इस बजट में उद्योग लगाने, सड़क बनाने, एयरपोर्ट बनाने, गरीबों का घर बनाने का प्राविधान वाला बजट है। इस बजट का मैं पूरजोर समर्थन करता हूं। भाजपा के सलिल विश्नोई ने कहा कि यह बजट बिजली, शौचालय, शिक्षा, मुफ्त दवाई एवं रोजगार को गति देने वाला क्रान्तिकारी बजट है। इस बजट का मैं पूरजोर समर्थन करता हूं। इसके बाद अधिष्ठाता डॉ. सरोजनी अग्रवाल ने सदन की बैठक कल 2 मार्च को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## समिट के जरिए प्रस्तावित निवेश से उपलब्ध होंगे एक करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर

### ● मंत्री अनिल राजभर ने कहा, हर हाथ को काम के संकल्प के साथ मिशन रोजगार की दिशा में काम कर रही सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से संपन्न हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए प्रस्तावित 33.50 लाख करोड़ रुपए के निवेश का सबसे बड़ा फ ायदा बेरोजगारों को मिलने जा रहा है। इस निवेश से प्रदेश में एक करोड़ से अधिक रोजगार उपलब्ध होंगे। राजभर बुधवार को विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्य डॉ. मान सिंह यादव और आशुतोष सिन्हा द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर हाथ को काम के संकल्प के साथ मिशन बेरोजगार की दिशा में तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति हमारी प्राथमिकता है। हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश कामगार एवं श्रमिक आयोग का गठन किया है। जिसके अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री हैं। श्रमिकों, बेरोजगारों, नौजवानों का सर्वांगीण विकास कैसे हो इसके लिए सेवा मित्र पोर्टल भी बनाया गया। हम बेरोजगारों की कैरियर काउंसलिंग भी कर रहे हैं। यूरोप के देशों, गल्फ कंट्री, जापान और कोरिया में पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग की मांग को देखते हुए सरकार मददगार बन रही है और उनकी काउंसलिंग कर रही है। मंत्री ने आंकड़ों के आधार पर जानकारी देते हुए सदन को जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी की दर बीजेपी शासनकाल में लगातार घटी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में देश की बेरोजगारी दर 8.29 और उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर 13.25 थी जो घटकर जनवरी 2023 में 4.20 हो चुकी है जबकि देश की बेरोजगारी दर वर्तमान में 7.10 है। इस प्रकार आप रोजगार देने में फेल हो गए हैं। मंत्री राजभर ने कहा कि सेवायोजन विभाग हर विधानसभा क्षेत्र में रोजगार मेला लगवाने जा रहा है। सपा के आशुतोष सिन्हा ने वर्तमान में बेरोजगारी तथा सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत व्यक्तियों के सापेक्ष रोजगार बढ़ाए जाने के संबंध में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री से प्रश्न किया। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि एक पद पर नौकरी के लिए 773 लोग आवेदनकर्ता हैं। सरकार सिर्फ 0.2 प्रतिशत ही नौकरी देने की स्थिति में है। अनुपूरक प्रश्नों में सिन्हा ने कहा कि सूची में जो सूचना है वह गलत है। इस पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने डाटा चेक कराकर इस पर कार्रवाई करवाने के निर्देश दिए।



## शिक्षित बेरोजगारों के मुद्दे पर बसपा का वॉकआउट

**लखनऊ।** विधान परिषद में बसपा सदस्य भीमराव अंबेडकर ने शिक्षित बेरोजगारों का मामला कार्यस्थगन प्रस्ताव के रूप में प्रमुखता से उठाते हुए राज्य सरकार पर शिक्षित बेरोजगारों का आर्थिक व मानसिक शोषण किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विज्ञान और गणित के सहायक शिक्षकों के 29334 पदों पर निकाली गई भर्ती की प्रक्रिया कई साल बाद भी पूरी नहीं की गई है। उनके आरोपों का जवाब देते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि 8 चरणों की काउंसलिंग के बाद ज्यादातर पदों पर नियुक्ति कर दी गई है और शेष पदों को पदोन्नति के आधार पर भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती परीक्षा के संबंध में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए निर्देशों का अक्षरस: पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह मामला अभी भी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। जिस पर सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि जो मामला न्यायालय में है उस पर सदन में चर्चा नहीं होगी। उन्होंने कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकृत करते हुए सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने पर बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने सदन का त्याग किया।

**राज्य सरकार का दावा**

## बेहतर चिकित्सा इंतजमों से यूपी में मृत्यु अनुपात व शिशु मृत्यु दर आई भारी कमी

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने बुधवार को विधान परिषद में दावा किया कि प्रदेश में बेहतर चिकित्सा इंतजामों के चलते उत्तर प्रदेश में मृत्यु अनुपात और शिशु मृत्यु दर में काफी कमी आई है। चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सदन को जानकारी दी कि 2011-2013 में जो मृत्यु अनुपात 285 प्रति लाख था वह घटकर 2018- 2020 में 167 प्रति लाख हो गया है। इसी प्रकार शिशु मृत्यु दर जो 2011-2013 में 57 प्रति हजार थी वह घटकर 2018-2020 में 38 प्रति हजार हो गई है। राज्यमंत्री बुधवार को विधान परिषद में सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, नरेश चन्द्र उत्तम, डॉ. मान सिंह यादव, आशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव, मो. जासमीर अंसारी एवं शहनवाज खान की ओर से कार्यस्थगन के रूप में उत्तर प्रदेश की जर्जर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सदन को जानकारी दी कि हमारी सरकार ने प्रदेश के 19000 से अधिक उपकेंद्रों को प्रधानमंत्री आयुष्मान वेलनेस सेंटर में परिवर्तित किया है। पिछले चार माह में 14 हजार से अधिक सीएचओ की नियुक्ति की है। जिससे जनता को घर के पस ही चिकित्सीय परामर्श, दवाएं और टेलीमेडिसिन की सुविधा मिल सके। पहली बार विशेष चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए अलग से नियमावली बनाई गई है। 1029 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। लोक सेवा आयोग द्वारा 2382 और विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया है।

## बीजेपी एमएलसी की शिकायत पर जांच के आदेश

**लखनऊ।** बीजेपी एमएलसी विजय बहादुर पाठक की ओर से विधान परिषद सदन में की गई एक शिकायत पर अधिष्ठाता डॉ. सरोजनीनगर अग्रवाल ने जांच के आदेश दिए हैं। पाठक ने सदन को जानकारी दी कि आज नियम-111 के तहत उनकी एक सूचना को सभापति ने कार्रवाई के लिए भेजा है जबकि उन्होंने आज ऐसी कोई सूचना लगाई ही नहीं। संबंधित सूचना पर उनके हस्ताक्षर भी नहीं हैं। ऐसे में उनके नाम पर सूचना कैसे लग गई? किसने यह सूचना लगाई? उन्होंने कहा कि सदन में सीसीटीवी कैमरे के कवर में सूचनाएं लगाई जाती हैं। उन्होंने मांग की कि प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई जाए कि कहीं ऐसा कोई रैकेट तो नहीं चल रहा जो सदस्यों के नाम पर सूचनाएं लगा देता है। अधिष्ठाता डॉ. सरोजनीनगर अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकरण की जांच कराकार कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार बिजय बहादुर पाठक के फर्जी हस्ताक्षर से एनएचएम में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों से जुड़ी अनियमितताओं की शिकायत की गयी थी।

# खोया मंडी पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

- बीस किलो से अधिक लावारिस खोया किया गया नष्ट
- होली के मद्देनजर शुरू हुआ विशेष अभियान, 6 मार्च तक चलेगा
- असुरक्षित पाए गए नमूनों में उम्र कैद तक का है प्रावधान
- जुर्माना वाले मामलों में 10 लाख रुपए तक हो सकता है जुर्माना

**संवाददाता।** सीतापुर

**आम** से लेकर खास तक सभी जानते हैं, कि मिलावट का जहर समाज के लिए कितना हानिकारक है, मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से लोग न केवल पेट के गंभीर रोगों से परेशान होते हैं, बल्कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी भी होने का खतरा रहता है। ऐसा नही है कि खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी से निपटने के कानूनी इंतजाम नहीं हैं, संविधान के मुताबिक मिलावट का स्तर असुरक्षित अर्थात सेहत के लिए गंभीर हानि पहुंचाने वाला पाए जाने पर जहां आजीवन कारावास तक की सजा दी जा सकती है, तो वहीं अधोमानक नमूनों के 3 जुर्माना वाले मामलों में 10 लाख रूपए तक के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। जाहिर है, इस मामले में कानून काफी कड़े हैं, कार्रवाई का सिरा एक तरफ अपर जिलाधिकारी की ओर जाता है, जबकि दूसरा सिरा न्यायालय पहुंचता है, लेकिन शायद ही कभी किसी को इतनी सजा मिलती हो। अधिकांश मामले कभी लचर पैरवी तो कभी अन्य वजहों से मामूली सजा या जुर्माने से ही निपट जाते हैं, लिहाजा मिलावट का कारोबार बदस्तूर चलता रहता है। एक तो दूध पनीर खोया जैसे खाद्य पदार्थों के उत्पादन से ज्यादा खपत होना, और मिलावट से होने वाला भारी मुनाफा इस समाज विरोधी कारोबार के जारी रहेंगे, एक और वजह है त्यौहारों में तो स्थितियां और भी गंभीर हो जाती हैं, खोया, दूध, पनीर से लेकर होली के मौके पर बिकने वाले तमाम तरह के चिप्स, पापड़, नमकीन, मिठाइयां, तक सेहत संबंधी मानको को दरकिनार कर बनाई और बेची जाती है, ऐसे में त्यौहारी सीजन पर आमजन को मिलावट के जहर से बचाने के लिए शासन अपने खाद्य सुरक्षा विभाग को एलर्ट जारी कर देता है। मौजूदा वक्त होली का त्यौहार सामने है, लिहाजा इस बार भी खाद्य सुरक्षा विभाग मुस्तैद हो गया है, जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देशानुसार सीतापुर में खाद्य सुरक्षा दस्ते की दो टीमें गठित की गई हैं, जिन्हें संबंधित उपजिलाधिकारियों के दिशा निर्देशन में छापेमारी का आदेश जारी कर दिया गया है। बुधवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक ऐसी टीम ने शहर की खोया मंडी में अचानक छापा मार दिया। टीम की आमद होते ही तमाम खोया व्यापारी अपना खोया मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। टीम ने इस दौरान दो लोगों के पास मौजूद खोया के नमूने भरे जबकि लावारिस हालत में पाए गए, 20 किलो से ज्यादा खोया को नष्ट कर दिया गया। मिलावट के विरूद्ध अभियान वैसे तो पूरे साल जारी रहने के दावे किए जाते है, लेकिन विभागीय आकड़ों को माने तो जिले में तकरीबन 10 हजार व्यापारी ही, खाद्य पदार्थ बनाकर बेंचने के लिए पंजीकृत हैं, जबकि असल में इनकी संख्या कई गुना ज्यादा है, जाहिर है, सतत निगरानी में कहीं न कहीं कमी रह जा रही है, जिसका फायदा उठाते हुए मिलावट खोर मालामाल हो रहे हैं, जबकि आमजन इनकी दी हुई बीमारियों से जुझने को मजबूर हैं।

# श्रीबालाजी महाराज के प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री टेनी

**संवाददाता।** निघासन खीरी

**निघासन** इलाके के रकेहटी, बरोठा दो जगह श्री बाला जी महराज के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुँच कर पूजा अर्चना केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी द्वारा किया गया। क्षेत्र के बरोठा गांव के बीर बाबा स्थान पर श्री वीरेश्वर बाला जी महाराज के प्राण प्रतिष्ठा में त्रिदिवसीय कार्यक्रम गायत्री परिवार के विद्वानों व वीरेंद्र त्रिपाठी और राजेंद्र त्रिपाठी दिवाकर त्रिपाठी और विद्वानों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा किया गया जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस जल कलश यात्रा एवं द्वितीय दिवस से गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया और रकेहटी नगर के स्थित प्राचीन श्री बुढ़वा बाबा मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के साथ हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में



पहुंचे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने हनुमान जी की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चारण पूजन के बाद अनावरण किया। बताते चलें कि निघासन इलाके के रकेहटी कस्बे में स्थित प्राचीन श्री बुढ़वा बाबा मंदिर प्रांगण में निघासन इलाके के प्रमुख व्यवसायी / समाजसेवी दिग्विजय गुप्ता द्वारा अपने पिता स्व प्रेमसागर गुप्ता, भाई स्व पुरुषोत्तम गुप्ता की पुण्य स्मृति में सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजन किया गया। आयोजन में कानपुर बिठूर के विख्यात कथा व्यास अजयानंद शास्त्री द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया गया, प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रथम दिन शोभायात्रा, द्वितीय दिन मंडप प्रवेश मूर्ति जलावास, अन्नाधिवास, मिष्ठानाधिवास, पुष्पाधिवास, फालाधिवास, मूर्ति शोभायात्रा के बाद कार्यक्रम के अंतिम दिन सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन के बाद हनुमान जी की मूर्ति स्थापना की गई, उसके बाद आरती, कन्या भोज के बाद विशाल भंडारा किया गया, जिसमें इलाके व कस्बे के समस्त धर्मानुयायी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य प्राप्त किया। प्रतिष्ठित हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम देवकली तीर्थ से आए वैदिक मंडल प्रमुख आचार्य पंडित राजेश शास्त्री, अनुज शास्त्री, पवन कुमार शास्त्री सहित समस्त वैदिक मंडल द्वारा संपन्न कराया गया, जिसमें समस्त परिवार, इष्ट मित्र भक्त समुदाय के साथ इलाके के छैलबिहारी पांडे, रामबिलास बाथम, अनिल कुमार पांडेय, योगेंद्र चतुर्वेदी, सासंद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवार, नागेंद्र सिंह सेंगर, रतिराम लोधी अशोक तिवारी, ग्राम प्रधान चंद्रहास अमर प्रकाश शुक्ला केके विश्वकर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पुलिस अधिकारी का रौब जमाते हुए सर्राफा दुकान से करीब दो लाख की ज्वैलरी लेकर चंपत

**संवाददाता।** सीतापुर

**एक** सर्राफा व्यवसायी के प्रतिष्ठान में पुलिस अधिकारी बताते हुए रौब जमाने वाले लोग करीब दो लाख रूपए की ज्वैलरी उड़ाकर चंपत हो गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। कथित पुलिस अफसरों के जाने के बाद दुकानदार को जब हकीकत पता चली तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई, गायब जेवरात की कीमत करीब दो लाख रूपए बताई जा रही है, पीड़ित दुकानदार ने घटना को लेकर तहरीर दे दी है, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शातिरों की तलाश में जुट गई है। लेकिन घटना होने के 24 घंटे बाद तहरीर का दिया जाना सवालों के घेरे में आ गया है। तहरीर देर से दी गई, या पुलिस की टाल मटोल से देरी हुई, इसे लेकर चर्चाएं हो रही हैं। मामला सीतापुर जिला अंतर्गत मिश्रिख नगर का है, मोहल्ला रन्नूपुर निवासी राजेश कुमार की पीपल चौराहे के निकट हरी ज्वैलर्स के नाम से दुकान हैं, राजेश कुमार के मुताबिक एक व्यक्ति पुलिस का मोनाग्राम लगी जैकेट पहनकर उनकी दुकान में आया, और खुद को पुलिस अधिकारी बताकर चांदी का ताबीज मांगा जो 80 रूपए में उसने खरीद लिया। दुकानदार के मुताबिक उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी था, जिसने अपनी बेटी के लिए सोने की बाली मांगी, तो वह रैक खोलकर बाली दिखाने लगा, इसके बाद हुई घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। दुकानदार के मुताबिक टप्पेबाजी की इस घटना में करीब एक लाख 87 हजार कीमत की ज्वैलरी चोरी हुई है। अहम पहलू यह है, जिसे लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है कि टप्पेबाजी की यह वारदात सोमवार दोपहर हुई थी, लेकिन दी गई तहरीर पर 28 फरवरी की तारीख पड़ी हुई है। अब तहरीर देने में 24 घंटे की देरी पीड़ित दुकानदार द्वारा की गई। या तहरीर लेने में पुलिस की आना कानी देरी की वजह बनी यह सवाल बना हुआ है।

## होली पर्व के दृष्टिगत नगर आयुक्त ने नगर क्षेत्र में किया निरीक्षण

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नगर** आयुक्त संतोष शर्मा ने होली पर नगर क्षेत्र में निकलने वाले छोटे लाट साहब एवं बड़े लाट साहब के जूलूस मार्गो-जेल रोड, अंटा चौराहा, बेरी चौकी, केरुगंज, सराय काईयां का निरीक्षण किया । नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने निरीक्षण के समय जूलूस मार्गो पर जल निगम द्वारा कराये जा रहें रिस्टोरेषन कार्य की स्थिति को देखा।

निर्देषित किया कि होली पर्व के पूर्व ही षीघ्र ही गड्डों को लेवल करा दिया जायें, जिससे आम-जनमानस को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़ें। साथ ही सराय काईयां से पूत्तूलाल चौराहें मार्ग पर निकलने वाले छोटे लाट साहब की स्थिति को भी देखा । निरीक्षण के समय सराय काईयां में पुलिस चौकी के पास सुरक्षा के दृश्टिगत नाला को कवर कराये जाने तथा साइड पर ही पैरा पैट वॉल बनवायें जाने के निर्देष संबन्धित को दिये गये। इसके अतिरिकत साफ-सफाई को दुरस्त रखने के विषेश निर्देष दिये गये। नगर आयुक्त द्वारा मघई टोला स्थित निर्माणाधीन गौषाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय 04 मिस्त्री और 13 श्रमिक कार्यरत् पाये गये। निर्माणाधीन गौषाला में बाउन्ड्री वॉल को ऊँचा रखने तथा एक साइड को खुला रखने, कार्यालय कक्ष की ओर थोड़ा हिस्सा खुला रखने के निर्देष दिये गये, जिससे गर्मी में पशुओं को अधिक गर्मी न लगें।

## एलपीजी गैस सिलेंडर हुआ 50 रुपये और महंगा

**संवाददाता।** सीतापुर

महंगाई की मार से त्रस्त अवाम को एक और बड़ा झटका मिला है। सुबह के ब्रेक फास्ट से होकर सेहत को तंदरूस्त बनाने के लिए पिए जाने वाले दूध को महंगाई ने पहले से पतला कर दिया है। अब मार्च माह के पहले ही दिन गैस उपभोक्ताओं को फिर से होली के बमुश्किल एक सप्ताह पहले सरकार ने महंगाई का तोहफा दिया है, इससे उपभोक्ताओं की जेबें और ढीली होंगी। सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये तो कार्मिशयल सिलेंडर पर करीब 350 रूपये की बढ़ोत्तरी की गई है। गैस पर बढ़ी हुईं कीमतें लागू कर दी गई है। इस बढ़ी हुई कीमत का असर जिले के लाखों लाख उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। हर माह कितने करोड़ रुपये गैस की आंच में और स्वाहा हो जाएंगे। दरअसल, सीतापुर में जिला पूर्ति कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार 9 लाख 77 हजार 691 के करीब उपभोक्ता हैं। इसमें 5,77,573 के करीब उज्जवला के कनेक्शन धारक हैं। अब इस तरह से अगर एक उपभोक्ता पर 50 रुपये प्रतिमाह बढ़ेंगे तो कुल मिलाकर करीब 4,88,84,550 रूपए का बोझ 9,77,691 कनेक्शन धारकों पर पड़ेगा। सीतापुर के जिला पूर्ति अधिकारी संजय प्रसाद के अनुसार, 50 रुपये महंगा होने के बाद जिले में अब एलपीजी गैस सिलेंडर 1137.50 रुपये का है। हालांकि, कार्मिशयल गैस सिलेंडर पर 325 रुपये बढ़ाए गए हैं। देश की राजधानी दिल्ली में इस सिलेंडर की कीमत 1103 रुपए हो गई है। जबकि, 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल गैस सिलेंडर 350.50 रुपए महंगा हुआ है। दिल्ली में एक कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 2119.50 रुपए हो गई है। मुंबई में 1052.50 रुपए में मिलने वाला घरेलू गैस सिलेंडर 1102.50 रुपए में मिलेगा। कोलकाता में सिलेंडर की कीमत 1079 रुपए से बढ़कर 1129 रुपए हो गई है। चेन्नई में भी घरेलू गैस सिलेंडर महंगा हो गया है। इस शहर में पहले 1068.50 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर मिलता था, लेकिन अब इसकी कीमत बढ़कर 1118.50 रुपए हो गई है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार पेंटर की मौत

**बरेली।** काम करके मोटरसाइकिल से घर लौट रहे एक पेंटर को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी टक्कर मारने वाली कार का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पेंटिंग का काम करने वाले क्योंलड़िया थाने के गांव जगधारी निवासी 35 वर्षीय किशनपाल पुत्र भगवान दास की बीती रात भुता के गांव रजपुरी नवादा स्थित स्टेट बैंक के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

## अधिवक्ता जयश पाण्डेय हुए सम्मानित

**सीतापुर।** अधिवक्ता दिल्ली उच्च न्यायालय जयश पाण्डेय को पूर्वांचल प्रतिभा सम्मान समारोह में भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा द्वारा समाज हित में कार्य करने के लिए सम्मनित किया गया।


**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Kavita Sharma** who is purchasing the Residential Property admeasuring 55 sq. yds. (15' X 33'), part of Khewat/Khata No.88/133, Mustakil No.38, Kila No.22, Mustakil No.47, Kila No. 2, situated at Mauja Agwanpur, Near Surya Nagar, Part-I, Tehsil and District Faridabad, Haryana; from **Mrs. Kavita W/o. Mr. Ashok Kumar** who is owner of the aforesaid property vide Sale Deed dated 27.05.2021 (vide Document No.892), registered with the office of the Sub-Registrar, Faridabad; and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
Plot no.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049; Contact # 011-40046316

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, T R Jayanthi W/o Kishore Kumar Alias K.S. Kishore Kumar, Cont. 93103 - 90804, Email: jayaku6789@gmail.com, R/o. 297 Old MIG Flats Prasad Nagar Karol Bagh Delhi - 110005 has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like original share certificate respected Flat No. 213, Vishwas Nagar Evacuee's Plot Purchaser CGHS Ltd Known As Vishwas Apartment Plot No 6A Sector 23 Dwarka New Delhi-75, issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 21.02.2023. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (GH) C-block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Sunil Tiwari S/o. P.C. Tiwari, Cont. 9380466155, Email: tiwari.mailtome@gmail.com, R/o. Janta Flat No. 178-B, First Floor, Gazipur, Delhi has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like Original Allotment-cum-Demand Letter, Possession Letter of Janta Flat No. 178-B, First Floor, Gazipur, Delhi, issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 23.02.2023. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (LAB housing) D-block, 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**Public Notice**

Notice is hereby given to the Public that originals **Builder Buyer Agreement Shop No. 3 G/F 78 Guru Amar Das Bhawan Nehru Place New Delhi 110019 in originel lost while coming to Green Park from East of Kailash and reported and loded Fir on 04/03/2016 vide SO No. 430/2014 LR No. 211973/2016** in respect to Shop No. 3, G/F, 78 Guru Amar Das Bhagwan Nehru Palace, New Delhi-110019 as well as all other concerned documents of the said property has also been misplaced. All person are hereby informed not to deal carry our any transaction with any one on the basis of the said missing document(s). If any one has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days from the date of publication hereof, failing which the claims of such person/s will be deemed to have waived and/or abandoned.

Dated this 28th day of February, 2023

**Prem Kumar Sharma (Advocate), Enrollment No. R/180/1993**
**D-3, H.K.M. Nagar, Alwar, Rajasthan**


# स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह आयोजित

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**स्वामी** शुकदेवानंद विधि महा विद्यालय के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में केरल के राज्यपाल माननीय आरिफमोहम्मद खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, केरल के राज्यपाल, महामहिम आरिफ मोहम्मद खान ने विद्यार्थियों को उद्बोधन देते हुए कहा कि,श् सत्यं वद धर्मं चरश् से बड़ी कोई दीक्षा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी सिद्धांत को केवल जान लेना काफी नहीं है, बल्कि उसे जीवन में आत्मसात करके उसके अनुसार आचरण करना चाहिए।

उन्होंने बताया के कानून का अध्ययन सभी को करना ही पड़ता है। हमें अपने प्रत्येक कार्य को परमेश्वर के लिए समर्पित करना चाहिए। जीवन प्रकृति का तोहफा है किंतु जीवन जीने की कला शिक्षा से आती है। हमें महत्वाकांक्षा निसंदेह रखनी चाहिए किंतु आदर्श चरित्र एवं मर्यादा को ध्यान में रखते हुए। उन्होंने कहा की परंपराओं को समझ कर आत्मसात करने से सभी समस्याएं सुलझ जाएंगी। सभ्य समाज वह है जहां ताकतवर व्यक्ति कमजोर व्यक्ति



की सुरक्षा की जिम्मेदारी लें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने पंचवर्षीय विधि स्नातक के अभिनव दीक्षित एवं अनु गुंज, त्रिवर्षीय विधि स्नातक के हर्ष त्रिपाठी एवं कशिश तिवारी तथा विधि परास्नातक की कु राखी देवी, बिलाल हसन एवं शिवा शुक्ला को स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय की एन. सी. सी. कैडेट कुमारी आकांक्षा मिश्रा को 15 दिवसीय शिविर में बेस्ट कैडेट अवार्ड प्राप्त करने के उपलक्ष्य में तथा श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ के छात्र यश गुप्ता को हाई स्कूल परीक्षा में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया।

## धीमी कार्य प्रगति पर डीएम का पारा हुआ हाई

**शाहजहाँपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला पेय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यो की समीक्षा की गयी। डीएम ने कहा कि सभी कार्यों को मानकों के अनुसार ससमय पूर्ण किया जाये। उन्होंने कवर एग्रीमेंट की धीमी प्रगति पर कार्यदायी संस्था मै एनसीसी लि को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुये कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्यो को समय से पूर्ण करें। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि रिस्टोरेशन का कार्य मानकों के अनुरूप कराया जाये तथा मानक के अनुसार ही नल लगाये जाने का भी आदेश दिया। डीएम ने आईएसए का कार्य कर रही संस्था भावना एवं भूषण सेवा संस्थान के कार्यो की धीमी प्रगति पर चेतावनी देते हुये कहा कि एक सप्ताह में सुधार न किये जाने पर कार्यवाही की जायेगी।

## बिना अनुमति के काटे गए वृक्षों के मामले को दबाने का प्रयास

**संवाददाता।** गोलागोकर्णनाथ-खीरी

**राजकीय** कृषि फार्म जमुनाबाद प्रखंड 6 गोला (खीरी) में बीते दिनों 6 आम के खड़े वृक्षों को बगैर अनुमति के काटने की खबर पर वन विभाग गोला के वनरक्षक ने मौके पर जाकर मौका मुआइना कर नोटिस जारी किया था। 24 फरवरी को प्रक्षेत्र के प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने जवाब दिया है उसमें एक दैनिक श्रमिक को आरोपी जताते हुए आरोपी सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों को बचाने का सुंदर प्रयास किया गया है। जानकारी दें कि राजकीय कृषि फार्म जमुनाबाद गोला के प्रखंड 6 में खड़े तीन आम के वृक्षों को पहले सुखाया गया, फिर इन वृक्षों का कटान कराया गया जिसकी समय से खबर पाकर वनरक्षक विकास सिंह ने देखा था, उनका मौजूद कर्मियों से वादविवाद भी हुआ था व मामले की खबर उच्च अधिकारियों को दी थी जिसके बाद वन विभाग ने नोटिस देकर जवाब तलब किया था जिसमें प्रक्षेत्र प्रबंधक राजकीय कृषि फार्म जमुनाबाद गोला खीरी संजीव कुमार सिंह ने 24 फरवरी 2023 को दिए गए लिखित जवाब में कहा है कि वह विभागीय कार्य से लखनऊ में थे, प्रखंड की जिम्मेदारी प्रखंड प्रभारी की होती है आगे कहा कि फार्म प्रखंड कार्यालय व आवास में सूखे व सड़े आम के तीन वृक्षों को घातक होने के चलते दैनिक श्रमिक ओम प्रकाश यादव ने कटवा कर लकड़ी को प्रखंड में रखवा दिया है। गौरतलब हो कि बगैर विभागीय अनुमति के तीन वृक्षों को कटवाने के लिए केवल दैनिक श्रमिक ही जिम्मेदार है।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client IDFC First Bank Ltd. that Mr. Rathu Lal Jain is the owner of Upper Ground Floor without terrace/roof rights (the said floor) Built on Eastern Southern Portion of area measuring 50 Sq. Yds, of Property No.496-E/2, area measuring 100 Sq. Yds, built on Plot No.30, out of Khasra No.2388/1317/638 & 2288/1317/638, Situated in the area of Village Chandrawali alias Shahdara, in the abadi of Bhola Nagar, Rama Block, Ration Office Road, Near Sona Nursing Home, Illaqa Shahdara, Delhi, has lost/misplaced SMC stating legal heirs of late Mr. Madan Lal. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Dayanand Bhardwaj & Smt. Juli Bhardwaj have acquired the Land area measuring 40 + 50 = 90 sq. yards., out of khasra no. 313 min & khasra no. 313 min, situated at Gagan Vihar Colony, Gram Brahmpur known as Bhopura, Pargana Loni, Tehsil & Distt. Ghaziabad, U.P. vide Sale Deed Dated 16.09.2002, Doc no. 5199, Sale Deed dated 07.11.2006, Doc No. 11931 & Regd. GPA dated 08.09.2010. Now, Mr. Dayanand Bhardwaj & Smt. Juli Bhardwaj are mortgaging the above said property with Suryoday Small Finance Bank & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**Public Notice**

This is to inform General Public that Mr. Pradeep Kumar Gupta & Mrs. Vineeta Rani Gupta acquired the Entire Basement and Entire Ground Floor without roof rights, built up Property Bearing No. Abhay Khand-II/87, area measuring 223.45 Sq. Mtrs. (except First Floor without roof rights), Situated at Indirapuram, Ghaziabad, (U.P); vide Sale Deed dated 01.07.2010, (Doc. no. 17561,). Now, Mr. Pradeep Kumar Gupta & Mrs. Vineeta Rani Gupta are mortgaging the above said property to Axis Finance Limited. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Amrita Singh is attorney holder of Built up Portion of Property Bearing No. 9 (New Plot No. B-206-A), Land area measuring 40 Sq yds. Built on Plot No. 9, out of Khasra No. 5/15, Situated in the area of Village Hastal Colony Known a Vikas Vihar, Vikas Nagar, New Delhi-110059 vide Notarized GPA dated 20.11.2012 executed by Mrs. Akhtari Khatoon. Now, Mrs. Amrita Singh intending to sell above said property to Mrs. Moni Chaudhary and Now, Mrs. Moni Chaudhary is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi- 110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

My Client Mrs. Chandrakala W/o Sunil Kumar is the owner of Second Floor without Roof Rights, bearing **Property No. 1/5386,** (100 sq. yds.), **Khasra No. 1/188 & 1/189,** Village- Ziauddinpur, Gali No. 14, Balbir Nagar Extension, Shahdara, Delhi -110032, by virtue of Sale Deed Dated 22.04.2022 vide **Regd. no. 2588,** Book No. 1, **Vol. No. 4080, pages 192-200,** and my client having clear interest in respect of said property. She has purchased the said property through auction and now the same is being Mortgage with AUSFB, till date there is no appeal/litigation is pending before any Court of Law in India against this auction.

Sd/-
**ANKUR VERMA**
**ADVOCATE**
**ENROLL NO. D/684/2020**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वप्रिय महाजन कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड, 202,वर्धमान एवन शॉपिंग प्लाजा,LSC, C-Block मार्केट,सरस्वती विहार,पीतमपुरा,दिल्ली-110034 DCS नियम 2007 की धारा 19(2) का अनुसरण करते हुए दिल्ली की जनता से जो कि DCS नियम 2007 की धारा 19 व 20 की सभी शर्तो को पूरा करती है, से 3 बेडरुम फ्लैट (अनुमानित लागत 1.5 करोड़ रुपये) (कारपेट एरिया लगभग 90.88 मीटर) के लिए सर्वप्रिय महाजन CGHS Ltd (Regd. No. 1384-GH) में तीन रिक्त सदस्यता जो कि सदस्यों के सोसाइटी में त्यागपत्र देने के कारण उत्पन्न हुई है, के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति, सोसाइटी आफिस 202,वर्धमान एवन शॉपिंग प्लाजा,LSC,C-Block मार्केट सरस्वती विहार, पीतमपुरा दिल्ली 110034 से प्रातः 10 बजे से सांय 4:30 बजे के बीच निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर, उसे भरकर उसके साथ 83,50,360/- रुपये का (जिसमें अंशराशी, प्रवेश शुल्क, भूमि राशी और निर्माण राशी शामिल है), सर्वप्रिय महाजन कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड के नाम का पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के साथ, इस सूचना के छपने के 15 दिनों के भीतर आवेदन कर सकते हैं। सदस्य द्वारा समीकरण राशि (Equalisation Charges) भी DCS Act एवं Rules के नियमानुसार जमा करनी होगी।

प्रेजिडेंट-सर्वप्रिय महाजन CGHS लिमिटेड

**PUBLIC NOTICE**

"It is to informed to the public at large that Mr. Gurmeet Singh S/o Sh. Gurbax Singh, r/o 2/408, Subhash Nagar, Tagore Garden, New Delhi, who is owner of the Property i.e. Third Floor with roof rights towards Northern half Portion (LHS), built on Plot no. 88, Block-H, area 148.5 sq. yds., out of total area 297 sq. yards, situated in Shivaji Park, village Madipur, Delhi, hereinafter referred to as "said property", having acquired the same by virtue of Sale Deed dated 20.02.2023 executed by Surinder Pal Singh, Manbir Singh Sahni & Smt. Malika Kaur (Registration no. 1174 dated 22.02.2023, regd. in SR-II-A-Punjabi Bagh, Delhi). The said Property has been mortgaged by the owner with Tata Capital Housing Finance Limited (a Non-Banking Financial Company). Some Property paper of said Property i.e. Original Sale deed dated 20.02.2023 in the name of Mr. Gurmeet Singh (Registration no. 1174 dated 22.02.2023), which was supposed to be deposited by Law Firm (on the panel of Tata Capital Housing Finance Limited) namely RAHEJA ASSOCIATES, having office at D-142, LGF, Lajpat Nagar-1, New Delhi, has been lost by one Ajay Kumar s/o Sh. Madheshwar Bhagat, who is working as a Field Executive-Legal in said Law Firm RAHEJA ASSOCIATES, and in this regard a Lost Report has been lodged vide LR no. 198585/2023 dt. 28-02-2023, PS Crime Branch, Delhi, and are not traceable. If anybody found the same, Plz return at the address mentioned below. Whosoever, is having any objection to said mortgage OR any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 15 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**VIPUL KR. RAHEJA (Advocate)**
**Chamber No. 55, Civil Side,**
**Tis Hazari Courts,**


# पेज एक का शेष

## पूर्वोत्तर के...

(आईपीएफटी) ने जनजातीय क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया था। पिछली बार के चुनाव में भाजपा ने 36 और आईपीएफटी ने आठ सीटें जीती थीं। आईपीएफटी के संस्थापक एन सी देबबर्मा के निधन के बाद माना जा रहा है कि पार्टी की प्रभाव कम हुआ है। ऐसे में बहुमत हासिल करने का भार काफी हद तक भाजपा के कंधों पर है जबकि उसके दो मुख्य प्रतिद्वंद्वी एकजुट हो गए हैं। दो दशक तक वाम दलों का गढ़ रहे त्रिपुरा में भाजपा ने 2018 में शानदार जीत दर्ज की थी और उसके इस किले को उसने छीन लिया था। इससे पहले हुए 2013 के चुनाव में भाजपा एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। अलबत्ता, 2018 में भाजपा की आश्चर्यजनक वृद्धि को पार्टी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर अपनी वैचारिक जीत के रूप में पेश किया था। ऐसे में भाजपा यदि यहां हारती है तो उसे एक झटके के रूप में देखा जाएगा। भले ही राष्ट्रीय फलक पर त्रिपुरा का अपेक्षाकृत मामूली प्रभाव हो। मेघालय और नगालैंड, दोनों में क्षेत्रीय दल बड़े खिलाड़ी बने हुए हैं, वहीं भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित अपने सभी बड़े नेताओं के साथ राज्यों में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए एक धारदार अभियान चलाया। पहली बार भाजपा मेघालय की सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और लगातार नेशनल पीपुल्स पार्टी के नेता और मुख्यमंत्री कोनराड संगमा पर देश की सबसे भ्रष्ट राज्य सरकार चलाने के लिए निशाना साध रही है। मेघालय में भाजपा संगमा के नेतृत्व वाली सरकार में साझेदार थी लेकिन चुनाव से पहले उसने गठबंधन तोड़ लिया था। पार्टी को उम्मीद है कि विधानसभा में उसकी ताकत बढ़ेगी और विधायकों की संख्या में चार गुना से अधिक की वृद्धि हो सकती है।

## अतीक के...

दिए गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मकान खाली करने के दौरान वहां से एक तलवार और दो असलहे मिले जिसे पुलिसकर्मियों ने अपने कब्जे में ले लिया। मकान खाली करने के बाद वहां के घरेलू सामानों को गली के बाहर एक खाली भूखंड में रखा गया जिसमें अतीक अहमद की पत्नी और बेटों के शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और संपत्ति के नक्शे आदि शामिल हैं। इस खाली पड़े भूखंड पर कभी अतीक अहमद का आलीशान बंगला हुआ करता था जिसे पीडीए द्वारा ध्वस्त कर खाली भूखंड में तब्दील कर दिया गया। इस भूखंड पर शाइस्ता परवीन के बसपा के महापौर प्रत्याशी के पर्चे का बंडल और अतीक अहमद के पुराने फोटो का एक अलबम भी देखा गया।

## अतीक को...

मारा जा सकता है। इस समय अहमदाबाद केंद्रीय जेल में बंद अहमद ने अपनी याचिका में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विधानसभा में दिए गए उस कथित बयान का हवाला दिया कि उसे पूरी तरह से मिट्टी में मिला दिया जाएगा और दावा किया कि उसे और उसके परिवार के सदस्यों को जान का वास्तविक और प्रत्यक्ष खतरा है। उसने कहा कि इस बात की पूरी संभावना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस उसकी ट्रांजिट रिमांड मांगेगी और उसे अहमदाबाद से प्रयागराज ले जाने के लिए पुलिस रिमांड भी मांगेगी और उसे ऐसी आशंका है कि इस ट्रांजिट अवधि के दौरान फर्जी मुठभेड़ में उसे मार गिराया जाए। उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका में 61 वर्षीय अहमद ने राज्य के उच्च पदाधिकारियों से उसके जीवन को खुले और प्रत्यक्ष खतरे से बचाने के लिए उसके जीवन की रक्षा करने के निर्देश केंद्र, उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य को देने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है, उमेश पाल की हत्या के बाद, विपक्ष ने सदन में आग में घी डालने का काम किया और मुख्यमंत्री को यह कहने के लिए उकसाया कि.. माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा और उस समय सदन में चर्चा याचिकाकर्ता पर ही चल रही थी। याचिका में आरोप लगाया गया है, याचिकाकर्ता (अहमद) वास्तव में इस बात को लेकर आशंकित है कि उसे उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा किसी न किसी बहाने फर्जी मुठभेड़ में मार दिया जा सकता है, विशेष रूप से मुख्यमंत्री योगी द्वारा सदन में दिए गए बयान को देखते हुए। यह याचिका उस दिन दायर की गई है जिस दिन प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने अहमद के एक करीबी सहयोगी के घर को ध्वस्त कर दिया है।

## हमले में...

अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। वहीं दूसरे सुरक्षाकर्मी राघवेंद्र सिंह को बेहतर उपचार के लिए रविवार को यहां के एसआरएन अस्पताल से लखनऊके एसजीपीजीआई भेजा गया था। स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) चिकित्सालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर एसपी सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम करीब पांच बजे आरक्षी राघवेंद्र सिंह की एसजीपीजीआई में मृत्यु हो गई।

## भगोड़ों के...

बहुपक्षीय कार्रवाई की आवश्यकता है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुसार, 2014 से भगोड़े आर्थिक अपराधी विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चोकसी, नितिन जयंतीलाल संदेसरा, चेतन कुमार जयंतीलाल संदेसरा, दीप्ति चेतन संदेसरा और हितेश कुमार नरेंद्र भाई पटेल हजारों करोड़ रुपए के वित्तीय अपराधों में वांछित हैं। नीरव मोदी 6,400 करोड़ रुपए से अधिक के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ऋण घोटाला मामले में धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों में भारत में वांछित है तथा माल्या बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़े 9,000 करोड़ रुपए के ऋण चूक मामले में आरोपों का सामना कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्तीय या बैंकिंग धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं, जिनकी जांच प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत की गई और इन मामलों में उच्च संपत्ति वाले लोग शामिल थे, जिनकी अपराध से आय एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक थी। सिंह ने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि अपराधी अपराध का पता चलने से पहले या बाद में देश छोड़कर भाग गए और यही कारण है कि उनकी यात्रा को प्रतिबंधित करने के मकसद से उनका पासपोर्ट रद्द कर दिया गया।

## रसोई गैस...

उपयोगकर्ताओं को कोई सब्सिडी नहीं देती है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कनेक्शन पाने वाले 9.58 करोड़ गरीबों को सरकार 200 रुपये प्रति सिलेंडर सब्सिडी देती है। उनके लिए प्रभावी कीमत 903 रुपए प्रति सिलेंडर होगी। ताजा वृद्धि के साथ एलपीजी की कीमत अब मुंबई में 1,102.50 रुपये प्रति सिलेंडर, कोलकाता में 1,129 रुपये प्रति सिलेंडर और चेन्नई में 1,118.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है।

## दो तिहाई...

है और कैसे आप कर रहे थे। योगी ने सदन में लगातार दूसरी बार सत्ता में आने के लिए जनविश्वास, सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की बात को लेकर कहा कि राम राज्य जनविश्वास और सबका साथ से आता है, न कि समाजवाद से। इसलिए जनता ने हमे संकल्पों को पूरा करने के लिए दोबारा चुनकर भेजा है और आपको सत्ता से बाहर ही रखा है।

# बेटी ने प्रेमी संग मिलकर रची पिता की हत्या की साजिश, मारकर खेत में फेंका

● पुलिस ने मामले का 48 घंटे के भीतर किया खुलासा

● हत्या में प्रयुक्त डंडा व कुल्हाड़ी भी बरामद



**संवाददाता।** बांदा

**उत्तर** प्रदेश के बांदा में कलयुगी बेटी का आश्चर्यजनक कारनामा बांदा में पुलिस ने एक ख़ौफनाक मामला सामने आया है, जिसमे एक बेटी ने एकतरफा प्यार में अपने प्रेमी के संग अपने ही पिता की हत्या की साजिश रच डाली, पुलिस भी मामले के खुलासे देखकर दंग रह गयी। पुलिस ने मृतक की बेटी, उसके प्रेमी और एक साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि मृतक बेटी अपने प्रेमी से शादी करना चाहती थी, पिता को रिश्ता नामंजूर था, साथ ही पिता अपनी बेटी को आये दिन मारपीट करता था, जिस कारण रास्ते से हटाने के लिए बेटी ने अपने प्रेमी के साथ हत्या की ख़ौफ़नाफ़ साजिश रच डाली। तीनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ऑफिस से जारी प्रेस नोट के मुताबिक बीते 26 फरवरी को बिसंडा थाना के चंद्रायल गांव में खेतों में एक अधेड़ का शव बरामद हुआ था, अज्ञात व्यक्तियों ने कुल्हाड़ी से सिर पर वार करके बेरहमी से हत्या कर शव खेतो में फेंक फरार हो गए थे। पुलिस ने सर्विलांस और अन्य तरीकों से इस मामले का 48 घंटे के अंदर खुलासा किया है।

पुलिस के मुताबिक बेटी का गांव के एक व्यक्ति से प्रेम प्रसंग चल रहा था, दोनो एक दूसरे से शादी करना चाहते थे, बेटी के पिता को यह शादी मंजूर नही थी, जिस कारण पिता आये दिन बेटी को मारता पीटता था। जिससे तंग आकर बेटी ने अपने प्रेमी संग पिता की हत्या की साजिश रची। पुलिस के मुताबिक 25 फरवरी को पिता और उसकी बेटी खेत घूमने गए थे, उसी दौरान बेटी ने अपने प्रेमी को चुपचाप सूचना दे दी, कुछ देर बाद प्रेमी और उसका एक साथ लाठी डंडे और कुल्हाड़ी लेकर पहुंच गए, पहले डंडे से मारा पीटा इसके बाद कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी, शव को खेतों में छुपा दिया। मृतक का फोन बेटी ने अपने पास रख लिया था, सिम कार्ड भी तोड़कर फेंक दिया था।

पुलिस ने इनके कब्जे से डंडा, कुल्हाड़ी व मोबाइल को बरामद किया है। साथ ही तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक बांदा अभिनंदन ने बताया कि बीते 26 फरवरी को बिसंडा थाना इलाके में एक शव बरामद हुआ था, जिसमे प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत हो रहा था। मामले के खुलासे के लिए तीन टीमें लगाई गईं थीं।

## धोखाधड़ी कर खाते से डेढ़ लाख रुपये निकाल लिये

**मौदहा,** हमीरपुर। स्टाम्प वैण्डर के बैंक खाते से डेढ़ लाख रुपए की रकम ऑनलाइन फ्रॉड करके खाते से धोखाधड़ी कर निकाल लिया,मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। तहसील मौदहा के स्टांप वेंडर हकीमुद्दीन ने पुलिस क्षेत्राधिकारी व बैंक अधिकारियों को बताया कि मेरा खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है जिसमें खाता संचालन में किसी तरह की कोई भी समस्या से निदान के लिए कस्टमर केयर नम्बर उपलब्ध कराया कराया गया था। नंबर से समस्याओं का समय-समय पर निदान भी होता रहा है। परंतु बुधवार को सुबह उसी नंबर से एक फ्रॉड काल आई और उसने मेरे आधार कार्ड के आखिरी के चार अंक पूछें और एनीडेस्क के माध्यम से मेरे मोबाइल के द्वारा छः बार में 1 लाख 46 हजार छः सौ 67 रुपये देखते ही देखते गायब हो गए। जब तक वह सोचने और समझने की स्थिति पर पहुंचा तब तक वह खाते में कुछ ही रकम बच पाई और बाकी की वह लोग पार कर चुके थे। जिसकी सूचना पीड़ित ने बैंक के अधिकारियों व पुलिस के आला अफसरों को तहरीर देकर रुपया दिलाए जाने व ऐसे कृत्य में शामिल इन लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

# बैंक से धोखाधड़ी कर फर्जी लोन लेने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**पुलिस** ने 24 घंटे के अंदर अंतर राज्यीय बैंक में धोखाधड़ी करके फर्जी लोन लेने वाले गिरोह के 5 सदस्य 140000 नगदी व कूटरचित अभिलेखों के साथ गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक डॉ.संजय सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि फर्रुखाबाद जिले के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डिफेंस कैन्ट ब्रांच के प्रबंधक यश अनामी के समक्ष फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर, धोखाधड़ी से 1,50,000 का लोन लिए जाने की सूचना फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस में 27 फरवरी 2023 को दी गई। इसके बाद पुलिस ने संदीप कुमार समेत 9 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बैंक फ्रॉड करके फर्जी लोन पाने बाले कांड का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस टीमें गठित की।

इधर मुखबिर की सूचना पर फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह एवं एसओजी टीम प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार तथा सर्विलांस टीम प्रभारी जगदीश भाटी ने अपने दल बल के साथ 24 घंटे के अंदर मंगलवार देर सायं काल फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के जयनारायण वर्मा रोड, पी डब्ल्यू डी ऑफिस के समीप से बैंक फ्रॉड करके, लोन कराने वाले एक गिरोह की एक महिला समेत कुल पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि इस गिरोह के पकड़े गए सदस्यों में सुमित कुमार निवासी मोहगा रामजान का हाता बनाड़ थाना डगियावास जिला जोधपुर, बहाल निवासी 383 चिराग दिगी मालवीय नगर नई दिगी सौरभ उर्फशुभम मेवाती भटपुरी जिन्सा जिला बनारस हाल निवासी,.5 सीएस ,, कैम्पस नवाबगंज जनपद कानपुर नगर ब अभिषेक सिंह निवासी बिंदा नगर पुनी रोड, शुक्लागंज थाना गंगाघाट जिला उन्नाव तथा बंटी उर्फ अवनीश निवासी ग्राम बहादुरगढ़ जिला झज्जर हरियाणा हाल निवासी प्लॉट नंबर 153-123 पाकेट 7 सैक्टर, 3 रोहिणी थाना सेक्टर ,3 दिगी तथा राधा देवी निवासिनी सफ्दरगंज आजाद बस्ती थाना आरके पुरम नई दिगी के कब्जे से पुलिस नेए छह मोबाइल, छह फर्जी आधार काड, चौदह फर्जी कई बैंकों के एटीएम, पांच पैन कार्ड, तीन फर्जी चेक बुके, दो फर्जी बैंकों की पासबुक , रेल मंत्रालय की एक फर्जी आई कार्ड, फर्जी पेस्लिप इज्जत नगर एवं 140000 की नगदी आदि बैग सामान बरामद किया ।

## नहीं हो पा रहा कुंदनपुरा में परिषदीय विद्यालय का निर्माण

**जालौन,** उरई। जो विद्यालय जर्जर हो चुके हैं, ऐसे विद्यालयों को चयनित कर उनका ध्वस्तीकरण और विद्यालय की नवीन इमारत निर्माण कराया जाना है। कुंदनपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के नवीन निर्माण लिए भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। प्रधानाध्यापिका द्वारा विद्यालय भवन के निर्माण लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से एसडीएम को पत्र दिया है। पुराने हो चुके कई परिषदीय विद्यालयों के भवन जर्जर हो हैं। प्रदेश सरकार के निर्देश पर इन जर्जर हो चुके भवनों का चिन्हांकन कराया गया था। चिन्हांकन के पश्चात् जर्जर भवनों के स्थान पर नवीन भवन बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। प्राथमिक विद्यालय कुंदनपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन भी जर्जर श्रेणी का था। जिसका भवन ध्वस्त कर नवीन भवन बनाया जाना था। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उपासना श्रीवास्तव ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी ने 27 दिसंबर 2022 को पत्र के माध्यम से अवगत कराया था कि जर्जर भवन का ध्वस्तीकरण कराकर नवीन भवन बनाया जाना है। विद्यालय का जो पुराना भवन है उसमें पर्याप्त स्थान नहीं है।

# नगर में चला खाद्य टीम का छापेमारी अभियान



**जालौन,** उरई। खाद्य विभाग की टीम ने नगर में छापेमारी कर दुकानों से नमूने लिए। टीम के नगर में आने की खबर लगते ही दुकानदार अपनी अपनी दुकानों की शटर डालकर इधर, उधर दुबकते नजर आए। वहीं, टीम ने शटर डालने वाले दुकानदारों की दुकानों में नोटिस चस्पा कर कार्रवाई की चेतावनी दी है। होली के पर्व पर अक्सर कुछ मिलावटखोर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। इस बार खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मिलावटखोरों को बख्शने के मूड में नहीं है। बुधवार को सहायक खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. जतिन कुमार सिंह, आलोक सिंह, दिनेश चंद्र के साथ राजस्व विभाग की टीम में एसडीएम सना अख्तर मंसूरी, नायब तहसीलदार गौरव कुमारव सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी ने नगर में किराने की दुकानों में छापामारी की। लगभग आधा दर्जन दुकानदारों के यहां से तेल, मेंदा, बेसन, मसाले आदि खाद्य पदार्थों के नमूने भरे गए। इस संदर्भ में सहायक खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. जतिन कुमार ने बताया कि टीम ने दुकानों से नमूने लिए हैं। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है।

## साइबर क्राइम के प्रति आम लोगों को किया जागरूक

**कोंच,** जालौन। साइबर क्राइम से जुड़ी नित रोज सामने आ रहीं घटनाओं से आम लोगों को बचाने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को कोतवाली की साइबर टीम ने तहसील परिसर व समीपस्थ कैलिया बस स्टैंड पर लोगों को जागरूक किया। टीम प्रभारी दरोगा मंसूर अली, कॉन्स्टेबल योगेश कुमार, मनीष कुमार, आदित्य साहू आदि ने मौजूद महिलाओं व पुरुषों को जागरूक करते हुए कहा कि अगर कोई अनजान व्यक्ति फोन कर बैंक से संबंधित कोई भी जानकारी मांगता है तो उसे जानकारी न दें और न ही किसी प्रकार की कोई ओटीपी बताएं। मोबाइल फोन में अलग अलग पे साइट्स के जरिये धनराशि किसी को भेजें तो सावधानी बरतें। एटीएम से नगदी निकालते समय भी सावधानी रखें और आसपास पैनी नजर रखें।

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना शासन का लक्ष्य : डीएम

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद ने रोगी कल्याण समिति बैठक में कहा कि जनरल सर्जन, ऑर्थो सर्जन, एएनटी सर्जन आदि की उपलब्धता हो गई है तो सर्जरी में अधिक संख्या बढ़ाए। इमरजेंसी वार्ड में सीसीटीवी कैमरा सुचारू रूप से चलना चाहिए। ऑक्सीजन बेड पर सेंटर लाइन ऑक्सीजन दें। ऑक्सीजन सिलेंडर का डाटा भी नोट करते रहें। बुधवार को जिलाधिकारी ने अपने चेम्बर में रोगी कल्याण समिति की बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिये कि गार्ड के माध्यम से रोड पर खडी गाड़ियां व्यवस्थित करायें। प्रसव कक्ष मे काटन का टावल ही उपलब्ध करायें। प्रसव कक्ष में विंडो एसी भी लगवाए। पंखे व एसी-कूलर की मरम्मत करा लें। ईओ कर्वी को निर्देश दिया कि जल संस्थान को दिखाकर वाटर टैंक ठीक कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जो गाय, भैंस बाउंड्री के अन्दर घूमती फिरती है, उनको सीमेंटेड पिलर पर ही फैंसिंग कराएं। अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये कि सुलभ शौचालय कुछ शुल्क लेकर चलाएं, ताकि साफ-सफाई बनी रहे। ओटी व लेबर रूम के लिए बैटरी व इनवर्टर ले। नेडा से तालमेल बनाकर सोलर पैनल सिस्टम से चलाएं। सीएमओ को निर्देश दिये कि एक रैन बसेरा भी बनवाए, ताकि मरीजों के साथ आए तीमारदारों को ठहरने का स्थान मिल सके।

बैठक में सीएमएस डॉ सुधीर कुमार शर्मा, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, ईओ कर्वी लालजी यादव, समिति सदस्य पंकज अग्रवाल व अभिमन्यु सिंह आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### विकास प्रदर्शनी का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**फतेहपुर।** केंद्र व प्रदेश सरकार की संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, नीतियों, नए कीर्तिमानों से संबंधित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट परिसर में सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा लगायी गई तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी (विकास प्रदर्शनी) का भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जिला सूचना अधिकारी आरएस वर्मा ने सभी अतिथियों व पत्रकारों को प्रदर्शनी में लगी सभी योजनाओं की जानकारी देते हुए गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू व परिचित कराने के दृष्टिगत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उन्होंने प्रदर्शनी की भूरि-भूरि सराहना करते हुए प्रदर्शनी में लगे विभिन्न योजनाओं व उपलब्धियों व नये नीतियों का अवलोकन करने के लिए जनपदवासियों से प्रदर्शनी में आने की अपील की।

### स्टाफ नर्स ने अस्पताल प्रभारी पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**बांदा।** एक स्टाफ नर्स ने अपने ही अस्पताल के प्रभारी पर छेड़खानी की एफआईआर दर्ज कराई है। स्टाफ नर्स का आरोप है कि मंगलवार को देर रात वो ड्यूटी पर पहुचीं थी, जिस दौरान पीएचसी के इंचार्ज ने ड्यूटी के दौरान अंदर कमरे में खींच लिया और विरोध करने पर जातिसूचक शब्दो का प्रयोग किया, किसी को बताने पर नौकरी ले लेने की धमकी भी दी। परेशान स्टाफ नर्स ने थाना पहुंच पीएचसी प्रभारी के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज कराया है, पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कोर्ट में बयान के बाद आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मामला तिंदवारी कस्बा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है, बीती रात स्टॉफ नर्स ड्यूटी कक्ष में थी, तभी वहां गाना गाते शराब के नशे में धुत पहुंचे प्रभारी चिकित्साधिकारी ने स्टॉफ नर्स से बुरी नियत से छेड़छाड़ कर अपने कमरे में चलने को कहा, स्टॉफ नर्स ने आरोप लगाया है कि प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. लवलेश पटेल उनके साथ हरकतें करने लगा। इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.लवलेश पटेल के खिलाफ छेड़छाड़ करने व एससी/एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### डीएम ने आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में डेमो क्लास का लिया जायजा



**उरई,** जालौन। बुधवार को जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने कौशल विकास मिशन योजना के अंतर्गत संचालित पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत झांसी रोड एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल के सामने स्थित श्री राजीव गांधी कम्प्यूटर साक्षरता सोसायटी के आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण केन्द्र पर उपस्थित केन्द्र प्रबंधक चंद्रेश यादव से प्रशिक्षण के बारे में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की जिसमें श्री यादव ने बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र पर हेल्थकेयर सेक्टर के जनरल डयूटी कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें 33 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है व 22 प्रशिक्षणार्थियों का डेमो क्लास संचालित है। जिलाधिकारी महोदया ने प्रशिक्षणार्थियों से वार्ता की तथा उनके रहने, खाने व प्रशिक्षण सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि रहने, खाने की व्यवस्था ठीक है व प्रशिक्षण भी गुणवत्तापूर्ण प्रदान कराया जा रहा है।

### अपहृत मासूम के सिर का कंकाल गांव बाहर खेत में मिला

**घाटमपुर।** थाना सजेती क्षेत्र के गांव रैपुरा से अपृहत मासूम का शव आज शांम गांव बाहर लाही के खेत में पड़ा मिला, शव मिलने की जानकारी मिलते ही एसीपी दिनेश कुमार और थाना प्रभारी पवन कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुचे तथा घटना के बावत लोगों से पूछताछ की, मालुम हो कि 4 दिन पूर्ब गांव निवासी पंकज संखवार की 7 वर्षीय पुत्री जाहनवी घर से शांम को एकायक गायब हो गयी थी, सोमवार को पुलिस आयुक्त बीपी जोगदण्ड भी गांव पंहुचे थे तथा पीड़ित परिवार से मिलकर कार्यवाही का आश्वासन दिया तथा पुलिस की 5 टीमे गठित की। लेकिन बच्ची का कोई सुराग नही लगा पायी थी थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि शव कंकाल के रुप में मिले सिर को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है तथा घटना में आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# संयुक्त टीम की छापेमारी में नष्ट किया साढ़े पांच कुंतल लहन, 75 लीटर महुआ शराब बरामद

**चित्रकूट।** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर होली पर्व के मद्देनजर जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत डीएम-एसपी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव की अगुवाई में आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने कोतवाली कर्वी के कपसेठी गांव के मंदाकिनी किनारे व थाना राजापुर में भैरम बाबा तथा चिल्लीराकस गांव में दबिश देकर साढे पांच कुंतल लहन नष्ट किया। बुधवार को आबकारी टीम व पुलिस ने संयुक्त छापेमारी राजापुर सीओ व आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार सिंह, राजकिशोर सिंह, नीरज वर्मा, कर्वी कोतवाल दीपेन्द्र सिंह, राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्र, सीतापुर चौकी प्रभारी प्रवीण सिंह, शिवरामपुर चौकी प्रभारी राजोल नागर के साथ कानून व्यवस्था की बैठक के बाद छापेमारी की। होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर छापेमारी कर साढे पांच कुंतल लहन नष्ट कर मौके से 75 लीटर महुआ शराब व नौ शराब बनाने की भट्ठी तथा उपकरणों को नष्ट किया। जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव ने आबकारी कार्यालय में बैठक कर निर्देश दिये कि होली के मौके पर बन्दी दौरान किसी भी विक्रेता के यहां से शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। बिक्री होते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई जायेगी।

## शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं होली का त्यौहार : राजबहादुर

**पहाड़ी,** चित्रकूट। जिले के पहाड़ी थाना परिसर में आयोजित शान्ति समिति की बैठक में सदर एसडीएम राजबहादुर एवं क्षेत्राधिकारी शिवप्रकाश सोनकर ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों से आपसी वैमनस्यता को भुलाकर शान्ति से होली का त्योहार मनाने का आहवान किया।इसके अलावा संवेदनशील इलाकों मे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के भी थानाध्यक्ष को निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर होली के पर्व को शासन की मंशानुरूप शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उददेश्य से पहाडी थाने में उपजिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर सिंह एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर शिवप्रकाश सोनकर की मौजूदगी में पहाड़ी थानाध्यक्ष रामसिंह ने क्षेत्र के संभ्रांत ब्यक्तियो के साथ विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी होली त्योहार सकुशल संपन्न कराने के लिए शान्ति समिति की बैठक का आयोजन थाना प्रांगण में किया। बैठक में मौजूद ग्राम प्रधान संभ्रांत नागरिकों ने सुझाव दिया। इस मौके पर एसडीएम राजबहादुर ने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर होली का त्यौहार मनाकर शांति व सदभावना का संदेश दें।

# कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस के रिसाव से पांच लोगों की हालत बिगड़ी

**संवाददाता।** फतेहपुर

● गैस रिसाव से पांच किमी. क्षेत्र हुआ प्रभावित

● घरों को छोड़ सुरक्षित स्थान पर पहुंचे ग्रामीण

**कोल्ड** स्टोरेज में आलू लदे ट्रक ने गैस पाइप लाइन में टक्कर मार दी। जिससे अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया। गैस के रिसाव के चलते हड़कंप मच गया। कोल्ड स्टोर में मौजूद मजदूरों की हालत बिगड़ने लगी। ट्रक चालक सहित चार मजदूर बेहोश हो गए। जिन्हें 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया जहां सभी का इलाज चल रहा है। गैस रिसाव से थरियांव कस्बे में लगभग पांच किलोमीटर का एरिया प्रभावित हो गया। जहां लोग अपने अपने घरों को छोड़ पलायन करना शुरू कर दिया। शादी समारोह में हड़कंप मच गया। दूल्हा सहित बाराती और जानती परेशान हो गए। डीएस-एसपी ने एलाउंसिंग करवा सभी को एलर्ट किया कि सभी लोग माक्स और गमछे का इस्तेमाल कर सुरक्षित जगह पर पहुंचे। गैस रिसाव का तांडव लगभग तीन घंटे चला।

गैस रिसाव से प्रभावित हुये लोगों में से पॉच को आनन-फानन रात में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना रात में ही जिलाधिकारी श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने प्रमुख सचिव गृह उत्तर प्रदेश को भेज दी थी। गृह सचिव को दोनों अधिकारियों ने बताया कि शंकर बरदानी कोल्ड स्टोर में रात करीब 10:45 बजे गैस रिसाव की सूचना मिलते ही एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी थरियॉव और फायर ब्रिगेड टीम को मौके में भेज गया है। डीएम और कप्तान ने बताया कि वह मौके पर रहकर बचाव और राहत कार्य की देखरेख कर रहे थे। सदर अस्पताल में भर्ती कराये गये बेहोश लोगों की सूची भी शासन को भेजी गई है। द्वय अधिकारियों ने बताया कि बहोशी की हालत में भर्ती कराये गये लोगों की हालत खतरे से बाहर है। जानकारी मिली है कि इनमें से तीन प्रभावितों को कानपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

# लापरवाह अधिकारियों पर डीएम ने की कार्रवाई




● डिप्टी सीवीओ राठ को प्रतिकूल प्रविष्टि, अन्य को दी कड़ी चेतावनी

**हमीरपुर।** जनपद के अस्थाई गौ आश्रय स्थलों के प्रबंधन, संचालन एवं भरण पोषण के संबंध में जिलास्तरीय समीक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण ने अभिलेखीकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर पशुपालन विभाग के डिप्टी सीवीओ राठ को प्रतिकूल प्रविष्टि व सुमेरपुर व कुरारा के डिप्टी सीवीओ को चेतावनी दी गयी है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शत प्रतिशत अन्ना गौवंश का गौशालाओं में संरक्षण हो जाना चाहिए। कोई भी अन्ना गोवंश सड़क पर दिखाई देने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी, नगरीय क्षेत्र में ईओ , पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम सचिव एवं अन्य संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सहभागिता योजना के अंतर्गत अन्ना गौवंश को गोद में लेने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया जाय, इसका समय से भुगतान किया जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा अन्ना पशुओं की ईयर टैगिंग ,टीकाकरण ,बधियाकरण की प्रगति में सुधार लाया जाए तथा कोई भी पशु की मृत्यु होने पर उसका समयबद्ध एवं समुचित ढंग से सम्मान के साथ निस्तारण किया जाए। सभी गौशालाओं में चारा पानी भूसा आदि की समुचित व्यवस्था रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कुपोषित परिवारों को सहभागिता योजना के अंतर्गत दुधारू गाय उपलब्ध कराया जाएं। गौशालाओं में सभी कार्यों का समुचित अभिलेखीकरण कर उसे संरक्षित रखा जाए।

# मोटे अनाजों की खेती करें किसान: कुलपति

## केवीके में कृषि विज्ञान मेला कृषि प्रदर्शनी आयोजित



**तिलोई,अमेठी।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या से संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के परिसर में बुधवार को एक विशाल कृषि विज्ञान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राकृतिक खेती एवं मोटे अनाजों पर आधारित इस मेले में किसान गोष्ठी के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती एवं मोटे अनाजों के प्रति प्रेरित किया गया तथा उनको नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के द्वारा कृषि उद्योग प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या एवं कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह एवं पूर्व विधायक श्री तेजभान सिंह ने किया। कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने बताया कि इस समय आवश्यकता है कि सभी किसान मोटे अनाजों की खेती अवश्य करें क्योंकि इसके द्वारा पोषण संबंधित समस्याओं का निदान किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक श्री तेजभान सिंह ने कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा बताई जा रही कृषि तकनीकी अपनाकर किसान अपनी आमदनी को बढ़ा सकते हैं इसके लिए धान गेहूं की खेती के साथ.साथ दलहन तिलहन एवं उद्यानिकी फसलों का समावेश जरूरी है। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार प्रोफेसर एपी राव राव ने अपने संबोधन में कहा कि अच्छे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती की तरफ अग्रसर होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तिलोई ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने कहा कि सभी किसान वैज्ञानिकों के संपर्क में रहकर अपनी फसल में लगने वाले कीड़े बीमारियों का बेहतर उपाय करें। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ आर के आनंद ने सभी अतिथियों एवं किसानों का स्वागत करते हुए बताया कि विगत 4 वर्षों में यह केंद्र किसानों की सेवा में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडे ने अपने विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दिया । केवीके बाराबंकी के अध्यक्ष डॉ एस के सिंह ने फसल अवशेष प्रबंधन पर चर्चा किया। सीटेट जगदीशपुर के निदेशक इं संजय सिंह ने कृषक उत्पादक संगठन के बारे में विस्तार से बताया। किसानों को इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक शिशुपालएअग्रणी बैंक जिला प्रबंधकए प्रगतिशील महिला कृषक रीता सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान हरित सिंहए सुरेंद्र सिंहए अर्जुन सिंह भदौरिया वीके सिंहए जितेंद्र बहादुर सिंह ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में जगदीशपुर ब्लॉक के खंड विकास अधिकारीए इंडोरामा के सहायक महानिदेशक अभिनव सिन्हा एवं केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सुरेंद्र सिंह डॉ अशोक कुमार सिंह डॉ अजीत सिंहए डॉ भास्कर प्रताप सिंहए डॉक्टर सत्येंद्र कुमार ए डॉ देवेश पाठक तथा डाण् ओपी सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ओपी सिंह ने किया।

## विद्युत उपखंड के एसडीओ को मुख्य अभियंता ने दिया चार्जशीट

**गाजीपुर।** योगी सरकार में जीरो टालरेंस की नीति की पारदर्शीता अब जमीन पर दिखने लगी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के डंडे की हनक जिले में गुंज रहा है। इसी क्रम में विद्युत वितरण खंड प्रथम लालदरवाजा कार्यालय के अंतर्गत उप खंड कार्यालय कासिमाबाद और उप खंड मरदह के एसडीओ को मुख?य अभियंता वाराणसी ने चार्जशीट दिया है कि झटपट पोर्टल पर पेंडिंग मामलों का निस?तारण समय से व?यों नही हुआ है। मुख?य अभियंता वाराणसी कार्यालय ने बताया कि कासिमाबाद विद्युत उपखंड के एसडीओ संजीव भाष?कर और मरदह विद्युत उपखंड के एसडीओ संतोष चौधरी ने निर्धारित समय में झटपट योजना के तहत पोर्टल पर आवेदन किये गये कनेव?शन के प्रार्थना पत्रों पर जानबूझकर विलंब किया जा रहा है जो संदेह के घेरे में है इसलिए उनको कई बिंदुओं पर चार्जशीट दी गयी है। इस बात की पुष्टि विद्युत वितरण खंड प्रथम के कार्यालय के अधिकारियों ने भी किया है। सूत्रों ने बताया कि यह विलंब केवल धनउगाही में किया जा रहा है जिससे उपभोव?ता आये और प्रसाद चढ़ाये और आशीर्वाद में कनेकश?न ले जाये।

## सत्यदेव कालेज की एक और उपलब्धि, लॉ कालेज की हुई स्थापना



**गाजीपुर।** जनपद के सत्यदेव लॉ कॉलेज का शिलान्यास बुद्धवार एक मार्च को सत्यदेव ला कालेज के निर्माण की आधारशिला रखी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार सदर अभिषेक कुमार रहे।उक्त कार्यक्रम में सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के सीएमडी प्रोफेसर आनंद सिंह सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के एमडी प्रोफेसर सानंद सिंह सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय सत्यदेव डिग्री कॉलेज के निदेशक अमित रघुवंशी सत्यदेव डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राम चंद्र दुबे समाजसेवी सत्येंद्र सिंह और कॉलेज के प्राध्यापक एवं कर्मचारीयो की उपस्थिति बनी रही।कार्यक्रम का प्रारंभ वेदपाठी ब्राह्मण द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ तहसीलदार महोदय के कर कमलों द्वारा नवग्रह पूजन व भूमि पूजन के साथ प्रारंभ हुआ।। नीव के ईटों के विधिवत पूजन के बाद नीव रखी गई। इसके पश्चात आरतीए हवन के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन के बाद सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया।

## पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**जामो-अमेठी ।** थाना प्रांगण में आगामी होली और दूसरे त्योहारों को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें क्षेत्र के प्रधान बीडीसी और सम्मानित लोग मौजूद रहे सभी आए हुए लोगों से उप जिला अधिकारी राकेश कुमार और क्षेत्राधिकारी ण् मयंक द्विवेदी ने आपसी भाईचारा प्यार और सौहार्द के साथ होली का त्यौहार मनाने अपील की इन दोनों अधिकारियों ने बैठक में मौजूद लोगों से कहा कि अगर आपके गांव में ग्राम सभा में क्षेत्र में कहीं कोई समस्या उत्पन्न हो रही है तो आप लोग हमें सूचित करें तुरंत निदान किया जाएगा इस दिन विशेष रूप से शराब के नशे से बचें अगर घर का कोई बच्चा दारू पी रखा है तो उसे दोपहिया और चार पहिया वाहन कतई ना दें इससे कभी भी कहीं भी दुर्घटना हो सकती है और रंगों को त्यौहार फीका पड़ सकता है। उप जिला अधिकारी राकेश कुमार ने मौजूद प्रधान लोगों से कहा कि कि आप लोग अपने गांव की घटना या किसी भी समस्या को हम लोगों को नहीं बताते जानकारी बहुत देर बाद मिलती है इसलिए आप लोग अब्दुल्ला पालिए और समय से हम लोगों को जानकारी साझा करवाइए।

## पोलिंग बूथ पर चुनाव के लिए रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां

**अमेठी।** जिले के विकासखंड संग्रामपुर के मड़ौली ग्राम सभा के पंचायत उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। गौरतलब हो कि ग्रामसभा मड़ौली में ग्राम प्रधान उपचुनाव में 2 प्रत्याशी चुनाव मैदान में आमने सामने हैं। जिनके भाग्य का फैसला 1209 मतदाताओं द्वारा आज पोलिंग बॉक्स में बंद हो जाएगा। पोलिंग बूथ संख्या प्राथमिक विद्यालय मड़ौली उत्तरी भाग में 656 मतदाताए बूथ संख्या 81 प्राथमिक विद्यालय मड़ौली दक्षिणी भाग में 553 मतदाता दो उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। आर ओ नलिन राज ने बताया कि शांति व्यवस्था और सकुशल चुनाव की संपन्नता को लेकर पोलिंग बूथों पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई हैं।

# यूक्रेन की मदद को एकजुट हों लोकतंत्रिक देश

भाषा। वाशिंगटन

**पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने वाले शीर्ष अमेरिकी सीनेटरों के समूह ने की अपील युद्ध के विषय में कहा-यह निरंकुशता और लोकतंत्र के बीच लड़ाई है**



**पिछले** सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने वाले शीर्ष अमेरिकी सीनेटरों के एक समूह ने बताया कि उन्होंने यूक्रेन युद्ध के विषय में प्रधानमंत्री से कहा कि यह निरंकुशता और लोकतंत्र के बीच लड़ाई है। समूह ने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन को और मदद मुहैया कराने के लिए लोकतांत्रिक देशों को एकजुट होना चाहिए। सीनेट में बहुमत के नेता चार्ल्स शूमर ने वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब हम भारत में थे, तो हमें वहां नेताओं से बात करने का मौका मिला। हमने यह भी तर्क दिया कि यह निरंकुशता और लोकतंत्र के बीच की लड़ाई है। जब हमने प्रधानमंत्री मोदी से बात की, तो हमने उनके समक्ष यह मामला उठाया।

शूमर के साथ भारत आए अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में सीनेटर रॉन विडेन, जैक रीड, मारिया कैंटवेल, एमी क्लोबुचर, मार्क वार्नर, गैरी पीटर्स, कैथरीन कॉर्टेज-मस्तो और पीटर वेल्च शामिल थे। ए सभी सीनेटर सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। शूमर ने कहा कि भारतीय नेता के साथ मुलाकात के दौरान सीनेटर अधिक स्पष्ट थे। उन्होंने कहा, अगर रूस जैसी निरंकुशता प्रबल होती है, तो चीन जैसी निरंकुशता को और बल मिल सकता है। यह सिर्फ ताइवान का मसला नहीं है। वर्षों से चीन और भारत के बीच सीमा विवाद रहा है। हाल ही में वहां संघर्ष हुआ था। शूमर ने कहा, यूक्रेन में लड़ाई का प्रभाव वहां (भारत में) भी होगा। हमने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका को जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य प्रशांत सहयोगियों के साथ सहयोग और समन्वय करना चाहिए। भारत को सहकारी विकास और सह-उत्पादन प्रणाली के बारे में सोचना शुरू करना चाहिए, ताकि हम अपने रक्षा औद्योगिक आधार का विस्तार कर सकें। अपनी भारत यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए न्यूयॉर्क के सीनेटर शूमर ने कहा, अगर हम इस सदी में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी को पछाड़ना चाहते हैं, तो अमेरिका और पश्चिमी देशों को भारत के साथ अपने संबंधों को गहरा करने का प्रयास जारी रखना होगा।

**अमेरिका ने भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है: अधिकारी:** अमेरिका के विदेश मंत्रालय की एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका ने भारत के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ और मजबूत किया है। पॉलिटिकल मिलिट्री ब्यूरो की सहायक विदेश मंत्री जेसिका लुईस ने कहा कि भारत इस क्षेत्र में अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण देश है। लुईस ने डिफेंस राइटर्स ग्रुप से कहा, हमने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ और मजबूत किया है, जो क्षेत्र में अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण देश है और हम ऐसा करना जारी रखेंगे। लुईस ने कहा, मुझे लगता है कि जब अपने सुरक्षा संबंधों को गहरा और मजबूत करने की बात आती है तो हम भारत को एक विकल्प प्रदान करते हैं।

## जंग में रूस के सहयोग की तैयारी में है चीन: पेंटागन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने कहा कि इस बात के संकेत मिले हैं कि चीन, यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद करने पर विचार कर रहा है जो विनाशकारी हो सकता है। पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ऐसे संकेत मिले हैं कि वे इस पर विचार कर रहे हैं। मेरे पास इस संबंध में कोई अतिरिक्त जानकारी या कोई खुफिया जानकारी नहीं है, सिवाय इस तथ्य के कि उन्होंने इस विचार (रूस की मदद) को त्यागा नहीं है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह एक गलत फैसला होगा। उन्होंने कहा कि यह ऐसी चीज है जिस पर पेंटागन करीबी नजर बनाए है। राइडर ने कहा, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अगर वे ऐसा करते हैं तो इसके क्या परिणाम होंगे। यह इस संघर्ष को अनावश्यक रूप से बढ़ाएगा, इसके परिणामस्वरूप अधिक निर्दोष लोगों की जान जाएगी क्योंकि रूस ने यूक्रेन के नागरिकों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखा है। उन्होंने कहा कि अंततः फैसला चीन को करना है, लेकिन सवाल यह है कि क्या एक देश के तौर पर चीन खुद को उन देशों के खेमे में रखना चाहता है जो एक राष्ट्र के तौर पर यूक्रेन को खत्म करना चाहते हैं और निर्दोष लोगों को जान लेना चाहते हैं।

### चीन ने द्वीप राष्ट्र की ओर 25 लड़ाकू विमान और तीन युद्धपोत भेजे : ताइवान

**ताइपे।** ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन ने बुधवार को सुबह द्वीप राष्ट्र की ओर 25 लड़ाकू विमान और तीन युद्धपोत भेजे।ताइवान के सबसे बड़े समर्थक अमेरिका और चीन के बीच ताइवान को लेकर तनाव चल रहा है। मंत्रालय ने कहा कि 25 में से 19 विमान ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में घुस गए, जबकि जहाजों की आवाजाही ताइवान स्ट्रेट में जारी थी। ताइवान का दावा है कि उसने लड़ाकू विमानों को खदेड़ने, जहाज भेजने और तटीय मिसाइल रक्षा प्रणालियों को निगरानी करने और जवाब देने के लिए सक्रिय किया। चीन इस तरह की घटनाओं को नियमित रूप से अंजाम देता है, जिसे ग्रे ज़ोन रणनीति कहा जाता है। इसका मकसद डराना और ताइवान के उपकरणों का बेवजह इस्तेमाल कराना और सार्वजनिक रूप से उनका मनोबल तोड़ना है। ताइवान ने एफ-16 लड़ाकू विमान के अपने बेड़े को उन्नत करके, अमेरिका को 66 और विमान का ऑर्डर देकर, अन्य हथियारों की एक श्रृंखला की खरीद करते हुए और सभी पुरुषों के लिए सैन्य सेवा की अपनी अनिवार्य अवधि को चार महीने से एक वर्ष तक बढ़ाकर जवाबी कार्वाई के लिए खुद को तैयार किया है। गौरतलब है कि चीन का दावा है कि ताइवान उसका हिस्सा है और वह विदेशी अधिकारियों की ताइवान यात्रा का विरोध करता है।

# चीन अस्तित्व के लिए खतरा: अमेरिकी सांसद

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** में रिपब्लिकन पार्टी के बहुमत वाली प्रतिनिधि सभा में चीन पर हुई पहली चर्चा में देश के शीर्ष सांसदों ने चीन को अमेरिका के अस्तित्व के लिए खतरा करार दिया। उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले चीन से मिल रही चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटने के लिए देश के भीतर और अपने सहयोगियों के साथ समन्वय में हर संभव प्रयास करने का आह्वान भी किया। अमेरिका लंबे अरसे से चीन के व्यवहार को आक्रामक बताता आ रहा है। चीन की चुनौतियों को संबोधित करने के मुद्दे पर चर्चा के लिए प्रतिनिधि सभा में हाल ही में हाउस सलेक्ट कमेटी ऑन द चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी नाम की एक समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष माइक गॉलाघर ने मंगलवार को अपने पहले संबोधन में कांग्रेस सदस्यों से कहा, यह विनम्रता के साथ खेला जाने वाला कोई टेनिस मैच नहीं है। यह अस्तित्व से जुड़ा संघर्ष है, जो तय करेगा कि 21वीं सदी में जीवन कैसा होगा। इसमें सबसे मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता दांव पर हैं। पूर्व मरीन और खुफिया अधिकारी गॉलाघर ने कहा, हमें तत्परता से कार्य करना चाहिए। अगले दस वर्षों में हमारे द्वारा अपनाई जाने वाली नीति अगले सौ वर्षों के लिए मंच तैयार करेगी। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने भी गॉलाघर की बात का समर्थन करते हुए चीन से उत्पन्न खतरों को रेखांकित किया।

### चीन ने नई अमेरिकी संसदीय समिति पर निशाना साधा

**बीजिंग।** चीन ने उसके विरोध के लिए विशेष रूप से काम कर रही एक अमेरिकी संसदीय समिति पर बुधवार को निशाना साधा और इसके सदस्यों से वैचारिक पूर्वाग्रहों को दरकिनार करने को कहा। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दैनिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी से संबंधित अमेरिकी हाउस की स्थाई समिति को चीन और चीन-अमेरिका संबंधों को उद्देश्यपूर्ण और तर्कसंगत तरीके से देखना चाहिए। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि संबंधित अमेरिकी संस्थान और लोग अपने वैचारिक पूर्वाग्रहों को त्याग दें और किसी को फायदा नहीं पहुंचाने वाले शीत युद्ध की मानसिकता को छोड़ दें। प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें दुष्प्रचार का हवाला देकर चीन को खतरे के रूप में प्रस्तुत करना बंद करना चाहिए, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी को बदनाम करना बंद करना चाहिए और चीन-अमेरिका संबंधों की कीमत पर राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश करना बंद करना चाहिए।

# नेपाल के पीएम प्रचंड राष्ट्रपति चुनाव के बाद हासिल करेंगे विश्वासमत

भाषा। काठमांडू



**नेपाल** के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड राष्ट्रपति चुनाव के बाद विश्वास मत हासिल करेंगे और अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करेंगे। मीडिया की एक खबर में अधिकारियों के हवाले से बुधवार को यह जानकारी दी गई। प्रचंड मंत्रियों के 16 पद भरने के लिए अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करने की तैयारी कर रहे हैं। तीन राजनीतिक दलों के उनकी सरकार से बाहर आ जाने के बाद ए पद खाली रह गए थे। काठमांडू पोस्ट अखबार ने सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा के हवाले से कहा है कि प्रचंड नौ मार्च को राष्ट्रपति चुनाव के बाद विश्वास मत हासिल करेंगे और अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करेंगे। शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रधानमंत्री द्वारा विश्वासमत प्राप्त करने के लिए संवैधानिक और कानूनी प्रावधान का निश्चित समय सीमा के भीतर पालन किया जाएगा, लेकिन अभी हम राष्ट्रपति चुनाव पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग की घोषणा के साथ बुधवार से 19 मार्च तक चुनाव आचार संहिता जारी रहने के कारण इसके बाद ही मंत्रिमंडल में फेरबदल किया जा सकता है। संसद में नेपाल की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी सीपीएन-यूएमएल ने सोमवार को प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। राष्ट्रपति चुनाव के लिए नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार का समर्थन करने पर गतिरोध के बाद नेपाल राजनीतिक अस्थिरता के एक और दौर में पहुंच गया है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) भी सरकार से बाहर हो चुकी है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) भी सरकार से हट चुकी है। हालांकि, आरएसपी सरकार को बाहर से समर्थन देती रहेगी। तीन प्रमुख दलों के सरकार से हटने के साथ, सात दलों का सत्तारूढ़ गठबंधन बिखर गया है। प्रचंड ने अब नेपाली कांग्रेस और छह अन्य दलों से हाथ मिला लिया है और वह जल्द से जल्द सत्ता के लिए समझौता करना चाहते हैं। संवैधानिक प्रावधान के अनुसार, अगर कोई पार्टी सरकार से अपना समर्थन वापस लेती है, तो प्रधानमंत्री को 30 दिनों के भीतर विश्वासमत प्राप्त करना जरूरी होता है।

# आतंकियों को पनाह देने वाले देशों को उनके कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए: भारत

**संयुक्त राष्ट्र** (भाषा)। भारत ने विशेष रूप से अफ्रीका और एशिया के क्षेत्रों में आतंकवाद के प्रसार पर चिंता जताई है और पाकिस्तान पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि आतंकवादियों को पनाह देने वाले देशों का ध्यान खींचते हुए उनके कृत्यों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा, आतंकवाद का खतरा गंभीर और वास्तविक है। अफसोस की बात है कि देशों के बीच सहयोग के उद्देश्य से सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद यह विशेष रूप से अफ्रीका तथा एशिया में लगातार फैल रहा है। कंबोज ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद निरोधक कार्यालय की राजदूत स्तर की ब्रीफिंग में कहा कि आतंकवाद के खतरे से अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सतत और बहुस्तरीय कार्वाई से निपटा जा सकता है। उन्होंने परोक्ष रूप से पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा, जिन देशों में आतंकवाद के खतरे से निपटने की क्षमताओं का अभाव है, उनकी मदद की जानी चाहिए, वहीं आतंकवादियों को पनाह देने वाले देशों को उनके कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। आतंकवाद के प्रसार को चिंताजनक प्रवृत्ति बताते हुए और इसे तत्काल रोकने की जरूरत बताते हुए कंबोज ने कहा कि विभाजनकारी विमर्श को दरकिनार कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें आतंकवाद के वर्गीकरण से बचना चाहिए। दक्षिणपंथी या वामपंथी या धुर दक्षिणपंथी या धुर वामपंथी जैसे शब्दों का दुरुपयोग निहित स्वार्थ से किया जाता है। कंबोज ने कहा कि वैश्विक आतंकवाद निरोधक रणनीति को सभी सदस्य देशों का समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत धर्म, आस्था, संस्कृति, जाति से परे सभी किस्म के आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा करता है। इसी तरह हम इस्लाम के डर, ईसाई धर्म के प्रति डर, यहूदी विरोधी, सिख विरोधी, बौद्ध विरोधी, हिंदू विरोधी पूर्वाग्रहों से प्रेरित आतंकी हमलों की निंदा करते हैं।

कंबोज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस टिप्पणी का उल्लेख किया कि आतंकवाद की एक भी गतिविधि भी बहुत अधिक है, एक भी व्यक्ति की मृत्यु बहुत अधिक है। कंबोज ने कहा कि इस संकल्प के साथ भारत पूरी तरह आतंकवाद को निर्मूल करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य तक प्राप्त करने से पहले चैन की सांस नहीं लेगा।

**PUBLIC NOTICE**

To Whomsoever It may concern this is to inform the General Public that following share certificate of M/s. HICKS THERMOMETERS INDIA LTD having its registered office at A-12, 13 & C-26, INDUSTRIAL ESTATE, ALIGARH registered in the name of Sh. Bhagwandas Makhijani the following Shareholder/s have been lost by them.

| Sr. No. | Name of the Shareholder/s | Folio No. | No. of Shares |
|---|---|---|---|
| 1. | BHAGWAN DAS MAKHIJANI | B 056 | 50 |

These shares have been lodged for transfer/transmission in the name of Sh. PRAKASH MAKHIJANI, nephew of Late Sh. Bhagwandas Makhijani.
Any person who has any claim in respect of the said share certificate/s should lodge such claim with The Board of Directors / Secretary, Hicks Thermometers India Ltd , A -12, 13 & C-26, Industrial Estate, Aligarh within **15 days** of pubilcation of this notice after which no claim will be entertained and the Company shall proceed to issue Duplicate Share Certificate/s.
Date: 02.03.2023 Sd/-
Place: Delhi Prakash Makhijani

**ओके प्ले इंडिया लिमिटेड**
सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : 17–18, रोज–का–मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा–122103
वेबसाइट :– www.okplay.co.in ई–मेल :– info@okplay.in
फोन :– +91 124 2362335–36,
फैक्स :– +91 124 2362326

**अ–साधारण सामान्य बैठक की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि ओके प्ले इंडिया लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की अ–साधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) शनिवार, 25 मार्च, 2023 को मध्या. 12.30 बजे, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध विशेष व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। प्लॉट नंबर 17–18, रोज–का–मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा–122103 स्थित कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय उक्त बैठक का स्थान माना जाएगा।

ईजीएम का आयोजन कम्पनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों, के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, जनरल सर्कुलर नंबर 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, जनरल सर्कुलर नंबर 22/2020 दिनांकित 15 जून, 2020, जनरल सर्कुलर नंबर 33/2020 दिनांकित 28 सितम्बर, जनरल सर्कुलर नंबर 39/2020 दिनांकित 31 दिसम्बर, 2020, जनरल सर्कुलर नंबर 10/2021 दिनांकित 23 जून, 2021, जनरल सर्कुलर नंबर 20/2021 दिनांकित 8 दिसम्बर, 2021, जनरल सर्कुलर नंबर 03/2022 दिनांकित 05 मई, 2022 तथा जनरल सर्कुलर नंबर 10/2022 दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022 (सामूहिक रूप से "जनरल सर्कुलर्स") के अनुपालन में किया जा रहा है और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इसके सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020, सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021, सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 और सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी–2/सीआईआर/2023/6 दिनांकित 5 जनवरी, 2023 के माध्यम से ईजीएम का आयोजन उसके स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से करने की अनुमति दी है।

सदस्यगण आगे नोट करें कि उपरिवर्णित सर्कुलर्स के अनुसरण में, सदस्यगण केवल वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ही ईजीएम में उपस्थित हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं। ईजीएम से जुड़ने हेतु विस्तृत अनुदेश ईजीएम की सूचना में दिए गए हैं। कम्पनी ईजीएम के आयोजन की सूचना बुधवार, 01 मार्च, 2023 को इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्रेषित कर चुकी है, जिनका ई–मेल पता कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, कम्पनी तथा/अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत है।

सेबी सर्कुलर्स के अनुसार, ईजीएम की कोई भौतिक प्रति किसी भी सदस्य को नहीं भेजी जाएगी। जिन सदस्यों ने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं करवाया है, उनसे अनुरोध है कि वे ईजीएम की सूचना और ई–वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्राप्त करने के लिए अपना ई–मेल पता पंजीकरण के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाएं :

| | |
|---|---|
| भौतिक धारण | कृपया आईएसआर–1, एसएच–13 तथा आईएसआर–2 (यदि हस्ताक्षर कम्पनी के रेकार्ड के अनुरूप हैं) एमएएस सर्विसेज लिमिटेड, टी–34, द्वितीय तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज–II, नई दिल्ली–110020 को भेजें। |
| डीमैट धारण | कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (डीपी) के साथ सम्पर्क करें और डीपी द्वारा सुझाई प्रक्रिया के अनुसार अपना ई–मेल पता पंजीकृत करवाएं। |

कृपया एनएसीएच द्वारा लाभांश का भुगतान, यदि कम्पनी द्वारा घोषित किया जाता है, प्राप्त करने के लिए अपना बैंक विवरण भी अद्यतन करवाएं।

सदस्यगण नोट करें कि ईजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.okplay.co.in पर, स्टॉक एक्सचेंज, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है तथा नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी यथासमय उपलब्ध होगी। उपरोक्त सूचना एमसीए तथा सेबी द्वारा समय समय पर जारी सर्कुलर्स के अनुसरण में कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और उनके हितार्थ जारी की जा रही है।

अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों और कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, यथा संशोधित, के नियम 20 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 और सामान्य बैठक पर सचिवीय मानक (एसएस–2) के अनुपालन में सदस्यों को ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर उनका वोट एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराई गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम (ई–वोटिंग) के माध्यम से डालने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सदस्यों के वोटिंग अधिकार उनके द्वारा शनिवार, 18 मार्च, 2023 ("कट–ऑफ तिथि") को कम्पनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में धारित इक्विटी शेयरों के अनुपात में होंगे।

| | |
|---|---|
| रिमोट ई–वोटिंग अवधि का आरंभन | बुधवार, 22 मार्च, 2023 (पूर्वा. 9.00 बजे) |
| रिमोट ई–वोटिंग अवधि की समाप्ति | शुक्रवार, 24 मार्च, 2023 (अप. 5.00 बजे) |

इस अवधि के दौरान, सदस्यगण अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकते हैं। तदुपरांत एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीम में उपस्थित जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और ऐसा करने हेतु प्रतिबंधित नहीं हैं, वे ईजीम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से अपना वोट डालने हेतु ग्राह्य होंगे।

जो सदस्य ईजीम से पहले अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से डाल चुके हैं, वे भी वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीम में उपस्थित हो सकते हैं/भाग ले सकते हैं, परंतु उनको दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।

कोई व्यक्ति, जो कम्पनी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक विधि से ईजीएम की सूचना प्रेषण के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि (कट–ऑफ तिथि) को शेयर धारक है, वह evoting@nsdl.co.in पर हेल्पडेस्क को अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल में पहले से पंजीकृत है, तब मौजूदा लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड का इस्तेमाल वोट डालने के लिए किया जा सकता है।

ई–वोटिंग के संबंध में किसी पूछताछ की स्थिति में, सदस्यगण www.evotingnsdl.com के हेल्प सेक्शन के अंतर्गत सदस्यों के लिए बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू'ज) और सदस्यों के लिए ई–वोटिंग यूजर मैनुअल देखें अथवा टोलफ्री नंबर : 1800 1020 990/1800 224 430 पर कॉल करें। ई–वोटिंग के संबंध में किसी शिकायत के लिए, कृपया नामित ई–मेल आईडी evoting@nsdl.co.in पर सम्पर्क करें। श्री पुनीत कुमार पांडे, कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी को ईजीम के पहले रिमोट ई–वोटिंग/ईजीम के दौरान ई–वोटिंग प्रक्रिया के निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के लिए संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

ईजीएम का विस्तृत विवरण कम्पनी की वेबसाइट www.okplay.co.in, एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
स्थान : नई दिल्ली मीनू गोस्वामी
तिथि : 01–03–2023 कम्पनी सेक्रेटरी एवं अनुपालन अधिकारी

## भारतीय मूल के प्रोफेसर को प्रतिष्ठित मार्कोनी पुरस्कार से नवाजा जाएगा

**न्यूयॉर्क।** मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के भारतीय मूल के प्रोफेसर हरि बालकृष्णन को तार और बेतार वाले नेटवर्क, मोबाइल सेंसिंग और वितरण प्रणालियों से संबंधित अपनी मौलिक खोज के लिए प्रतिष्ठित मार्कोनी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। एमआईटी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कम्प्यूटर साइंस विभाग में कम्प्यूटर विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के फुजित्सू प्रोफेसर बालकृष्णन के नाम की घोषणा 22 फरवरी को की गई। द मार्कोनी सोसायटी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। मार्कोनी सोसायटी हर साल ऐसे नवेन्मेषकों को मार्कोनी पुरस्कार प्रदान करती है जिन्होंने आधुनिक सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से डिजिटल समावेश को बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बड़े स्तर पर समाज की समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग संबंधी अनुसंधान पर ध्यान देते हुए बालकृष्णन के कार्य ने लाखों लोगों को सुरक्षा प्रदान की है।

### एफबीआई प्रमुख ने जताई संभावना

# चीन की प्रयोगशाला से निकली कोविड महामारी

भाषा। वाशिंगटन/बीजिंग

**रे के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया में चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा हम-वायरस के मूल का पता लगाने के मुद्दे पर किसी भी तरह की राजनीतिक हेरफेर का पुरजोर विरोध करते हैं**

**एफबीआई** के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा है कि एजेंसी का मानना है कि इस बात की पूरी संभावना है कि घातक कोविड-19 महामारी वुहान में चीन की सरकार के नियंत्रण वाली एक प्रयोगशाला से निकली।

मध्य चीन के वुहान शहर से 2019 के अंत में कोरोना वायरस किस तरह फैलना शुरू हुआ, इस पर एफबीआई के गोपनीय फैसले की यह पहली बार सार्वजनिक पुष्टि है। रे ने फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा, एफबीआई ने पिछले कुछ समय से आकलन किया है कि इस बात की पूरी संभावना है कि महामारी एक शक्तिशाली प्रयोगशाला से शुरू हुई घटना है। कुछ दिन पहले ही खबर आई थी कि ऊर्जा विभाग के कम विश्वास वाले आकलन में कहा गया था कि कोविड-19 संभवतः चीन में एक प्रयोगशाला में रिसाव से पैदा हुआ। कुछ अध्ययन से यह संकेत मिलता है कि वुहान में पशुओं से मनुष्य में वायरस पहुंचा जो संभवतः शहर के सीफूड और वन्यजीव बाजार में हुआ। यह बाजार वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के पास स्थित है। मंगलवार को प्रसारित साक्षात्कार में एफबीआई प्रमुख ने यह भी कहा कि चीन वैश्विक महामारी के स्रोत का पता लगाने के प्रयासों को बाधित करने की हरसंभव कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं बस यह टिप्पणी करना चाहूंगा कि चीन की सरकार यहां काम को अवरुद्ध करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रही है। यह हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। रे ने कहा कि एफबीआई में ऐसे विशेषज्ञ हैं जो जैविक खतरों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिसमें कोविड जैसे नए वायरस मिले हैं, और इस तरह की चिंताएं कि वे कुछ बुरे लोगों के, एक शत्रु राष्ट्र, एक आतंकवादी, अपराधी के खराब हाथों में हैं। रे के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया में चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन वायरस के मूल का पता लगाने के मुद्दे पर किसी भी तरह की राजनीतिक हेरफेर का पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने बीजिंग में एक प्रश्न के उत्तर में कहा, विज्ञान के एक विषय के लिए खुफिया समुदाय को लगाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि मुद्दे का राजनीतीकरण किया गया है। अमेरिका के खुफिया समुदाय के कहानी गढ़ने के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए प्रामाणिकता नहीं के बराबर है।



माओ ने कहा कि प्रयोगशाला रिसाव वाली कहानी को हवा देकर चीन को बदनाम करने के प्रयास में अमेरिका सफल नहीं होगा, बल्कि खुद की साख खराब करेगा। उन्होंने कहा, हम अमेरिका से आग्रह करते हैं कि विज्ञान और तथ्यों का सम्मान करे और इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देना बंद करे।

## पाक प्रधानमंत्री ने करतारपुर गलियारा के लिए विशेष दूत नियुक्त किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दुनिया भर से सिख श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के प्रयासों के तहत सरदार रमेश सिंह अरोड़ा को करतारपुर गलियारा के लिए विशेष दूत नियुक्त किया है। एक सरकारी अधिसूचना में बुधवार को यह जानकारी दी गई। अधिसूचना में कहा गया है कि प्रमुख सिख नेता मानद रूप से काम करेंगे। नरोवाल में करतारपुर के रहने वाले अरोड़ा पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के केंद्रीय महासचिव भी हैं। विशेष दूत (एंबेसडर-एट-लार्ज) नियुक्त अरोड़ा का परिवार करतारपुर में सिख पवित्र स्थलों की सुरक्षा और कल्याण से जुड़ा रहा है। पाकिस्तान के अधिकारियों की सोच थी कि सिखों, विशेष रूप से भारत में रहने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण पवित्र स्थल खोलने से करतारपुर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे लेकिन ऐसा नही हो पाया। करतारपुर गलियारा पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब को भारत के पंजाब राज्य के गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक गुरुद्वारा से जोड़ता है। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानकदेव अपने जीवन के अंतिम कुछ वर्षों में करतारपुर में ठहरे थे। चार किलोमीटर लंबा गलियारा दरबार साहिब जाने के लिए भारतीय सिख श्रद्धालुओं को वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। नवंबर 2019 में, प्रधानमंत्री खान ने एक समारोह में गुरुनानक की 550 वी जयंती के उपलक्ष्य में औपचारिक रूप से करतारपुर गलिया का उद्घाटन किया, जिससे भारतीय सिख श्रद्धालुओं के लिए बिना वीजा के पाकिस्तान में अपने धर्म के सबसे पवित्र स्थलों में से एक तक जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Sreekumar.N.B. S/o Sh.N.B.K.NAIR R/o B-1/198 Aravali Apartments, Sector, 34, Noida Distt-Gautam Budh Nagar, U.P and my wife Anitha Kumari.N have changed our name to Shree Kumar & Anitha Kumari for all future purposes.
PD(90288)C

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मिस राजश्री ट्रेडिंग कंपनी/ राज कमल शर्मा/ राजश्री शर्मा/ 739005000009/ 739055000002 | एमसी नंबर 437, छत के अधिकार के बिना पहली मंज़िल, गली मंदिर वाली, नया बांस खारी बाओली, सेंट्रल दिल्ली, दिल्ली– 110006/ फरवरी 27, 2023 | जुलाई 20, 2022 रु. 1,38,20,589.69/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मार्च 02, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली आईसीआईसीआई बैंक लि.

# नड्डा ने कर्नाटक में चुनाव से पहले विजय संकल्प यात्रा आरंभ की

**भाषा।** चामराजनगर (कर्नाटक)



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे भ्रष्टाचार, कमीशन, भाई-भतीजावाद और विभाजन पर भरोसा करने वाली पार्टी करार दिया, वहीं अपनी पार्टी को कर्नाटक के विकास के लिए जरूरी बताया।

नड्डा ने चामराजनगर जिले में पार्टी की विजय संकल्प यात्रा का पहला चरण शुरू किया जिसके तहत आदिवासी समुदायों से संपर्क साधा जाएगा। इस अवसर पर नड्डा ने विश्वास जताया कि अगले कुछ महीने में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर पार्टी यहां की सत्ता में वापसी करेगी।

कर्नाटक में कुछ महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं और इससे पहले चार अलग-अलग दिशाओं से यात्रा निकलेगी। इसके लिए विशेष रूप से रथ तैयार किए गए हैं जिन्हें अगले कुछ दिन में पार्टी के केंद्रीय नेता हरी झंडी दिखाएंगे।

नड्डा ने कहा, अगर भाजपा मजबूत है तो कर्नाटक का विकास जारी रहेगा और राज्य के विकास के लिए जरूरी है कि चुनाव में हम भाजपा का और उसके चुनाव चिह्न कमल समर्थन करें। हानुरु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी है जो भ्रष्टाचार, कमीशन, भाई-भतीजावाद और विभाजन में भरोसा करती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की भाषा देखिए। उन्होंने राजनीतिक मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दी हैं और गाली-गलौज में लगे हैं। वे सभ्य भाषा में बात भी नहीं कर सकते। वे कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी , लेकिन देश कह रहा है कि मोदी तेरा कमल खिलेगा। नड्डा के आज के कार्यक्रमों में उनके साथ मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, वरिष्ठ पार्टी नेता बी एस एदियुरप्पा और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील भी थे।

इससे पहले नड्डा ने यहां माले महादेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने सोलिगा जनजातीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा, एक पवित्र स्थान से विजय संकल्प यात्रा शुरू हो रही है और मुझे विश्वास है कि भगवान की कृपा से भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में जनता का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पूरी शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है और उन्होंने देश की राजनीतिक दशा को जातिवाद, वोटबैंक और वंशवाद की राजनीति से बदलकर सबका साथ, सबक विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ सभी को साथ लेकर चलने की दिशा में कर दिया है। नड्डा ने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के शासनकाल में जनजातीय कार्य मंत्रालय के बजट में 190 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में एकलव्य विद्यालय स्थापित करने, आदिवासी अनुसंधान केंद्र खोलने समेत अनेक योजनाएं गिनाईं। उन्होंने कहा, मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि मोदी के शासनकाल में एदियुरप्पा के आशीर्वाद और बोम्मई के प्रयासों से हम यहां जनता के जीवन और आजीविका में बदलाव लाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो मार्च को बेलगावी जिले के नंदागढ़ से यात्रा के दूसरे चरण को शुरू कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन मार्च को क्रमश: बीदर जिले के बसवकल्याण तथा बेंगलुरु के पास देवनाहल्ली के अवती से यात्रा के तीसरे और चौथे चरण की शुरुआत करेंगे। पार्टी नेताओं के अनुसार इस अभियान में 50 से अधिक राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेता भाग लेंगे। यह यात्रा राज्य के 31 जिलों और 224 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

बीस दिन तक यात्रा के बाद 25 मार्च को देवनगेरे में एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे।

## विकास सहाय गुजरात के पुलिस महानिदेशक नियुक्त

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने बुधवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी विकास सहाय को राज्य का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया। इससे एक महीने पहले सहाय को प्रभारी डीजीपी नियुक्त किया गया था। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि गुजरात कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी विकास सहाय को राज्य का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया जाता है। डीजीपी आशीष भाटिया के सेवानिवृत्त होने के बाद सहाय को 31 जनवरी को गुजरात का प्रभारी डीजीपी नियुक्त किया गया था। भाटिया सेवा विस्तार पर थे।



मथुरा के पास नंदगांव में रंगों के त्योहार के उत्सव के तहत लोग नंद भवन मंदिर में होली खेलते हुए।

## बिल गेट्स ने भारत के संपर्क बुनियादी ढांचे, डिजिटल नेटवर्क को सराहा

**नई दिल्ली।** अरबपति परोपकारी बिल गेट्स ने बुधवार को कहा कि भारत में बेहतरीन डिजिटल नेटवर्क है और बहुत अच्छी कनेक्टिविटी के साथ स्मार्टफोन का काफी अधिक इस्तेमाल होता है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि भारत सबसे सस्ता 5जी बाजार होगा। भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत बुधवार को जुझारू और समावेशी अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण- डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का वादा विषय पर यहां आयोजित एक सत्र में उन्होंने यह बात कही।

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक ने भारत के प्रतिस्पर्धी निजी बाजार, भरोसेमंद और कम लागत वाले संपर्क की तारीफ की और कहा कि यह सबसे सस्ता 5जी बाजार होगा। उन्होंने कहा कि भारत में शानदार डिजिटल नेटवर्क है और स्मार्टफोन का उपयोग करने वाले लोगों का प्रतिशत बहुत अधिक है। इस मौके पर दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 2023 को एक ऐतिहासिक वर्ष करार दिया, और कहा कि डिजिटल तकनीक अब परिपक्व हो गई है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा, 5जी और क्वॉन्टम कंप्यूटिंग मुख्यधारा की प्रौद्योगिकी बनने के लिए तैयार हैं। मंत्री ने कहा कि भारत ने डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए बेमिसाल ढांचा तैयार किया है, जो लोगों के जीवन में बदलाव लाने पर केंद्रित है।

## खरगे ने विपक्षी एकता का किया आह्वान

**भाषा।** चेन्नई

● कहा, 2024 के लिए कभी नहीं कहा कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा

**आगामी** लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी एकता का आह्वान करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि इस तरह की एकजुटता के बीच यह सवाल नहीं है कि प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के 70वें जन्मदिन के अवसर पर यहां द्रमुक के एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी लाभ के लिए ध्रुवीकरण का प्रयास कर रही है जबकि जनता महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश और संविधान को बचाने के लिए एकजुट रहना जरूरी है। उन्होंने कहा, सभी समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों को विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होना चाहिए। मैंने कभी नहीं कहा कि कौन नेतृत्व करेगा, (2024 में) कौन प्रधानमंत्री बनेगा। हम (कांग्रेस) यह नहीं बता रहे हैं कि कौन नेतृत्व करेगा या कौन नेतृत्व करने जा रहा है। यह सवाल नहीं है। हम एकजुट होकर लड़ना चाहते हैं, यही हमारी इच्छा है। इसलिए, हमने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर, आजादी के नाम पर, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कई बार कुर्बानी दी है। खरगे ने कहा कि उनके दल और द्रमुक के साझा विचार एवं साझी प्रतिबद्धता है और इनके नेताओं की वैज्ञानिक नजरिए को बढ़ावा देने जैसी साझा सोच है। उन्होंने कहा कि सहयोगियों के रूप में दोनों दलों ने 2004 और 2021 के बीच चुनावी जीत हासिल की हैं तथा हमें अपने गठबंधन को और मजबूत करना जारी रखना चाहिए। खरगे ने कहा, द्रमुक और कांग्रेस की साझा सोच और समाज के सभी वर्गों के प्रति साझी प्रतिबद्धता है।

## क्विक न्यूज

### चारधाम यात्रा पर लगाए नियम न हटाए तो होगा आंदोलन

**देहरादून।** चारधाम तीर्थ पुरोहितो ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर तीर्थयात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और हिमालई धामों में उनकी दैनिक संख्या निर्धारित करने जैसे नियम न हटाए गए तो वे आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। तीर्थ पुरोहित महापंचायत अध्यक्ष सुरेश सेमवाल ने कहा कि यात्रा पर आने वाले ज्यादातर श्रद्धालु गरीब, बुजुर्ग और निरक्षर होते है और उनके लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराना आसान काम नही है। उन्होंने कहा कि यात्रा से पहले श्रद्धालुओं पर इस प्रकार की औपचारिकताएं लागू करना बिलकुल अव्यवहारिक है। पिछले साल का उदाहरण देते हुए सेमवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों से यात्रा के लिए आए कई श्रद्धालुओं को ऋषिकेश और हरिद्वार से इसलिए लौटना पड़ा था क्योंकि उन्होंने पहले से पंजीकरण नही करवाया था। सेमवाल ने कहा कि जहां तक तीर्थयात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का रिकॉर्ड रखने का सवाल है तो वह पुलिस सत्यापन के जरिए भी रखा जा सकता है। उन्होंने पंजीकरण के लिए चारों धामों का क्रम बदले जाने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि यह हिंदू परंपराओं के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा, हमारे धर्मग्रंथो के अनुसार, श्रद्धालुओं द्वारा सबसे पहले यमुनोत्री मंदिर के दर्शन किए जाने चाहिए और उसके बाद उन्हें क्रमशः गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ जाना चाहिए। लेकिन केदारनाथ और बदरीनाथ का पंजीकरण शुरू कर दिया गया है जबकि उनसे पहले खुलने वाले गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरो के लिए पंजीकरण शुरू नही हुआ है। गौरतलब है कि छह माह के शीतकालीन अवकाश के बाद यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट अक्षय तृतीया के मौके पर 22 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे जबकि केदारनाथ मंदिर के कपाट 25 अप्रैल और बदरीनाथ मंदिर के द्वार 27 अप्रैल को खुलेंगे। सेमवाल ने हिमालई धामों मे आने वाले श्रद्धालुओं की दैनिक संख्या निर्धारित किए जाने के पर्यटन विभाग के प्रस्ताव का भी विरोध किया और उसे अतार्किक बताया। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग ने यमुनोत्री के लिए श्रद्धालुओं की दैनिक संख्या 6000 प्रस्तावित की है जबकि भूधंसाव ग्रस्त जोशीमठ से गुजरकर बदरीनाथ जाने के लिए यह संख्या 18000 प्रतिदिन प्रस्तावित है। सेमवाल ने बताया कि तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने अपनी मांगो को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सामने रखा है और उन्होंने इनके समाधान का भी आश्वासन दिया है। हांलांकि, उन्होने कहा कि ऐसा नही होने पर वे टूर एंड आपरेटर समेत अन्य हितधारकों के समर्थन के साथ आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। हाल में इस मुद्दे पर सेमवाल के नेतृत्व मे महापंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला था।

### नरेंद्र गिरि मौत मामले में न्यायालय ने आनंद गिरि की जमानत याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने, अपने गुरू और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार आनंद गिरि की जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति ए.एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एहसान अमानुल्ला की पीठ ने इलाहबाद उच्च न्यायालय का आदेश बरकरार रखते हुए कहा कि फिलहाल इस स्तर पर उस आदेश मे हस्तक्षेप करने का कोई कारण नही है, जिसको एक बार चुनौती दी जा चुकी है। पीठ ने कहा, हमने याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील और प्रतिवादी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल की दलीलें सुनी और याचिका के दस्तावेज तथा विवादित आदेश का अवलोकन किया है। हमें इस पर स्तर पर उस आदेश में हस्तक्षेप का कोई कारण नही दिखता, जिसको एक बार चुनौती दी जा चुकी है। हालांकि शीर्ष अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया कि यदि परिस्थितियो मे बदलाव होता है या यदि वाजिब समय तक निचली अदालत के समक्ष मामले मे कोई प्रगति नही होती है, तो याचिकाकर्ता के पास निचली अदालत के समक्ष फिर से जमानत याचिका दायर करने का अधिकार होगा। आनंद ने उच्च न्यायालय के 9 सितंबर, 2022 के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय ने उन्हे यह कहते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया था कि आवेदक के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं और इसलिए उन्हे जमानत नही दी जा सकती। इससे पहले एक स्थानीय अदालत ने भी आनंद गिरि की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। उल्लेखनीय है कि 20 सितंबर 2021 को प्रयागराज के बाघंबरी गद्दी मठ मे महंत नरेंद्र गिरि का शव पंखे से लटका मिला था। एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था, जिसमे उन्होंने आनंद गिरि, आद्या तिवारी और संदीप तिवारी पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था।


### फरवरी में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी मे घरेलू आर्थिक गतिविधियो और उपभोक्ता खर्च मे वृद्धि के बल पर 12 प्रतिशत बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपए हो गया। हालांकि, जनवरी की तुलना मे फरवरी मे जीएसटी राजस्व मे गिरावट आई है। जनवरी, 2023 मे 1.57 लाख करोड़ रुपए का कर संग्रह हुआ था, जो अबतक का दूसरा सर्वोच्च स्तर है। अप्रैल, 2022 में एकत्रित 1.68 लाख करोड़ रुपए जीएसटी का सर्वोच्च स्तर है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को फरवरी, 2023 के जीएसटी संग्रह आंकड़े जारी करते हुए कहा कि इस महीने मे 28 दिन ही होने से अमूमन जीएसटी संग्रह अन्य महीनो की तुलना मे कम होता है। हालांकि, इस महीने मे उपकर के तौर पर 11,931 करोड़ रुपए का संग्रह हुआ जो जीएसटी लागू होने के बाद का सर्वाधिक स्तर है। मंत्रालय ने बयान मे कहा, फरवरी, 2023 मे कुल जीएसटी संग्रह1,49,577 करोड़ रुपए रहा है। इसमें केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) 27,662 करोड़ रुपए है जबकि राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह 34,915 करोड़ रुपए है। वही एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) के मद मे 75,069 करोड़ रुपए इकट्ठा हुए है। इसके अलावा 11,931 करोड़ रुपए का उपकर भी शामिल है। एक साल पहले के समान महीने मे जीएसटी संग्रह 1.33 लाख करोड़ रुपए रहा था। इस तरह फरवरी, 2023 मे जीएसटी कर संग्रह सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़ा है। यह लगातार 12वां महीना है जब जीएसटी का मासिक राजस्व 1.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। केपीएमजी के भारत मे साझेदार (अप्रत्यक्ष कर) अभिषेक जैन ने कहा कि जीएसटी संग्रह मे यह वृद्धि घरेलू बाजार के भीतर बढ़ती आत्मनिर्भरता को दर्शाती है। उन्होंने इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत भी बताया।

## सुरक्षा पर मंत्रिमंडल की समिति ने 70 बेसिक प्रशिक्षण विमानों की खरीद को मंजूरी दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा पर मंत्रिमंडल की समिति (सीसीएस) ने बुधवार को भारतीय वायुसेना के लिए 70 एचटीटी-40 बेसिक प्रशिक्षक विमानों की 6,828 करोड़ रुपए में खरीद को मंजूरी दी।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि छह साल की अवधि में विमानों की आपूर्ति की जाएगी। सिंह ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली सीसीएस ने 70 एचटीटी-40 बेसिक प्रशिक्षक विमान की 6,828.36 करोड़ रुपए में खरीद को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरकारी क्षेत्र की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विनिर्मित एचटीटी-40 एक टर्बोप्रॉप विमान है जिसे बेहतर प्रशिक्षण क्षमताओं के साथ तैयार किया गया है। सिंह ने कहा कि विमानों की खरीद का निर्णय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए नए अवसर खोलेगा और हजारों नौकरियों का सृजन होगा। उन्होंने कहा, यह रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्म-निर्भरता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय के अनुसार एचटीटी-40 में करीब 56 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है जिसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 60 प्रतिशत से अधिक किया जाएगा। उसने एक बयान में कहा, एचएएल अपनी आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई सहित निजी क्षेत्र के विनिर्माताओं को जोड़ेगा। इस खरीद के साथ 100 से अधिक एमएसएमई में लगभग 1,500 कर्मियों को प्रत्यक्ष और लगभग 3,000 लोगों को परोक्ष रोजगार दिया जा सकता है।

### तीन कैडेट प्रशिक्षण पोतों की खरीद के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3,108.09 करोड़ रुपए की कुल लागत से तीन कैडेट प्रशिक्षण पोतों की खरीद के लिए इंजीनियरिंग और निर्माण समूह लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पोतों की आपूर्ति 2026 से शुरू होने वाली है। इसने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3,108.09 करोड़ रुपए की कुल लागत वाले तीन कैडेट प्रशिक्षण जहाजों की खरीद के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दे दी है। बयान में कहा गया कि ए जहाज भारतीय नौसेना की भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बुनियादी प्रशिक्षण के बाद समुद्र में महिलाओं सहित अधिकारी कैडेट के प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसमें कहा गया, पोत राजनयिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से मित्र देशों के कैडेट को भी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। जहाजों को लोगों सुरक्षित निकालने और मानवीय सहायता तथा आपदा राहत (एचएडीआर) के लिए भी तैनात किया जा सकता है।

## आईएसआईएस से संबंध रखने के दो दोषियों को दस साल की सजा सुनाई

**भाषा।** अहमदाबाद

**एनआईए** की एक विशेष अदालत ने आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से संबंध रखने के दोषी पाए गए दो भाइयों को दस साल की सजा सुनाई है।

गुजरात के आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) ने अपने आईएसआईएस आकाओं के निर्देश पर राज्य में आतंक फैलाने की साजिश रचने के आरोप में वसीम रामोदिया और उसके छोटे भाई नईम को क्रमश: राजकोट और भावनगर से फरवरी 2017 में गिरफ्तार किया था।

यह मामला मई 2017 में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दिया गया था। मंगलवार को विशेष एनआईए अदालत के न्यायाधीश एस.के. बख्शी ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें दस साल की सजा सुनाई।

अदालत ने उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक साजिश), 121 (सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ना) और 122 (सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए हथियार इकट्ठा करना) और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत दोषी पाया।

मामले की प्राथमिकी के अनुसार, दोनों भाई एक वर्ष से अधिक समय से निगरानी में थे। प्राथमिकी में दावा किया गया है कि दोनों भाई गुजरात में हमलों को अंजाम देने की फिराक में थे और इसके बाद वे सीरिया भागने की योजना बना रहे थे।

## राजनाथ ने शहीद के पिता के साथ दुर्व्यवहार के मामले पर नीतीश से बात की

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वी गलवान घाटी में 2020 में चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष के दौरान शहीद हुए एक जवान के पिता के साथ कथित दुर्व्यवहार की खबर आने के बाद यह विषय बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष उठाया।

सूत्रों ने बताया कि कुमार ने सिंह को इस मामले में उपयुक्त कार्वाई का आश्वासन दिया। सेना के जवान जयकिशोर सिंह के पिता राज कपूर सिंह को बेटे के स्मारक के वास्ते जमीन से जुड़े एक विवाद के मामले में शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। इस गिरफ्तारी के खिलाफ बिहार के वैशाली में लोगों ने प्रदर्शन किया जहां राज कपूर सिंह का आवास है।

एक सूत्र ने कहा, रक्षा मंत्री ने इस संबंध में खबर आने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री से बात की। कुमार ने आश्वासन दिया कि इस मामले में उपयुक्त कार्वाई की जाएगी।

बिहार में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को राज्य विधानसभा में इस मामले को लेकर हंगामा किया।

जवान के पिता के खिलाफ अनुसूचित जातिजनजाति अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले उनकी एक ग्रामीण के साथ झड़प हुई थी जिसने परिवार द्वारा स्मारक के अवैध निर्माण का विरोध किया था।

## गुजरात के 560 मछुआरे पाकिस्तानी जेलों में

**गांधीनगर।** गुजरात सरकार ने बुधवार को यहां विधानसभा में कहा कि राज्य के 560 मछुआरे पाकिस्तान में जेलों में बंद हैं। गुजरात के मत्स्यपालन मंत्री राघवजी पटेल ने बताया कि इनमें से करीब आधे (274) मछुआरों को पाकिस्तान ने पिछले दो साल में पकड़ा। वह प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक शैलेश परमार के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। मंत्री ने कहा कि 193 मछुआरों को 2021 में पकड़ा गया जबकि 81 को 2022 में पकड़ा गया। पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करके पाकिस्तानी जल क्षेत्र में घुसने के आरोप में गुजरात के मछुआरों को आए दिन पकड़ती है। पटेल ने कहा कि गुजरात सरकार ने इन मछुआरों को पाकिस्तानी जेल से रिहा कराने के लिए पिछले दो साल में गृह मंत्रालय को उनकी राष्ट्रीयता के सबूत और आवश्यक दस्तावेज सौंपे हैं।

## पीएम पद के लिए स्टालिन के पक्ष में फारूक

**भाषा।** चेन्नई



**जम्मू** कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि अगर विपक्षी दल एक साथ आते हैं और अगले साल आम चुनाव जीतते हैं तो द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के शीर्ष नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के प्रधानमंत्री बनने की संभावना है।

स्टालिन के जन्मदिवस समारोह में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचने पर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री पद के संभावित उम्मीदवारों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में एकजुट विपक्ष की जीत के बाद उचित समय पर देश को एकजुट करने उसका नेतृत्व करने के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति पर निर्णय लिया जा सकता है। स्टालिन के प्रधानमंत्री बनने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, क्यों नहीं? वह प्रधानमंत्री क्यों नहीं बन सकते? विपक्षी एकता के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्टालिन और द्रमुक ने बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि जब देश की विविधता की रक्षा होती है तो एकता की रक्षा की जाती है। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी ने विपक्ष और राष्ट्रीय एकता को पोषित करने को लेकर अच्छा काम किया है।

## ब्रिटेन में नए लुक में दिखे राहुल, बाल और दाढ़ी छोटी कराई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ब्रिटेन पहुंचने के बाद नए लुक में नजर आए हैं। अब उन्होंने अपनी दाढ़ी और सिर के बाल छोटे करा लिए हैं। राहुल गांधी एक सप्ताह के दौरे पर मंगलवार को लंदन पहुंचे। उन्हें कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने समेत कुछ कार्यक्रमों में शामिल होना है।

कई कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने राहुल गांधी के नए लुक की तस्वीर ट्विटर पर साझा की। राहुल गांधी लंदन में एक कार्यक्रम में सूट और टाई पहने भी नजर आए। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने दाढ़ी और सिर के बाल बढ़ा लिए थे। उनकी बढ़ी हुई दाढ़ी को लेकर राजनीतिक टिप्पणियां हुईं थीं।

## ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा मंत्री ने की भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सराहना

**भाषा।** नई दिल्ली



**ऑस्ट्रेलिया** के शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) भारत को दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्तियों में से एक बनने के रास्ते पर ले जाएगी। क्लेयर 28 फरवरी से 3 मार्च तक भारत की यात्रा पर हैं। वह संस्थागत साझेदारी और दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उच्च शिक्षा से संबंधित ऑस्ट्रेलियाई नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) राष्ट्र में परिवर्तन लाने वाली (नीति) है। यह भारत में बदलाव लाएगी और इसकी युवा पीढ़ी को कौशल प्रदान करेगी। यह देश को दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्तियों में से एक बनने के रास्ते पर ले जाएगी।

ऑस्ट्रेलियाई मंत्री एक कार्यक्रम के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में मौजूद थे।

अपनी यात्रा के बारे में उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया बृहस्पतिवार को दोनों देशों की विश्वविद्यालय की डिग्री की पारस्परिक मान्यता के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे ताकि एक देश में पढ़ रहे छात्रों के लिए दूसरे देश में अपनी डिग्री प्राप्त करना आसान हो सके।

उन्होंने कहा, भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों के बीच 10 समझौते होंगे जो एक शानदार साझेदारी बनाने में मदद करेंगे। वर्तमान में, ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। हम पाठ्यक्रम प्रदान करने से आगे, परिसर स्थापित करने की ओर बढ़ रहे हैं।

## आठ राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की घोषित आय में आधे से अधिक भाजपा की

**भाषा।** नई दिल्ली

**आठ** राष्ट्रीय राजनीतिक दलों ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कुल 3289.34 करोड़ रूपए की आय प्राप्त होने की घोषणा की है और इसमें आधे से अधिक राशि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिली है। चुनाव सुधार के लिए कार्यरत एक प्रमुख एनजीओ ने यह जानकारी दी।

गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) एसोसिएशन फोर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने विभिन्न दलों द्वारा चुनाव आयोग (ईसी) के साथ साझा किए गए दस्तावेजों का हवाला देते हुए बुधवार को कहा कि दूसरे स्थान पर तृणमूल कांग्रेस रही है, जिसने 545.745 करोड़ रुपए की आय की घोषणा की है। यह आठ राजनीतिक दलों की कुल आय का 16.59 प्रतिशत है। भाजपा ने 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपए की कुल आय प्राप्त होने की घोषणा की जिसमें से उसने 854.467 करोड़ रुपए यानी 44.57 प्रतिशत खर्च किया। कांग्रेस की कुल आय 541.275 करोड़ रुपए रही जिसमें से उसने 400.414 करोड़ रुपए यानी 73.98 प्रतिशत खर्च किया। जिन आठ राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय राजनीतिक दल का दर्जा चुनाव आयोग से मिला है उनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस , बहुजन समाज पार्टी (बसपा), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी हैं।

एडीआर ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने 268.337 करोड़ रुपए यानी 49.17 प्रतिशत खर्च किया। इन आठ राजनीतिक दलों में से चार -- भाजपा, तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और राकांपा ने अपनी कुल आय का 55.09 प्रतिशत या 1811.9425 करोड़ रुपए चुनावी बॉंड के माध्यम से चंदे के रूप में हासिल किए। चुनावी बॉंड के माध्यम से भाजपा को 1033.70 करोड़ रुपए, तृणमूल कांग्रेस को 528.143 करोड़ रुपए , कांग्रेस को 236.0995 करोड़ रुपए और राकांपा को 14 करोड़ रुपए चंदा में मिले। एडीआर के आवेदन पर एसबीआई द्वारा साझा किए गए आंकड़े के अनुसार 2021-22 में राजनीतिक दलों ने 2673.0525 करोड़ रुपए के चुनावी बॉंड को भुनाया जिनमें 67.79 प्रतिशत राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा भुनाया गया।

# कुहनेमैन और ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को दिलाई बढ़त

**● तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन भारत की पारी मात्र 109 रन पर सिमटी, ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 156 रन बनाए**

**भाषा।** इंदौर



**बाएं** हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने अपने दूसरे ही टेस्ट में पांच विकेट चटकाए और फिर सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने अर्धशतक जड़ा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन बुधवार को यहां पहली पारी में चार विकेट पर 156 रन के साथ भारत पर 47 रन की बढ़त बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। स्पिन की अनुकूल पिच पर कुहनेमैन (16 रन पर पांच विकेट) और अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (35 रन पर तीन विकेट) ने भारत को 33.2 ओवर में 109 रन पर समेट दिया।

भारत के लिए विराट कोहली 52 गेंद में 22 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे लोकेश राहुल की जगह टीम में शामिल शुभमन गिल ने 21 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया ने इसके जवाब में ख्वाजा (60) और मार्नस लाबुशेन (31) के बीच दूसरे विकेट की 96 रन की साझेदारी से मैच में अपनी स्थिति मजबूत रखी। यह ऑस्ट्रेलिया की ओर से श्रृंखला की सबसे बड़ी साझेदारी है। दिन का खेल खत्म होने पर पीटर हैंड्सकॉम्ब सात जबकि कैमरन ग्रीन छह रन बनाकर खेल रहे थे। भारत ने उम्मीद के मुताबिक गेंदबाजी की शुरुआत रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा (63 रन पर चार विकेट) की स्पिन जोड़ी से कराई। जडेजा ने पारी के दूसरे ओवर में ही ट्रेविस हेड (09) को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा।

लाबुशेन भी इसके बाद जडेजा की गेंद को विकेटों पर खेल गए लेकिन यह नोबॉल हो गई। लाबुशेन ने इस जीवनदान का पूरा फायदा उठाया और ख्वाजा के साथ मिलकर चाय तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 71 रन तक पहुंचाया।

लाबुशेन अश्विन के पारी के 11वें ओवर में भाग्यशाली रहे जब पगबाधा की विश्वसनीय अपील पर भारत ने डीआरएस नहीं लिया और रीप्ले में दिखा कि गेंद विकेटों से टकराती।चाय के बाद भी भारत को सफलता के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। ख्वाजा ने 30वें ओवर में अश्विन की गेंद पर एक रन के साथ 102 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में ऑस्ट्रेलिया के रनों का शतक भी पूरा हुआ। जडेजा ने 108 रन के स्कोर पर नीची रहती गेंद पर लाबुशेन को बोल्ड करके भारत को दूसरी सफलता दिलाई। ख्वाजा भी इसके बाद जडेजा की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में मिडविकेट पर गिल को कैच दे बैठे। उन्होंने 147 गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे। कप्तान स्टीव स्मिथ ने 38 गेंद में 26 रन की पारी के दौरान कुछ आकर्षक शॉट खेले लेकिन जडेजा की गेंद पर विकेटकीपर भरत को कैच दे बैठे। हैंड्सकॉम्ब और ग्रीन ने हालांकि इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को और झटके नहीं लगने दिए। पहले दो टेस्ट की तरह पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिलने की उम्मीद थी लेकिन होलकर स्टेडियम की पिच पर पहले ही घंटे में गेंद ने काफी टर्न लिया और कुछ मौकों पर गेंद नीची भी रही जो थोड़ा हैरानी भरा था। पहले सत्र में सात विकेट गंवाने के बाद भारत ने दूसरे सत्र में 25 रन जोड़कर अपने बाकी बचे तीन विकेट भी गंवा दिए। कुहनेमैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उमेश यादव अगर 13 गेंद में दो छक्कों और एक चौके से 17 रन की पारी नहीं खेलते तो भारत को 100 रन के आंकड़े को पार करने के लिए भी जूझना पड़ता। इससे पहले स्पिन की अनुकूल पिच पर आक्रामक रवैया अपनाने की रणनीति भारत पर भारी पड़ी और मेजबान टीम के तीन बल्लेबाज रोहित शर्मा (12), रविंद्र जडेजा (04) और श्रेयस अय्यर (00) आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश में आउट हुए। श्रृंखला में पहली बार टॉस जीतने के बाद भारतीय कप्तान रोहित ने उम्मीद के मुताबिक पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

स्टार्क ने पहले ही ओवर में स्विंग होती गेंदों पर रोहित को परेशान किया। पहली ही गेंद ने रोहित के बल्ले का हल्का किनारा लिया लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस नहीं लिया। तीन गेंद बाद स्टार्क की अंदर आती गेंद रोहित के पैड पर लगी और इस बार भी ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस का सहारा नहीं लिया जबकि रीप्ले में दिखा कि गेंद ऑफ स्टंप से टकराती।

ऑस्ट्रेलिया ने छठे ओवर में कुहनेमैन के रूप में स्पिनर को आजमाया और उनके ओवर की अंतिम गेंद को रोहित आगे बढ़कर खेलने के प्रयास में चूक गए और विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने उन्हें स्टंप कर दिया। कुहनेमैन ने इसके बाद गिल (21) को स्लिप में स्मिथ के हाथों कैच कराया। चेतेश्वर पुजारा (01) सिर्फ चार गेंद खेलने के बाद लियोन की ऑफ साइड से तेजी से स्पिन होती गेंद पर बोल्ड हो गए। जडेजा लियोन की गेंद पर डीआरएस का सहारा लेकर पगबाधा से बचे लेकिन अगली ही गेंद को शॉर्ट एक्स्ट्रा कवर पर कुहनेमैन के हाथों में खेल गए जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 44 रन हो गया। कुहनेमैन की गेंद को विकेटों पर खेलकर अय्यर पवेलियन लौटे जिससे भारत ने शुरुआती घंटे में ही अपनी आधी टीम गंवा दी। कोहली और श्रीकर भरत (17) ने छठे विकेट के लिए 26 रन जोड़े। यह जोड़ी आत्मविश्वास से भरी नजर आ रही थी। मर्फी ने कोहली को पगबाधा किया। भरत ने मर्फी पर छक्का जड़ा लेकिन लियोन की सीधी गेंद को चूककर पगबाधा हो गए।

लंच के बाद कुहनेमैन ने अश्विन को कैरी के हाथों कैच कराया। उमेश ने लियोन और फिर मर्फी पर छक्के के साथ 31वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। कुहनेमैन ने उमेश को पगबाधा करके पहली बार पारी में पांच विकेट हासिल किए जबकि मोहम्मद सिराज (00) के रन आउट होने से भारतीय पारी का अंत हुआ।

# जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 विकेट लेने और 5,000 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय

**भाषा।** इंदौर



**स्टार** ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा बुधवार को कपिल देव के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 विकेट लेने और 5000 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए। इस 34 वर्षीय ऑलराउंडर ने भारत और आस्ट्रेलिया के बीच यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दौरान सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को पगबाधा आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। यह टेस्ट क्रिकेट में उनका 260वां विकेट था जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में विकेटों की संख्या 500 पर पहुंच गई। बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा ने 171 वनडे में 189 विकेट और 64 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 51 विकेट लिए हैं। जडेजा उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने टेस्ट मैचों में 36.88 की औसत से 2619 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक भी शामिल हैं। वनडे में उनके नाम पर 2447 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 457 रन दर्ज हैं। भारत के 1983 के विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के पहले खिलाड़ी थे। उन्होंने 131 टेस्ट में 434 विकेट और 225 एकदिवसीय मैचों में 253 विकेट लिए और इस तरह से उनके नाम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 687 विकेट दर्ज हैं। कपिल ने इसके अलावा टेस्ट मैचों में 5248 रन और वनडे में 3783 रन बनाए। कपिल और जडेजा के अलावा विश्व क्रिकेट में जिन अन्य खिलाड़ियों ने यह विशिष्ट उपलब्धि हासिल की उनमें दक्षिण अफ्रीका के जाक कैलिस (25,534 रन और 577 विकेट) और शॉन पोलाक (7,386 रन और 829 विकेट), पाकिस्तान के इमरान खान (7,516 रन और 544 विकेट), वसीम अकरम (6,615 रन और 916 विकेट) और शाहिद अफरीदी (11,196 रन और 541 विकेट), इंग्लैंड के सर इयान बॉथम (7,313 रन और 528 विकेट), श्रीलंका के चामिंडा वास (5,114 रन और 755 विकेट), न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी (6,989 रन और 667 विकेट) और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (13,445 रन और 653 विकेट) शामिल हैं।

# एंडरसन को पछाड़कर नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने अश्विन

**भाषा।** दुबई

**भारत** के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बुधवार को इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को पछाड़कर नवीनतम आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंच गए। नई दिल्ली में दूसरे टेस्ट में भारत की जीत के दौरान छह विकेट चटकाने वाले अश्विन को दो स्थान का फायदा हुआ है।

वेलिंगटन टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हार के बाद एंडरसन दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। छत्तीस साल के अश्विन टेस्ट गेंदबाजों के बीच पहली बार 2015 में शीर्ष पर पहुंचे थे। इसके बाद वह कई बार शीर्ष पर जगह बना चुके हैं।

अश्विन ने दिल्ली में भारत की जीत के दौरान पहली पारी में मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को एक ही ओवर में आउट करने के बाद एलेक्स कैरी को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा था। इस ऑफ स्पिनर ने दूसरी पारी में शीर्ष पांच में से तीन विकेट चटकाए थे जबकि उनके स्पिन जोड़ीदार रविंद्र जडेजा ने दूसरे छोर से ऑस्ट्रेलिया के बाकी बल्लेबाजों को आउट किया था।

अश्विन के पास घरेलू सरजमीं पर बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो मैच में और बेहतर प्रदर्शन करके शीर्ष पर लंबे समय तक बने रहने का मौका होगा। पिछले तीन हफ्ते में



अश्विन तीसरे गेंदबाज हैं जो टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे हैं। पिछली बार एंडरसन ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था। कमिंस नवीनतम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं।

अश्विन के 864 रेटिंग अंक हैं जो एंडरसन से पांच अधिक हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 10 विकेट चटकाने वाले जडेजा भी गेंदबाजी रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। जडेजा और अश्विन टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं। इंग्लैंड के जो रूट ऑलराउंडर की सूची में दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर हैं।

वेलिंगटन में फॉर्म में वापसी करते हुए रूट ट्रेविस हैड और बाबर आजम को पछाड़कर आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के टॉम ब्लंडेल ने शीर्ष 10 में जगह बनाई है। वह चार स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनकी उम्दा पारी से न्यूजीलैंड ने फॉलोआन खेलने के बाद इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराया। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक एक और शतक के साथ 15 स्थान के फायदे से विराट कोहली के साथ संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर हैं।

# त्रिकूद खिलाड़ी ऐश्वर्या पर चार साल का प्रतिबंध

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** की शीर्ष त्रिकूद खिलाड़ी ऐश्वर्या बाबू को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल पर चार साल के लिए प्रतिबंधित किया है।

**● अपील के लिए 21 दिन का समय**



पच्चीस साल की ऐश्वर्या को धाविका एस धनलक्ष्मी के साथ 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से बाहर कर दिया गया था क्योंकि ए स्टेरॉयड के लिए पॉजिटिव पाए गए थे जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल था।

नाडा के अपील पैनल से 13 फरवरी को प्रतिबंध का नोटिस मिलने के बाद ऐश्वर्या के पास प्रतिबंध के खिलाफ अपील करने के लिए छह मार्च तक का समय है।

ऐश्वर्या पिछले साल 13 और 14 जून को चेन्नई में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप के दौरान ओस्टेरिन के लिए पॉजिटिव पाई गई थी जो एक सिलेक्टिव एंड्रोजेन रिसेप्टर मोडुलेटर (एसआरएएम) है। ऐश्वर्या ने चैंपियनशिप में 14.14 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ त्रिकूद में स्वर्ण पदक जीता था। ऐश्वर्या को पिछले साल जुलाई में अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया गया था। नाडा ने कहा है कि ऐश्वर्या ने एनाबॉलिक स्टेरॉयड का इस्तेमाल किया जो वाडा की 2022 की प्रतिबंधित सूची में शामिल है। एजेंसी ने कहा कि खिलाड़ी ने इसके इस्तेमाल के लिए उपचार के लिए छूट नहीं ली थी। ऐश्वर्या ने अपने जवाब में कहा था कि उन्होंने प्रदर्शन में सुधार के लिए कोई प्रतिबंधित पदार्थ नहीं लिया। इस खिलाड़ी ने कहा कि फरवरी 2021 में जिम में भार उठाते हुए उन्हें चोट लगी थी और उनका कंधा खिसक गया था। उन्होंने उपचार कराया और इस चोट से उबर गईं। ऐश्वर्या ने कहा कि राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप से पहले उन्होंने कड़ी मेहनत की जिससे उन्हें उसी स्थान (कंधे) पर दोबारा परेशानी का सामना करना पड़ा।

इतने ही जज्बे के साथ ट्रेनिंग की स्थिति में चोट के दोबारा उभरने के डर से ऐश्वर्या ने इस मुद्दे पर अपने साथी जगदीश के साथ चर्चा की जो स्वयं भी एक एथलीट हैं। जगदीश ने उन्हें ओस्टेरिन दवा खाने का सुझाव दिया और दावा किया कि यह पूरी तरह सुरक्षित है और दर्द से छुटकारा दिलाने तथा मांसपेशियों को ठीक करने में मदद करेगा।

नाडा के अनुशासनात्मक पैनल ने सवाल उठाया कि आखिर क्यों ऐश्वार्या ने अस्पताल या पंजीकृत डॉक्टर से संपर्क नहीं किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी ने नियमों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया और अपने साथी की सलाह पर ओस्टेरिन ली।

पैनल ने कहा, तथ्यों, हालात, पूर्व मामलों और नियमों को ध्यान में रखते हुए फैसला किया जाता है कि खिलाड़ी ने नाडा डोपिंग रोधी नियमों के नियम 2.1 और 2.2 का उल्लंघन किया है इसलिए उन्हें चार साल के लिए अयोग्य घोषित किया जाता है। अयोग्यता का समय अस्थाई निलंबन की तारीख से शुरू होगा जो 18 जुलाई 2022 है।

# दुबई में जीते जोकोविच, लगातार 18वीं जीत दर्ज की

**भाषा।** दुबई



**शीर्ष** रैंकिंग के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में मंगलवार को यहां चेक गणराज्य के क्वालीफायर टॉमस मचेक को हराया जो ऑस्ट्रेलियाई ओपन का 10वां खिताब जीतने के बाद उनका पहला मुकाबला था।

किसी भी पुरुष या महिला खिलाड़ी के पेशेवर टेनिस रैंकिंग में सबसे अधिक समय शीर्ष पर रहने का रिकॉर्ड अपने नाम करने के बाद जोकोविच ने पहले दौर में 6-3 3-6 7-6 से जीत दर्ज की।

रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला 22वां एकल ग्रैंडस्लैम जीतने के कुछ हफ्तों बाद वापसी करते हुए जोकोविच को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। दूसरे सेट गंवाने के बाद वह तीसरे सेट में 4-। से आगे थे लेकिन 130वें नंबर के खिलाड़ी मचेक वापसी करते हुए निर्णायक सेट को टाईब्रेकर में खींचने में सफल रहे। जोकोविच ने हालांकि टाईब्रेकर में उन्हें कोई मौका नहीं दिया। अगले दौर में टेलोन ग्रीक्सपूअर से खेलने वाले जोकोविच ने मौजूदा सत्र में सभी 13 मुकाबले जीते हैं। वह लगातार 18 जीत दर्ज कर चुके हैं। जोकोविच एटीपी रैंकिंग में 378 हफ्ते शीर्ष पर रह चुके हैं। उन्होंने इस तरह स्टेफी ग्राफ को पीछे छोड़ा जो डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 377 हफ्ते तक शीर्ष पर रहीं थी।

तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने भी माटियो अर्नाल्डी को 6-4 6-2 से हराकर लगातार 10वीं जीत दर्ज की। चौथे वरीय फेलिक्स ऑगर आलियासिम ने मैक्सिम क्रेसी को 7-6 3-6 6-3 से हराया जबकि बोटिक वान डि जेंड्सशुल्प ने छठे वरीय करेन खचानोव को 7-5 6-2 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# हरमनप्रीत मुंबई इंडियन्स की कप्तान नियुक्त

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** कप्तान हरमनप्रीत कौर को शनिवार से शुरू हो रहे पहले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए बुधवार को मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किया गया। दक्षिण अफ्रीका में हाल में समाप्त हुए टी20 विश्व कप 2023 के दौरान 150 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं हरमनप्रीत को पिछले महीने नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 1.8 करोड़ रुपए में खरीदा



था। डब्ल्यूपीएल चार मार्च से मुंबई में दो स्थानों - डीवाई पाटिल स्टेडियम और ब्रेबॉर्न स्टेडियम में खेला जाएगा।

मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने बुधवार को जारी मीडिया विज्ञप्ति में कहा, हरमनप्रीत को मुंबई इंडियंस की महिला क्रिकेट टीम की पहली कप्तान नियुक्त करके हम रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय टीम की कप्तान के रूप में उन्होंने भारतीय महिला टीम को उसकी कुछ सबसे रोमांचक जीत दिलाई। चार्लोट (एडवर्ड्स) और झूलन (गोस्वामी) के सहयोग से वह (हरमनप्रीत) हमारी महिला टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित करेंगी।

# हमारी उम्मीद से ज्यादा टर्निंग रही पिच : विक्रम राठौड़

**भाषा।** इंदौर

**बल्लेबाजी** कोच विक्रम राठौड़ ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के शुरूआती दिन मेजबानों के पहली पारी में 109 रन पर ढेर होने के बाद बुधवार को कहा कि भारतीय बल्लेबाजों के लिए दिन निराशाजनक रहा क्योंकि पिच उनकी उम्मीदों से कहीं ज्यादा टर्न ले रही थी।

इसी पिच पर आस्ट्रेलिया ने स्टंप तक चार विकेट गंवाकर 156 रन बनाए और 47 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

खेल के पहले ही घंटे में गेंद टर्न लेने लगी जिसे कई ने पिच की प्रकृति को लेकर आलोचना थी। भारतीय टीम एक सत्र से जरा ज्यादा समय में ही आउट हो गई जिसमें आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन ने 16 रन देकर पांच विकेट झटके।

हालांकि राठौड़ ने कहा कि घरेलू सरजमीं पर टर्निंग पिच पर खेलना टीम का मजबूत पक्ष है।

राठौड़ ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण विकेट है। हमने जितनी उम्मीद की थी, यह उससे ज्यादा टर्न ले रहा है। ऐसा शायद नमी के कारण हो, गेंद सुबह में तेजी से टर्न ले रही थी। हम निश्चित रूप से इससे ज्यादा रन बना सकते थे लेकिन मुझे नहीं लगता कि किसी ने भी खराब क्रिकेट खेला। बल्लेबाजी इकाई के तौर पर बस यह हमारे लिए निराशाजनक दिन रहा।

टर्न लेती पिच पर खेलने के जोखिम के बारे में बात करते हुए राठौड़ ने कहा कि कभी कभार वे भी इसमें पिछड़ सकते हैं लेकिन यह हमेशा टीम की मजबूती रहेगा।

उन्होंने कहा, निश्चित रूप से बल्लेबाजी इकाई के तौर पर आप कभी कभी आउट हो सकते हो लेकिन हम अब भी टर्निंग पिच पर खेलने को तरजीह देते हैं। यह हमारी मजबूती है, बतौर इकाई हम इसमें काफी मजबूत हैं। ईमानदारी से कहूं तो यह अपनी तरह का अलग विकेट है।

राठौड़ ने कहा, मुझे नहीं लगता कि शुरूआती दो मैचों के विकेट



खराब थे। हमने जैसी उम्मीद की थी यह शायद थोड़ा सूखा है और हमने यह देखा भी। टेस्ट मैच के पहले दिन इस पर काफी ज्यादा टर्न था, जो उम्मीद से कहीं ज्यादा था।

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने कहा, क्यूरेटरों को विकेट तैयार करने के लिए बमुश्किल से समय मिला। यहां रणजी सत्र था और काफी देरी से मैच का फैसला किया गया जो धर्मशाला से यहां स्थानांतरित किया था। उन्हें काफी समय नहीं मिला।

राठौड़ को लगता है कि जैसे जैसे दिन आगे बढ़ा होगा, विकेट आसान होता गया होगा। आस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा ने 147 गेंद में 60 रन की पारी खेली और पिच सुबह की तरह इतनी तेजी से टर्न लेती नहीं दिख रही थी।

यह पूछने पर कि क्या बल्लेबाज अपनी रणनीति से भटक गए तो उन्होंने नहीं में जवाब देते हुए कहा, ऐसा नहीं है। योजना अपने डिफेंस पर भरोसा करने की थी और लूज गेंद का इंतजार करके ज्यादा से ज्यादा रन बटोरने की थी। यह उन दिनों में एक रहा जब आपका हर शॉट क्षेत्ररक्षकों के हाथ में चला गया। हमारे लिए दिन निराशानजक रहा।

आस्ट्रेलिया के बढ़त लेने पर राठौड़ ने कहा, बढ़त लेना कोई बड़ा मुद्दा नहीं है क्योंकि उन्हें इस पिच पर चौथी पारी में भी बल्लेबाजी करनी होगी। अब चुनौती उन्हें कम से कम स्कोर पर समेटने की होगी। हमें दूसरी पारी में अच्छा स्कोर बनाना होगा।

# डब्ल्यूपीएल में शीर्ष क्रिकेटरों से सीखना चाहती हैं अमेरिकी खिलाड़ी नौरिस

**भाषा।** नई दिल्ली

**अमेरिका** की तेज गेंदबाज तारा नौरिस एसोसिएट देश से शुरूआती महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में हिस्सा लेने वाली एकमात्र क्रिकेटर हैं और वह मुंबई में इस महीने के अंत में शुरू होने वाली इस टी20 प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से खेल के बारे में और अधिक जानकारी हासिल करने के लिए उत्साहित हैं।

नौरिस ने पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने चार विकेट हासिल किए हैं। उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले महीने हुई नीलामी में 10 लाख रूपए में खरीदा था।

फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में नौरिस ने कहा, इसमें कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और भाग्यशाली हूं कि मुझे उनमें से कुछ के साथ ट्रेनिंग करने का मौका मिलेगा और उम्मीद करती हूं कि उनमें से कुछेक के साथ खेलूंगी भी। मैं ज्यादा से ज्यादा सीखने की कोशिश करूंगी। उन्होंने कहा, साथ ही मैं पहले कभी भारत नहीं आई हूं। मुझे यहां परिस्थितियों और मौसम के बारे में भी सीखने को मिलेगा। नौरिस ने कहा कि वह डब्ल्यूपीएल में अपने प्रदर्शन से एसोसिएट देशों को गौरवान्वित करना चाहेंगी। उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से सभी एसोसिएट देशों को गौरवान्वित करना चाहती हूं। मैं इन सभी खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। काफी महिला खिलाड़ियों को फंड और सुविधाओं के लिए जूझना पड़ता है।

मैं एसोसिएट देशों के लिए जागरूकता बढ़ाना चाहती हूं और उम्मीद करती हूं कि अगले साल ज्यादा खिलाड़ी शामिल होंगे। डब्ल्यूपीएल चार से 26 मार्च तक कराया जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स अपने अभियान की शुरूआत पांच मार्च को ब्रैबोर्न स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ करेगी।